e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 298

गुरुवार

02.11.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता, उससे दो दो हाथ हर दिन करना जरुरी है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### डीजीपी से मिला झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल

**रांची** : फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह से पुलिस मुख्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद की विधि-व्यवस्था में सुधार के लिए डीजीपी से हस्तक्षेप का अनुरोध किया। साथ ही डीजीपी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि धनबाद जिले में नियमित रूप से व्यापारियों के साथ रंगदारी, धमकी, फायरिंग और बमबाजी की घटनाओं से जिले में व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित है। जिले में बढ़ते अपराध, रंगदारी की मांग और आये दिन प्रतिष्ठानों, व्यवसायियों और चिकित्सकों पर अपराधियों की ओर से फायरिंग की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इस कारण आज से धनबाद शहर में व्यवसायिक गतिविधियां अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दी गई है, जो राज्य के लिए चिंतनीय विषय है। कठिनाईयां इतनी भयावह है कि करवाचौथ त्यौहार जिसकी प्रतीक्षा पूरे एक वर्ष से व्यवसायी समाज करता है, के बावजूद आज धनबाद शहर की दुकानें बंद हैं। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से धनबाद जिले की विधि-व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए त्वरित कार्रवाई के लिए वहां के एसएसपी को निर्देशित करने को कहा है, जिससे आम जनजीवन को राहत मिल सके और व्यापारी भयमुक्त वातावरण में व्यापारिक गतिविधियां संचालित कर सकें।

### मराठा आरक्षण पर शिंदे सरकार के साथ आए सभी दल

**मुंबई** : महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर जारी हिंसा और आंदोलन को लेकर बुधवार को हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने शिंदे सरकार के साथ एकजुटता दिखाई और आरक्षण देने के सरकार के प्रस्ताव पर समर्थन पत्र पर हस्ताक्षर किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस (बीजेपी), एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण (कांग्रेस), शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल परब समेत अन्य नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मराठा आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक में प्रस्ताव पारित कर कार्यकर्ता मनोज जरांगे से अनिश्चितकालीन अनशन खत्म करने की अपील की गई।इससे पहले मराठवाड़ा के कई क्षेत्रों में आगजनी, तोड़फोड़ और सड़कों पर आंदोलन के चलते कुछ इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जारांगे पाटिल के अनशन पर बैठने के बाद से कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है। जगह-जगह दूसरे समर्थक भी अनशन पर बैठ गये हैं।मंगलवार को राज्य में सत्ता पक्ष के कुछ विधायकों और नेताओं के घरों पर भी हमले हुए और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। स्थिति से निपटने को लेकर बुधवार की सुबह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी।

### जमीन मापी के दौरान पुलिस एवं पब्लिक में झड़प, लाठीचार्ज

**बंशीधर नगर (गढ़वा)** : रमना थाना क्षेत्र का बहीयार मोड़ बुधवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।न्यायालय के आदेश पर विवादित भूमि की मापी करने गए प्रशासन को दुसरे पक्ष के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।देखते देखते प्रशासन और दुसरे पक्ष के लोगो मे झड़प शुरु हो गई। लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठी चार्च करना पड़ा। चर्चा है कि दो राउंड हवाई फायरिंग भी पुलिस को करनी पड़ी।हलांकि फिलहाल इसकी पुष्टी नही हुई है।दुसरे पक्ष के आक्रोश को देख कर पुलिस प्रशासन को पिछे हटना पड़ा। झड़प में न्यायालय के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के अतिरिक्त पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह,एसआई रामकांत यादव,पुलिस बल के जवान राकेश कुमार, संजय कुमार, नागेद्र कुमार जबकि दुसरे पक्ष के कुलदीप उरांव घायल है।सभी घायलो का प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

झारखण्ड की बेटियों की प्रतिभा को सुदूरवर्ती गांव में भी बड़े स्क्रीन पर देख रहे लोग

# शहर से लेकर गांव तक हॉकी का खुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : पूरे राज्य और देश में झारखण्ड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खुमार सर चढ़ कर बोल रहा है। अन्य राज्यों से लोग टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने रांची आ रहे हैं। साथ ही राज्य के शहर हो या सुदूरवर्ती गांव हर ओर एक अलग सा उत्सव और उत्साह नजर आ रहा है। तभी तो दो दिन पूर्व खूंटी स्थित अड़की क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव की महिला हॉकी खिलाड़ियों रांची आकर अंतरराष्ट्रीय मैच की गवाह बनी।

### एलईडी स्क्रीन के भी लाखों दर्शक

झारखण्ड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का फीवर राज्य के हर उम्र के लोगों में चढ़ा हुआ है। राज्य के विभिन्न जिलों में लगे एलईडी पर मैच का हो रहा सीधा प्रसारण ने इनकी उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मोबाइल एलईडी वैन के जरिए भी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच दिखाए जा रहे हैं। जहां एलईडी स्क्रीन नहीं हैं, वहां जिला प्रशासन द्वारा बड़े स्क्रीन पर मैच का प्रसारण किया जा रहा है। जबकि रांची में स्टेडियम के बाहर मोरहाबादी मैदान में बने टाइम स्क्वायर में भी लोग मैच का आनंद ले रहें हैं, ताकि देश में पहली बार झारखण्ड की मेजबानी में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के साक्षी बन सकें।

### सिमडेगा, खूंटी और गुमला में उत्साह

झारखण्ड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में खेल रही खूंटी की निक्की प्रधान, सिमडेगा की सलीमा टेटे और संगीता कुमारी के गांव में उत्साह का माहौल है। निक्की प्रधान, सलीमा टेटे के करंगा गुड़ी और संगीता कुमारी के गांव में हर दिन शाम ढलते ही पूरे गांव के लोग बड़े से स्क्रीन पर मैच का लुफ्त लेते हैं। कोई खुशी से झूमता है तो कोई गांव की बेटी को आशीर्वाद देते हुए भारतीय टीम की जीत की कामना करता है।



**पूरे राज्य और देश में झारखण्ड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खुमार सर चढ़ कर बोल रहा है।**

### बेटियों के परिजन देख रहे मैच

मुख्यमंत्री के निर्देश पर भारतीय टीम में शामिल झारखण्ड की तीन बेटियों के परिजनों को मैच देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। निक्की प्रधान के परिजनों ने मैच देखा भी है। वहीं सलीमा टेटे और संगीत कुमारी के परिजन भी अन्य गांव वालों के साथ मैच देखने आयेंगे। इसके लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, राज्य के विभिन्न खेल प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल की बारीकियों से अवगत होने स्टेडियम पहुंच रहें हैं।

## सीएम की अध्यक्षता में झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी के निदेशक मंडल की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रालय में झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी।के निदेशक मंडल की बारहवीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग-सह-निदेशक जियाड अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग-सह-निदेशक जियाडा अमिताभ कौशल, सचिव, उद्योग विभाग-सह-निदेशक जियाडा जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव, भवन निर्माण विभाग सुनील कुमार, उद्योग निदेशक-सह-प्रबंध निदेशक जियाडा भोर सिंह यादव, बोकारो एवं आदित्यपुर जियाडा प्रक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक उपस्थित थे।

**झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी के निदेशक मंडल की बारहवीं बैठक में इन प्रस्तावों पर मिली स्वीकृति**

* आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के सप्तम् चरण के समीप आईटी उद्यम के प्रयोजनार्थ आरक्षित रकवा- 2.89 एकड़ भूमि को शैक्षणिक संस्थान एवं व्यवसायिक इकाईयों हेतु आरक्षित करने की स्वीकृति भूतलक्षी प्रभाव से देने की सहमति दी गई।

* सर्वश्री अंजानिया इस्पात लिमिटेड को पूर्व में आवंटित भूखण्ड सं0- ह्स-27, रकबा -10000 वर्गफुट भूखण्ड के बदले में अन्यत्र भूखण्ड का दखल कब्जा देने की स्वीकृति दी गई।

* जियाडा के आदित्यपुर प्रक्षेत्र अन्तर्गत पूर्वी सिंहभूम के मौजा- रोवाम, मुर्गागुटू एवं तेतुलडांगा में अवस्थित औद्योगिक इकाईयों हेतु बिजली आपूर्ति करने के लिये सब-स्टेशन अधिष्ठापन की स्वीकृति दी गई।

* मेसर्स ओरिएंट क्राफ्ट फैशन पार्क वन एलएलपी होटवार औद्योगिक क्षेत्र, राँची के द्वारा 18.00 एकड़ भूमि प्रत्यर्पित करने के पश्चात् राजस्व मद में बकाया एवं अन्य राशि के समायोजन के उपरांत जमा आधिक्य राशि 9.87.47.152 रुपया मात्र को इकाई के वित्त पोषित संस्थान यस बैंक को वापस करने के प्रस्ताव पर नियमानुसार संलेख को कैबिनेट की बैठक में लाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

* स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प के आलोक में प्राधिकार के कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

* जियाडा अन्तर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों में आकस्मिक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के रख-रखाव हेतु क्षेत्रीय निदेशक द्वारा व्यय की जानेवाली राशि से संबंधित वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजित के एसओपी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

* जियाडा, संथाल परगना प्रक्षेत्र अंतर्गत दुमका जिला के जामा अंचल के खिजुरी मौजा में हस्तांतरित 2.86 एकड़ भूमि राईस मिल की स्थापना हेतु भूमि आरक्षित करने की स्वीकृति दी गई।

* जियाडा अन्तर्गत राँची प्रक्षेत्र, आदित्यपुर प्रक्षेत्र एवं संथाल परगना प्रक्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना निर्माण हेतु पथ निर्माण विभाग द्वारा तैयार डीपीआर पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

* जियाडा, आदित्यपुर प्रक्षेत्र में संविदा पर नियुक्त 12 अदद कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर जियाडा निदेशक मंडल के निर्णय उपरांत संविदा पर नियुक्त के 12 संविदा कर्मियों के महंगाई भत्ता को स्वीकृत करते हुए भविष्य में सदृश मामलों के लिए प्रबंध निदेशक को प्राधिकृत किया गया।

* जियाडा के चारो प्रक्षेत्रों में फैसिलिटी मैनेजमेंट प्लम तैयार करने हेतु अनुभवी परामर्शी की नियुक्ति की स्वीकृति दी गई।

## एशियन पैरा गेम्स के खिलाड़ियों से मिले प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन पैरा गेम्स में भाग लेने वाले भारतीय दल से बातचीत के दौरान देश की अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों पर हमला किया. इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि देश को आप पर गर्व हैं.पीएम मोदी ने कहा,साल 2014 में हुए एशियन पैरा गेम्स में भारत ने जीतने मेडल जीते थे, ये उससे तीन गुना ज्यादा है. 2014 की अपेक्षा में हमें इस बार लगभग दस गुना ज्यादा गोल्ड मेडल मिले हैं. साल 2014 में हम 15वें स्थान पर थे, लेकिन इस बार आपने देश को टॉप 5 में लाकर रख दिया. देश भी पिछले नौ साल में अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में दस पर से पांच पर पहुंचा.उन्होंने दावा किया कि इसी दशक में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीन पर पहुंच जाएगा. साल 2047 में देश विकसित भारत बनकर रहेगा. पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी ने सिर्फ पिछले रिकॉर्ड तोड़े हैं, बल्कि उन्हें धाराशाही कर दिया है. आप लोग 111 मेडल लेकर घर लौटे हैं. इसको लेकर देश को आप पर गर्व हैं. दरअसल भारत ने एशियाई पैरा खेल में 29 स्वर्ण सहित कुल 111 पदक जीते.पीएम मोदी ने बिना नाम लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधा. उन्होंने कहा,देश में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी पहले भी थे, लेकिन उन्हें सपोर्ट करने वाली नीतियां नहीं थी. अच्छी कोचिंग की व्यवस्था नहीं थी. जरूरी आर्थिक मदद भी खिलाड़ियों को नहीं मिलती थी, लेकिन पिछले नौ साल में देश पुरानी सोच और व्यवस्था से बाहर निकल गया.उन्होंने आगे कहा कि कई ऐसे खिलाड़ी है जिन पर कि चार से पांच करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं.

### आदिवासी जनजाति महासंघ नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में आदिवासी जनजाति महासंघ नेपाल के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नेपाल से पहुंचे आदिवासी जनजाति महासंघ के प्रतिनिधियों से वहाँ के आदिवासी समुदाय की आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री से मुलाकात कर प्रतिनिधिमंडल के सदस्य काफी उत्साहित दिखे तथा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में नेपाल के पूर्व सांसद सूर्यदेव दास उराँव सहित ध्यानी उरांव, सुशीला कुमारी उरांव, मोतीलाल उरांव, हरदीप उराँव, नीरज मुंड एवं अन्य उपस्थित थे।

## वापस आ चुके हैं 2,000 रुपये मूल्य के 97 प्रतिशत नोट: रिजर्व बैंक



एजेंसी

**मुंबई** : चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपये मूल्य के 97 प्रतिशत से ज्यादा नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 10,000 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही लोगों के पास रह गए हैं. भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी. रिजर्व बैंक ने इस साल 19 मई को 2,000 रुपये मूल्य के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी. इन नोटों को बैंकों में जमा करने के साथ अन्य मूल्य वर्ग के नोटों से बदलने की सुविधा लोगों को दी गई थी.रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना में कहा,चलन में मौजूद 2,000 रुपये मूल्य के नोटों का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था. अब यह घटकर 31 अक्टूबर, 2023 को 10,000 करोड़ रुपये रह गया है.आरबीआई के मुताबिक, इस तरह 19 मई, 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये मूल्य के कुल नोट में से 97 प्रतिशत से अधिक नोट अब वापस आ चुके हैं.हालांकि अब बैंकों में इन नोटों को नहीं जमा किया जा सकता है. लेकिन रिजर्व बैंक के 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट जमा या बदले जा सकते हैं.







# स्थानीय विधायक ने 4.38 करोड़ से बनने वाले कालीकरण पथ का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही ने 4.38 करोड़ की लागत से पतरिहा से कुम्बा खुर्द तथा शिवपुर से बभनी तक कालीकरण पथ निर्माण का शिलान्यास बुधवार को किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि कुम्बा के ग्रामीणों का वर्षो का सीधे मुख्यालय से जुड़ने का सपना पतरिहा से कुम्बा तक कालीकरण पथ 3.75 करोड़ की लागत से बनने वाले पथ के शिलान्यास से सीधे पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुम्बा को विजली, पानी, सिचाई, विजली के साथ साथ बच्चो को शिक्षा का व्यवस्था भी मेरे द्वारा कुम्बा को हमने देने का कार्य किया है।आज इन्हें सीधे मुख्यालय से जोड़ने के लिए कालीकरण पथ का कार्य भी प्रारंभ हो गया। कुछ ही समय मे यह रोड बन कर तैयार हो जाएगा। उन्होंने बिना नाम लिए अपने विपक्षी को कहा कि गावँ-गावँ हर चलाईब हम, हाल चला के धन रोपब हम काटे आई दूसर कोई। उन्होंने कहा कि हम ताल ठोक कर कहते है कि दोनों लोग अपना पूरा दम लगा ले लेकिन धान हमहि काटब। उन्होंने कहा कि यहां जब शादी विवाह के लिए है रिश्तेदार यहां आते थे तो आप के साथ-साथ मुझे भी गाली देते थे। अब उससे हमे और आप दोनों को इससे छुटकारा हो जाएगा। आपने मुझे तीन बार विधायक बनाया है, हर बार मैंने पूरी ईमानदारी से, पूरी निष्ठा से आपका सेवा करने का कार्य किया है।किसी भी प्रकार का कोई बेमानी नहीं किया। दिखावा नहीं किया। हर समय कुछ कर गुजरने का जज्बा जो हमारे अंदर है। कुम्बा जैसे पिछड़े गावँ को धीरे-धीरे विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक विधायक को 1 साल में 15 किलोमीटर पक्की सड़क बनाने का फंड मिलता है। 5 साल में 45 किलोमीटर सड़क बनाया मेरे द्वारा बनाया जा सकता है। जो मेरे द्वारा किया जा रहा है। हमारे विधानसभा क्षेत्र में 400 गांव हैं। श्री शाही ने कहा कि कुम्बा ग्राम हमारे मुंह में नहीं, हमारे दिल में बसता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, हलिवंता पंचायत के मुखिया राकेश चौबे, भगत दयानंद यादव, ललिता देवी, दयानंद भगत, मुकेश चौबे, लवली आनंद, पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, अशोक सिंह, राधा चौधरी, मधुलता कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जमीन मापी के दौरान पुलिस एवं पब्लिक में झड़प, लाठीचार्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमना थाना क्षेत्र का बहीयार मोड़ बुधवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। न्यायालय के आदेश पर विवादित भूमि की मापी करने गए प्रशासन को दुसरे पक्ष के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। देखते देखते प्रशासन और दुसरे पक्ष के लोगो मे झड़प शुरु हो गई। लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठी चार्च करना पड़ा। चर्चा है कि दो राउंड हवाई फायरिंग भी पुलिस को करनी पड़ी। हलांकि फिलहाल इसकी पुष्टी नही हुई है। दुसरे पक्ष के आक्रोश को देख कर पुलिस प्रशासन को पिछे हटना पड़ा। झड़प में न्यायालय के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के अतिरिक्त पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, एसआई रामकांत यादव, पुलिस बल के जवान राकेश कुमार, संजय कुमार, नागेद्र कुमार जबकि दुसरे पक्ष के कुलदीप उरांव घायल है। सभी घायलो का प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। दुसरे पक्ष के हरिहर उरांव के मुताबिक दर्जन भर से अधीक महिला पुरुष भी घायल हुए है। जिनका इंलाज नीजी चिकित्सालय में किया गया। घटना के बाद विवादित स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रमना थाना के अतिरिक्त विशुनपुरा, श्री बंशीधर नगर, मेराल थाना के साथ साथ पुलिस लाईन से भी जवान को बुला लिया गया है। विदित हो कि प्रेमनाथ उरांव वगैरह तथा हरिहर उरांव वगैरह में चल रहे केश नंबर 3/2023 में प्रेमनाथ उरांव के पक्ष में फैसला आने के बाद दखल -दहानी कराने प्रशासन गई थी।

## भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह ने एस्क्लेपियस आयुर्वेद क्लिनिक का किया उद्घाटन



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला नवीनगर मुख्य मार्ग पर ग्राम दरुआ मोड़ (हुसैननगर) में एस्क्लेपियस आयुर्वेद क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस क्लिनिक का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन करने के बाद उन्होंने क्लिनिक के संचालक डॉ पच्चु कुमार रवि से विभिन्न बिमारीयो से संबंधित आयुर्वेद से होने वाले इलाज को सूक्ष्म तरीके से जाना। उद्घाटन में मुख्य रूप से कर्नल संजय सिंह के अलावा महुअरी पंचायत के पंसस बद्रीनारायण सिंह पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर किसान ब्रिगेड सदस्य चंचल सिंह मनोहर सिंह सुभाष कुमार क्लिनिक के सहायक मुकेश कुमार व स्थानीय निवासी कैलाश राम दशई राम गुदन राम अक्षय कुमार समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। जानकारी देते हुए कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में आयुर्वेद क्लिनिक खुलने से आम लोगों और गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि डॉ. पच्चु कुमार रवि ने मानव सेवा के उद्देश्य से अपने कार्यो का निष्पादन कर रहे हैं इसके लिए इन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। डॉ. पी. कुमार रवि ने बताया कि यह क्लिनिक खोलने का उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों के लोगो को बड़ी आसानी से आयुर्वेद द्वारा सस्ते दर में इलाज मुहैया कराना है साथ ही उन्होंने कहा कि गरीबों का सेवा ही करना सबसे बड़ा धर्म है।

## महायज्ञ को सफल बनाने के लिए महिलाओं का हुआ जुटान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा समिति की ओर से यज्ञ स्थल हाउसिंग कॉलोनी में महिला प्रकोष्ठ की बैठक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य सह महिला प्रकोष्ठ की संयोजक मीना गुप्ता ने किया। मौके पर महिला संयोजक मीना गुप्ता, अंजू सांगा, श्वेता तिवारी, रानी शर्मा ने उपस्थित सभी महिलाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं महायज्ञ की रूपरेखा से अवगत कराया गया। उपस्थित सभी महिलाओं ने कलशयात्रा को भव्य और विशाल बनाने पर चर्चा की। इस दौरान डोर टू डोर कैंपेन, प्रतिष्ठित एवं प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं से संपर्क और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने पर बल दिया गया। मौके पर महायज्ञ समिति की मीना गुप्ता ने बताया कि महिलाओं के लिए कलश की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं एकरूपता के लिए महिला कलशयात्रियों के बीच 2000 साड़ियों का वितरण भी किया जाएगा। इसके अलावा महायज्ञ समिति की महिला प्रकोष्ठ को मजबूत बनाया जाएगा ताकि महिलाओं को यज्ञ के दौरान कोई दिक्कत नहीं हो। वहीं पलामू में आयोजित महायज्ञ की चर्चा महाजन श्री के मुख से देश-विदेश के मंचों पर हो, उसके लिए भव्यता, नव्यता, सुंदरता लाने के लिए सुझाव एवं सलाह देने का आग्रह किया गया। इस दौरान शिव चर्चा, गायत्री परिवार, कई अन्य समिति एवं संगठन की महिलाओं ने भजन संध्या में सम्मिलित होने एवं महायज्ञ में महिलाओं को सुव्यवस्था मुहैया कराने में हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पुष्पा तिवारी, सुजाता सिंह, संजू शुक्ला, रेणु देवी, वार्ड पार्षद चंचला चंद्रवंशी, पूर्व पार्षद किरण अग्रवाल, भाजपा नेत्री उषा मखड़िया समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।

## मुख्यमंत्री मंत्री गाड़ी योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में झारखंड मुकञमंत्री गाड़ी योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस योजना के प्रखंड स्तरीय समिति के प्रखंड विकास पदाधिकारी अध्यक्ष होंगे।पंचायत राज पदाधिकारी, सभी पंचायत समिति सदस्य, संबंधित प्रखंड के बैंकों के शाखा प्रबन्धक सदस्य होंगे। बैठक सह प्रशिक्षण में योजना से संबंधित पंचायतों को, शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों, व्यवसायिक केंद्रों को प्रखंड मुख्यालयों को जोड़ने के लिए खाका बनाया बनाया गया। जिसमे मुख्य संस्थानों की कनेक्टविटी जोड़ने के लिए कार्य योजना पर विचार किया गया। उप प्रमुख-सह-पंचायत समिति सदस्य द्वारा कुंबखुर्द से पतरिहा होते हुए हुलहुला खुर्द मार्ग से नगर उंटारी भाया भोजपुर, कधवन, कोलझिकि तक का मार्ग प्रस्तावित किया गया। बम्बा, बरडीहा, मगरदह होते भाया नगर उंटारी होते गरबाँध के पाटगढ़ तक का मार्ग प्रस्तावित किया गया। उपरोक्त दोनो मार्ग को सर्व सम्मति से पारित करते हुए एक नए मार्ग विलासपुर से नगर उंटारी होते हुए जिला मुख्यालय तक का मार्ग प्रस्तावित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य गणेश प्रताप देव, रविंद्र राम, कृष्णा राम, पुष्पा देवी, सैयद अंसारी, राधा देवी सहित कौशल कुमार अनिल सिंह, विटेंडर्स सिंह, प्रशांत कुमार, नंद कुमार मेहता, बैंको के शाखा प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

## बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत राकृत मध्य विद्यालय भैरोंपुर परिसर में वुधवार को भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित एनडीआरएफ डिजास्टर रिस्पांन्स फोर्स टीम के बैनर तले जागरूकता अभियान चलाकर विद्यालय के कक्षा 1 से 8 वीं छात्र छात्राओं को घातक जैसे हाड अटैक हृदय गति भुकंप बाढ़ आदि बिमारी से बचाव हेतु को लेकर छात्र छात्राओं के समक्ष प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर एनडीआरएफ नेशनल टीम के मुख्य कमांडर रविकांत ने बताया कि समस्त झारखंड प्रदेश में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित के माध्यम से एनडीआरएफ नेशनल रिस्पांस फोर्स टीम द्वारा प्राकृतिक आपदा भुस्खलन भुकंप ज्वालामुखी विस्फोट व मानव आपदा सड़क दुघर्टना दिल का दौरा लाइफ जैकेट तैयार अन्य बिमारी से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाकर छात्र छात्राओं को अन्य से बिमारी मुक्त करना पहली प्राथमिकता दी जा रही है वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशिकांत खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में चयनित किया गया सेफ्टी के लिए उसे लेकर धन्यवाद कहा और भविष्य में हमारा भारत देश स्वच्छ भारत बन सके मौके पर एस एसपी टीम कमांडर रविकांत कुमार एस एस आई मुकेश कुमार वृजेश कुमार सिंह प्रधानाध्यापक शशिकांत विद्यालय प्रबंधक समिति अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह शिक्षक पंचम कुमार सिंह शिक्षक अभिमन्यु कुमार शिक्षक दिनेश कुमार सिंह रंजू देवी वार्ड सदस्य राधीका देवी समाजसेवी लालू प्रसाद सिंह ज्वाला सिंह उदय कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बंशीधर नगर धुरकी मार्ग में बोल्डर ओवरलोडेड हाईवा पलटा, कोई हताहत नहीं



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी धुरकी मुख्य मार्ग पर अहले सुबह पत्थर ओवरलोड हाइवा पलट गया। जिसमे किसी के हताहत की कोई खबर नही है। घटना बुधवार के दोपहर करीब 12 बजे का बताया जाता है।जहां बंशीधर नगर धुरकी मुख्य मार्ग में डायवर्सन और गार्डवाल का कार्य प्रगति पर है, गार्डवाल के कार्य में काम आने वाले बोल्डर को हाइवा लोड करके अमवार से धुरकी होते हुए बरडीहा मोड पर हो रहे कार्य में लगाने के लिए लाया था। बरडीहा मोड पर ओवरलोडेड बोल्डर लोड हाईवा असंतुलित होकर मोड़ पर पलट गया। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुई और चाक हाईवा के पलटने से पहले ही गाड़ी से बाहर कूद चुका था। घटना की सूचना मिलते ही नगर उंटारी थाना पुलिस घटना स्थल बरडीहा मोड पर पहुंच मामले की पूछताछ किया। पुलिस ने ड्राइवर से गाड़ी मालिक से बात कर जल्द से जल्द सड़क किनारे से हाईवा को उठवाने का निर्देश देते हुए प्रशासन सड़क से बोल्डर को हटवाने का निर्देश दिया।

## उत्पाद विभाग ने की छापेमारी, 107 लीटर महुआ शराब किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने थाना क्षेत्र के अंबा, हरिहरगंज बाजार, पासी टोला अररुआ खुर्द एवं पाठक बिगहा में छापेमारी अभियान चलाया। उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि छापेमारी के दौरान तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। तथा दो व्यक्ति भागने में सफल रहे। छापेमारी के दौरान करीब 107 लीटर महुआ से निर्मित शराब तथा 225 किलो जावा महुआ को जप्त किया गया है। गिरफ्तार एवं फरार अभियुक्त के खिलाफ उत्पाद अधिनियम कि सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। इससे अवैध शराब कारोबारीयों में हड़कंप है। इस अभियान में सहायक अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश के अलावे उत्पाद विभाग के कई कर्मी शामिल थे।

## कोल्हुआ ग्राम के ग्रामीणों ने दबंग के खिलाफ दिया थाना में आवेदन, कानूनी करवाई की किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** ग्राम कोल्हुआ के सांडो टोला के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को आवेदन दे कर ग्राम के ही ओम पिताम्बर गुप्ता ने सभी को जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते गाली गलौज किया है।सभी ग्रामीणों ने थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह से ओम पीताम्बर गुप्ता पर कानूनी करवाई का मांग किया है। बताते चले कि विगत 16 अक्टुबर को ओम पिताम्बर गुप्ता ने कोल्हुआ के सांडो टोला के ग्रामीणों को मुख्यालय तक आने जाने वाले रास्ते जो पइन के बांध से हो कर गुजरता है को जेसीबी लगवा कर कटवा कर बंद करवा दिया था।जिसकी सूचना अंचल पदाधिकारी तथा थाना प्रभारी को लिखित में दिया गया था। जिसका खबर दैनिक अखबार प्रभात मंत्र के 17 अक्टुबर के अंक में दबंगो की दबंगई से परेशान है ग्रामीण, जेसीबी लगवाकर रास्ता खुदवा कर करा दिया बंद शीर्षक से छपा था।ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते के विवाद को निपटाने के लिए ग्रामीणों ने मुखिया पति राजकुमार राम की अध्यक्षता में बैठक रखा गया था।ग्रामीणों ने बताया कि इसी दौरान ओम पीताम्बर गुप्ता वहाँ पहुच कर मुखिया पति सहित जुटे सभी ग्रामीणों को जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गली गलौज करने लगा।ग्रामीणों ने कहा है कि अगर इस बार भी आरोपी पर कानूनी करवाई नही किया गया तो उच्च पदाधिकारियों के पास जायेगे।इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि ओम पीताम्बर गुप्ता आपराधिक प्रवृत्ति किस्म का आदमी है। इससे पूर्व में कई लोगो के साथ मारपिट की कर चुका है। इससे पहले भी अपने ही चचेरे भाई पर जान लेवा हमला कर चुका है। इसके खिलाफ कई मामले भी दर्ज कराए जा चुके है। आये दिन ग्रामीणों को मारने पीटने के साथ जान से मारने की धमकी देता रहता है।थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन में मुखिया पति राजकुमार राम,रमा शंकर राम, धर्मेन्द्र कुमार पासवान, राजेन्द्र राम, प्रेम चंद पासवान, प्रेमचंद्र भोगता, भरदुल पासवान, राम पवन गुप्ता, उपेंद्र राम, धीरेन्द्र कुमार गुप्ता, रमेश राम, दशरथ पासवान, बसंत राम, रोहित पासवान, नागेंद्र राम, राजेन्द्र राम, देव कुमार खेरवार, विश्वनाथ राम, रघुनाथ पासवान, कमला सिंह, कामेश्वर राम, बबलू राम, अरुण राम, परसु राम सिंह, राजन कुमार गुप्ता, बुधनी देवी, हमशानिया देवी, मीना देवी, गौरी देवी, दीपक कुमार, छोटे लाल राम, लखन भोगता, लालू प्रसाद गुप्ता सहित अन्य के हस्ताक्षर थे।

## दिहाड़ी मजदूर यूनियन ने बालू के सवाल पर लगाया मजदूर महापंचायत

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एटक से संबद्ध झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन के बैनर तले गुरुवार को बालू के सवाल पर समाहरणालय परिसर में मजदूर महापंचायत लगाया गया। जहां वक्ताओं ने राज्य सरकार से बालू के सवाल पर चुप्पी तोड़ने और बालू सबके लिए सस्ता व सर्वसुलभ कराने की मांग की। इसके पूर्व मजदूरों की एक रैली शिवाजी मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए कचहरी परिसर पहुंची। रैली में शामिल मजदूर हाथों में लाल झंडा और तख्तियां लिए नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। जल, जंगल, जमीन हमारा है, बालू के सवाल पर सरकार चुप्पी तोड़ो, बालू सबके लिए सस्ता और सर्वसुलभ करो, बालू को माफियाओं के चंगुल से मुक्त करो और बालू समस्या का स्थाई समाधान करो आदि मांग को लेकर मजदूरों ने समाहरणालय पहुंचकर आक्रोषपूर्ण नारेबाजी की। मजदूर महापंचायत की अध्यक्षता दिहाड़ी मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष गौतम कुमार और संचालन महासचिव राजीव कुमार ने किया।

## 26, 27, 28 नवंबर 2023 को संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त श्रमिक संगठनों की ओर से राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय महा पड़ाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी डाकबंगला (पुराना)परिसर में बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा गढ़वा जिला परिषद का सम्मेलन श्रीराम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सम्मेलन में देश के हित में लड़ते हुए शहीद साथियों, सेना के जवानों एवं निर्दोष फिलिस्तीन एवं गाजा में मारे गये लोगों के प्रति एक मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। सम्मेलन में उदघाटन भाषण करते हुये भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक ने कहा की फिलिस्तीनी मुद्दे के साथ एकजुटता के लिए समर्पित है. उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से अब तक की सबसे खराब मानवीय त्रासदी वाले क्षेत्र में शांति लागू करने की मांग की. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अखिल भारतीय किसान सभा ने पूरे देश में फिलिस्तीन के समर्थन में लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है। लोगों के अमानवीय तरीके से इजरायल के द्वारा हमले की पुरजोर विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता आंदोलन में किसान एवं मजदूर वर्ग की भूमिका आज भी प्रासंगिक है। कई राज्यों में जुलूस और सार्वजनिक सभाएँ आयोजित कर इजराइल का विरोध किया जा रहा है. उन्होंने कहा की किसान विरोधी कानून के विरोध में दुनिया का सबसे बड़ा आंदोलन किसान आंदोलन ने मोदी सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया. उन्होंने कहा कि आज देश के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान को बचाने के लिए, देश के संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए आगामी होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करें,तभी देश के किसान मजदूर की भलाई हो सकता है. लोकसभा एवं विधानसभा में अपने किसान मजदूर के हित मे काम करने वाले सिपाही को चुनकर भेजे. पाठक ने कहा कि देश में मोदी की सरकार धर्म के नाम पर नफरत की राजनीति कर सता में पुनः वापस आने के लिए जदोजेहद कर रही है.धर्म के नाम पर लोगों को लड़ने के लिए हर संभव प्रयास भारतीय जनता पार्टी कर रही है, इसीलिए समय की मांग है कि किसान मजदुर संगठन को मजबूत बनाये। उनके हक और अधिकार के लिए सड़कों पर उतरे। लोकसभा और विधानसभा की चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर नौजवानों को जोड़ें. देश की आधी आबादी महिलाओं को संगठित कर महिलाओं के मजबूत संगठन बनाने की जरूरत है. आज की स्थिति में महिलाएं पुरुषों से भी ज्यादा आगे बढ़कर के काम कर रही है.उन्होंने आगामी 26, 27 व 28 नवंबर को राष्ट्रव्यापी महापड़ाव को सफल बनाने के लिए 26 नवंबर को रांची में हजारों की संख्या में शामिल होने की अपील किया। सम्मेलन को राज्य कार्यकारिणी के सदस्य गणेश सिंह ने संबोधित करते हुये किसान मजदूर की एकता को बनाए रखने के लिए एकजुट होने की अपील किया.कार्यकारी जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने सांगठनिक एवं राजनीतिक प्रतिवेदन पेश किया. अखिल भारतीय किसान सभा के सम्मेलन में 11 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया। सर्व समिति से श्री राम को जिला सचिव एवं मुना राम को जिलाध्यक्ष चुना गया।

## डेढ़ माह से आकाश दीप गायब, पिता लगा रहे हैं खोजबीन का गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** थाना क्षेत्र के बजरमरवा निवासी मजदूर आकाशदीप गुप्ता पिछले डेढ़ माह से मोहाली से लापता है। लापता लड़के के पिता नंदलाल गुप्ता ने इसकी गुहार खरौंधी थाना तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से लगा चुके है। लेकिन किसी ने लापता लड़के के खोजने में रुचि नहीं ली। जिससे घर परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। लड़के के पिता नंदलाल गुप्ता ने बताया 20 वर्षीय आकाशदीप गुप्ता पिछले 3 सितंबर को गांव के ठेकेदार कुंजबिहारी यादव चंडीगढ़ के मोहाली में सरिया सेटिंग का काम करवाने ले गया था। वहां पहुंचकर 5 सितंबर से आकाशदीप गुप्ता काम करने लगा। लगातार 11 सितंबर तक काम भी किया। जिसका हाजिरी कार्ड भी है। काम करने के दौरान वही से 12 सितंबर से गुम हो गया है। इसके बाद काफी खोजबीन किया लेकिन अभी तक कही पता नही चला। जिससे घर परिवार के लोग काफी परेशान है। लापता लड़का के बारे में साथ ले जाने वाले ठेकेदार कुंजबिहारी यादव भी सही जानकारी नहीं दे रहा है। मैं लापता लड़का को खोज के लिए मोहाली ठेकेदार कुंजबिहारी यादव के पास गया। वहां जाने के बाद पता चला कि सभी मजदूर के साथ बिहार के तीन लड़के भी रहते थे। उक्त तीनों बिहारी लड़के भी आकाशदीप गुप्ता के साथ गायब है। जो ठिकेदार धर्मेंद्र यादव के अंडर में काम करता था। जिसे कुंजबिहारी यादव अच्छी तरह जानता है। वहां भी मुझे किसी ने आकाशदीप गुप्ता के बारे नही बताया अंत में घर वापस आ गया।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत, मातम

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के लादी निवासी स्व राजकुमार प्रजापति के 22 वर्षीय पुत्र अनूप प्रजापति की मौत इलाज के दौरान हो गई। इसका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। गुरुवार को इमरोज अंसारी एवं अनूप प्रजापति मोटरसाइकिल से लेस्लीगंज से वापस आते हुए मुंदरिया में दो बाईक में टक्कर हो गई थी जिसमें अनूप प्रजापति एवं इमरोज अंसारी गंभीर रूप घायल हो गया था। अनूप को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों नें रांची रेफर कर दिया था। जहां बुधवार को उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की जानकरी मिलते हि झामुमो नेता अविनाश देव, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, फैजाएल अहमद, सदर मोतलिब अंसारी, विष्णु प्रजापति, मुखिया पति दिनेश राम सहित कई लोग मृतक के घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

## भाजपा नेता ने दुर्घटना में पीड़ित के परिजनों के साथ सीओ से मुलाकात कर मुआवजा हेतु दिया आवेदन



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह भाजपा नेता चन्दन कुमार ठाकुर ने पिछले दिनों दशहरा के दिन भवनाथपुर में हुए सड़क दुर्घटना में मृत रवि कुमार एवं विकाश कुमार के परिजन संजय कुमार एवं सूरज कुमार के साथ अंचल अधिकारी रमाशंकर श्रीवास्तव से मुलाकात कर सड़क दुर्घटना में मृत युवक के परिजनों को प्रावधान के तहत जल्द मुआवजा भुक्तान हेतु परिजनों से आवेदन दिलवाकर जल्द मुआवजा भुक्तान का मांग किया। मुलाकात के दौरान भाजपा नेता ने सीओ को बताया कि परिजन अत्यधिक गरीब परिवार से आते हैं। उपरोक्त मृतक लोग ही घर के मुखिया के रूप में इकलौते सदस्य थें जो मेहनत कर परिजनों का भरण पोषण करते थें। उपरोक्त के चले जाने से परिजन के समक्ष आर्थिक परेशानी हो गई है। इस लिए उपरोक्त के परिजनों को जल्द मुआवजा भुक्तान कराया जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### वज्रपात से मृत व्यक्ति के आश्रित को मुआवजा भुगतान की मिली स्वीकृति

रांची। प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत व्यक्ति के आश्रित को लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी, नगड़ी के प्रतिवेदनानुसार आवेदक मंगरा उरांव, पिता-सुकरा उरांव, ग्राम-पलाण्डु (कुम्बाटोली), पो0- चिनारो पुरियो, थाना- नगड़ी, जिला-रांची के पुत्र विपिन उरांव की मृत्यु 28.09.2022 को प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) के कारण हो गयी थी । 7 मृत व्यक्ति के आश्रित के क्षति मुआवजा का आकलन कर आश्रित को 4,00,000/- (चार लाख) रूपये की दर से क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है ।

### ऑफर लेटर के नाम पर युवाओं को नौकरी देने का नाटक कर रहे मुख्यमंत्री : आदित्य

रांची : भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने ऑफर लेटर वितरण पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज राज्य में लाखों पद खाली हैं। विद्यालयों में शिक्षक नहीं हैं। कॉलेज में प्राध्यापक नहीं। अस्पताल में चिकित्सक और नर्स नहीं हैं। सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी नहीं हैं लेकिन मुख्यमंत्री इससे ध्यान भटकाने के लिए ऑफर लेटर के नाम पर युवाओं को नौकरी देने का नाटक कर रहे हैं।

# रोड ऐक्सिडेंट होने पर वीडियो व रील न बनाएं, केवल जान बचाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सड़क सुरक्षा विभाग रांची एव( रिलेशनस )इवेंट्स एंड पी आर के संयुक्त तत्वावधान में कांके रोड स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया।सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली छात्र छात्राओ में जागरूकता बढ़ाने को लेकर सड़क सुरक्षा विभाग रांची एव (रिलेशनस )इवेंट्स एंड पी आर कि ओर से सेंट्रल एकेडमी स्कूल में एक दिवासीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में रोड सेफ्टी दीपार्टमेंट रांची के रोड सेफ्टी मैनेजर जमाल ख़ान, रोड सेफ्टी इंजिनियर गौरव कुमार, सेंट्रल एकेडमी स्कूल कांके रोड के प्राचार्या एके रॉय , रिलेशनस इवेंट्स एंड पी आर के निदेशक आशुतोष द्विवेदी उपस्थित थे।



इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है। सड़कों पर अक्सर दुर्घटना होती रहती है।इसी के बचाव हेतु बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम से भी अवगत कराया गया। सभी अतिथियों ने कहा कि हमे कभी भी दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करना चाहिए।18 साल के आयु के बाद ही दोपहिया वाहन चाहिए। हमें यातयात के नियमों का पालन करना चाहिए।कभी ट्रिपल राइडिंग नहीं करना चाहिए, सीट बेल्ट पहनकर गाड़ी चल।नी चाहिए। हमें हमेशा सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों का ध्यान रखना चाहिए। राइडिंग करते समय मोबाइल फोन का इस्तमाल नहीं करना चाहिए। फूटपाथो पर संभलकर चलना चाहिए और जेब्रा क्रॉसिंग से ही क्रॉस करना चाहिए। गति सीमा का ध्यान रखना चाहिए।साथ ही साथ बच्चों को गोल्डन हौर की जानकारी दी गई सड़क दुर्घटना में कितना जरूरी होता है गोल्डन हौर उसकी भी जानकारी बच्चों को दी गई

सड़क यातायात सुरक्षा एक प्रकार का विधि या उपाय है जिससे सड़क दुर्घटना में लोगों को चोट लगने और उससे मौत होने आदि घटनाओं को कम करने का प्रयास करना ही असल लक्ष्य है।इस अवसर सेमिनार के दौरान बच्चों को कहा कि रोड एक्सीडेंट होने पर वीडियो और रील न बनाएं केवल जान बजाएं। रोड ऐक्सिडेंट के दौरान 108 नबर पर तुरत फोन करने को भी कहा गया। इस दौरान बच्चों ने अपने रांचीवासियों और अपने अभिभावकों को पेंटिंग बनाकर यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर राहुल कुमार दुबे, श्रावणी मजूमदार, मीनाक्षी सिंह, समिता सरकार,आलोक कुमार, कुणाल मुखर्जी, सुभाष सिंह, नम्रता राज , सीमा सहाय, सीमा परिरा, सीमा सिंह,पिंकी शर्मा, जॉली गोश्वामी,सुरीली पोद्दार,मिनी लकड़ा,आर के दुबे, काजल सिंह आदि कई उपस्थित थे।

# भोलानाथ सिंह को 24 जिला के अध्यक्ष व सचिवों ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के सभागार में बुधवार को हॉकी झारखंड की 10वी वार्षिक आम सभा अध्यक्ष भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में हॉकी झारखंड के कार्यकारणी समिति के सदस्य, सभी 24 जिला के अध्यक्ष, सचिव और मुख्य रूप से एशिया हॉकी महासंघ के एशिया हॉकी महासंघ के निदेशक गुलाम घोष,हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण ,हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आर के श्रीवास्तव भी हुए शामिल थे। हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आरके श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। भारत देश के किसी भी खेल संघ के राज्य इकाई के वार्षिक आम सभा में संभवत इतिहास में पहली बार महादेश स्तर और राष्ट्रीय खेल महासंघ के पदाधिकारी सामिल हुए हो। हॉकी झारखंड के समस्त खेल प्रेमियों की



ओर से हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने इन सभी पदाधिकारी को शॉल ओढाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष 2023 =24 में सीनियर राज्य स्तरीय महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता रांची में, जूनियर और सब जूनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता जमशेदपुर में, सब जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता सिमडेगा में और जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता खूंटी में किया जाएगा। इस वर्ष 2022=23 का महिला सब जूनियर प्रतियोगिता सिमडेगा में और जूनियर महिलाओं की प्रतियोगिता खूंटी में किया जाएगा। वर्ष 2022=23 का हॉकी झारखंड का बेस्ट जिला हॉकी संघ का अवार्ड हॉकी सिमडेगा को दिया गया, जिसके लिए हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी और हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारियों को एशिया हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। इस वर्ष के लिए का बेस्ट कोच का अवार्ड हॉकी झारखंड पुरुष स्वर्ग में मनीष कुमार और महिला वर्ग में हिमांशु को दिया गया।हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने सभी जिला के अध्यक्ष साथियों को कड़ा संदेश दिया कि आगामी एक माह के अंदर सभी कोई अपने जिला का सोसाइटी एक्ट में निबंध कर ले और अपना बैंक खाता खोल कर पासबुक और पैन कार्ड बनवा ले।

## मैजिक वर्ल्ड का उद्घाटन आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मैजिक वर्ल्ड काली स्थान रांची का उद्घाटन फीता काटकर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो और आजसू नेता देवशरण भगत ने किया। इस मौके पर मैजिक वर्ल्ड के संचालक जादूगर एम एस भारती ने कहा हमारे यहां बर्थडे पार्टी अरेंजमेंट ग्राहकों के बजट पर जादूगर एस एस भारती के यहां उपलब्ध है । उन्होंने कहा कि लोग कम खर्च पर बर्थडे पार्टी या किसी तरह के कार्यक्रम के लिए संपर्क कर सकते हैं। इस मौके आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने जादूगर एम एस भारती को भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आजम मोहम्मद, फिरोज , आजसू एस अली,अंसारी मोहम्मद इस्लाम समेत कई लोग मौजूद थे।

# एक और बड़े हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी को झारखंड तैयार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के इतिहास में अभी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक पहली बार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आगामी जनवरी माह में एक और अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीम सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी। अब इस सप्ताह हॉकी झारखंड के इतिहास में एक नया इतिहास जुड़ने जा रहे हैं। पहली बार झारखंड में इस सप्ताह तीन नवंबर को हॉकी इंडिया की वार्षिक आम सभा आयोजित की जा रही है, जिसमें पूरे भारत के 28 राज्यों के अध्यक्ष, महासचिव और हॉकी इंडिया के एक्टिव पदाधिकारी सहित कुल 84 हॉकी के प्रशासक भाग लेंगे। यह जानकारी हॉकी झारखंड की ओर से दी गई है और कहा गया कि बीते 10 सालों में हॉकी झारखंड ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं.। झारखंड के सुदूर भारतीय सिमडेगा, खूंटी जैसे जिले में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन करने के बाद झारखंड की राजधानी रांची में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या के लिए आमंत्रण देगा विहिप : बिरेंद्र साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** विश्व हिंदू परिषद् की प्रांत बैठक किशोरगंज स्थित प्रांत कार्यालय शक्ति आश्रम में की गई। बैठक में विहिप द्वारा प्रांत में किये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें शौर्य जागरण यात्रा, महर्षि वाल्मीकि जयंती, संत सम्पर्क और अगामी कार्यक्रम श्रद्धानंद बलिदान दिवस 23 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक, समरसता दिवस 14 और 15 जनवरी, श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान जो की 16 जनवरी से 21 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें रामचरितमानस का पाठ, हनुमान चालीसा, विजय महामंत्र और संध्या आरती की जाएगी इस विषय पर योजना बनाई गई । सभी ज़िला में 8 नवंबर तक बैठक करना हैं एवं 20 से 30 नवम्बर तक जिला बैठक करना है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
66 पशुचिकित्सकों का नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह
मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
विशिष्ट अतिथि
श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड
श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड
श्री बादल
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड
दिनांक :- 02 नवम्बर 2023 (गुरुवार), समय:- अपराह्न 1:00 बजे
स्थान :- नया सभागार, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची

PR-310402(IPRD)23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## पिपरवार में मनाया गया कोल इंडिया का 49 वां स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में बुधवार को कोल इंडिया का 49 वां स्थापना दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम सीबी सहाय ने झण्डोतोलन किया, जिसके बाद कोल इंडिया की कोरपोरेट गीत भी बजाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय ने कहा कि कोल इंडिया उर्जा का मुख्य श्रोत कोयला देश को पहुंचा रहा है,साथ ही राष्ट्र के विकास में अपना अहम योगदान दे रहा है।कोल इंडिया की अनुषांगी कम्पनी सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ विकास को भी प्राथमिकता दे रहा है,वर्तमान में विस्थापित ग्रामीण क्षेत्रो मे सीएसआर के तहत कई योजना चलायी जा रही है, जिसका लाभ ग्रामीणो को मिल रहा है।यहां के विस्थापित ग्रामीणो के सहयोग से प्रबधंन कोयला उत्पादन कर देश को कोयला पहुंचा रहा है।सभी के सहयोग से कोल इंडिया मे पिपरवार क्षेत्र का गौरवशाली इतिहास रहा है।उन्होंने कहा कि भूमि समस्या और विपरीत परिस्थितियो का सामना करते हुए पिपरवार क्षेत्र उत्पादन के क्षेत्र मे लगातार बेहतर प्रदर्शन कर कम्पनी एंव कोल इंडिया का नाम रोशन कर रहा है।उन्होंने क्षेत्र के सभी विस्थापित रैयतो से भी कोयला उत्पादन में सहयोग करने की अपील की,साथ ही कहा कि आने वाले दिन में अशोका वेस्ट खुली खदान खुलने से पिपरवार एरिया का कोयला उत्पादन बढ़ेगा।कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबधंक ज्योति कुशवाहा और धन्यावाद ज्ञापन नागेश कुमार ने किया।स्थापना दिवस के मौके पर पिपरवार एरिया से कई कोयला मजदूरों को प्रमोशन दिया गया।सभी कोयला मजदुरो को प्रमोशन लेटर देकर सम्मानित किया गया।स्थापना दिवस पर सभी लोगो के बीच मिठाई का भी वितरण किया गया।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे गणेश स्पोटिंग क्लब के खिलाड़ियो का शानदार प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रांची के खेलगांव मे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग व झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद राँची के तत्वाधान मे संपन्न हुए राज्य स्तरीय स्कूली एसजीएफआई एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 मेडल प्राप्त कर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया हैं।प्रतियोगिता मे झारखंड के 24 जिलो के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए थे।इस प्रतियोगिता मे गणेश स्पोटिंग क्लब के एथलेटिक्स खिलाड़ी लक्ष्मी कुमारी 800 मीटर दौड़ मे प्रथम,पुनम कुमारी 400 मीटर दौड़ मे



प्रथम,अनोखी कुमारी 400 मीटर दौड़ मे दूसरा स्थान, सीमा कुमारी लंबी कूद मे दूसरा स्थान,आशुतोष कुमार बालक वर्ग 400 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ मे दूसरा स्थान,पूनम कुमारी 200 मीटर मे तीसरा स्थान,सीमी कुमारी लंबी कूद मे तीसरा स्थान,4म400 मीटर रिले दौड़ मे पुनम कुमारी प्रथम, रानी कुमारी,अनोखी कुमारी, सीमी कुमारी एवं रूबी कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## केडी नेहरू स्टेडियम में स्वर्गीय बबलू राम के नाम पर फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** केडी नेहरू स्टेडियम में पुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर एक बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता रंजन सिंह बिट्टू ने किया.इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय किया गया की पूर्व पुटबॉल खिलाड़ी स्वर्गीय बबलू राम के नाम पर एक भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में कराया जायेगा.मालूम हो बबलू राम सीसीएल में कार्यरत थे, वे एक अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी थे. उनका निधन कोरोना काल मे कोरोना से हो



गया था. बबलू राम के चाहने वाले लोगों ने उनके याद में टूर्नामेंट कराने का निर्णय लिया. इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए खलारी के सभी राजनीतिक पार्टियों , जन प्रतिनिधि, समाज सेवी तथा आम लोगो से सहयोग ली जाएगी और उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी .इसके लिए आगामी चार नबम्बर को एक बैठक रखी गई है जिसमे एक संचालन समिति का गठन किया जाएगा. साथही सफल आयोजन को लेकर बात की जाएगी.

## बचरा मे स्व. भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उदघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में बुधवार को स्व. भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि मे टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उंराव मौजुद थे।टुर्नामेन्ट का उदघाटन स्व.भोला साव के चित्र पर माल्यार्पण कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच दिपिका



क्लब खपिया बनाम केएफसी क्लब कुसुमटोला के बीच खेला गया।कार्यक्रम में स्व. भोला साव के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।वक्ताओं ने कहा कि स्व. भोला साव का खेल के क्षेत्र मे काफी योगदान रहा है।कोयलांचल क्षेत्र में होने वाले सभी प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं में वह बढ़-चढ़कर भाग लेते थे।वही खिलाड़ियों को हर संभव मदद कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम करते थे।मुख्य अतिथि अशोका पीओ संजय कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन मे हार और जीत की प्रेरणा देता है।खेल हमारे जीवन के लिए काफी अहम है।खेल से शारारिक और मानसिक विकास होता है।पढ़ाई के साथ खेलकूद से स्वास्थ शरीर और स्वस्थ मन रहता है।विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य नेहा उंराव ने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने गांव राज्य और देश का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर आरसीएम साईडिंग मैनेजर धीरप्रताप सिंह, कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुजंन कुमारी सिंह, मुखिया रीना देवी,विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी गीता एक्का, बिनोद सिंह,धीरेन्द्र शर्मा, उमेश मेहता,उगन महतो, लक्ष्मण मंडल,गिरजा प्रसाद, कमला महतो,मुकेश राणा, अरूण सिंह सहित आयोजन समिति के सुनील साव,दीपक कुमार महतो,लखनलाल महतो,नरेश रावत,सेवा उंराव, संतोष राम,पप्पू सोनी,मनोज कुमार,सुरैश महतो,संतोष महतो,ब्रह्मदेव उंराव,दीन दयाल नोनिया,रामकुमार भुईयां,राजेश कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।पूरे कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर महतो के द्वारा किया गया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र ने राष्ट्रीय कला उत्सव 2023-24 के लिए क्वालिफाइ किया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा-10वीं के छात्र ऋतुराज रॉय ने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान परिषद, राँची में आयोजित अंतर-राज्य कला उत्सव 2023-24 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस उत्सव में भाग लेने वाले 29 जिलों के बीच विजुअल आर्ट्स 2 डायमेंशन श्रेणी में उन्हें प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। सरला बिरला विद्यालय परिवार के लिए यह गर्व की बात है कि वे अब नेशनल के लिए



क्वालीफाई कर चुके हैं। विद्यालय परिवार ने उन्हें अगले दौर के लिए शुभकामनाएं दी है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने ऋतुराज को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और अगले दौर के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्र के प्रदर्शन की सराहना की और उसे अगले दौर के लिए प्रोत्साहित किया।

## बंता की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की बजारों में है मांग



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनतेरस की तिथि नजदीक आने के साथ इसकी तैयारी शुरू हो गई है। दीपावली के दिन पूजा के लिए भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति धनतेरस के दिन खरीदारी की मान्यता रही है। धरतेरस और दीपावली में माता लक्ष्मी भगवान गणेश की मूर्तियों की बड़े पैमाने पर बिक्री होती है। सिल्ली प्रखंड के बंता एक ऐसा गांव है जहां बनाए गए लगभग करोड़ों रुपए मुल्य के मूर्ति की बिक्री झारखंड के विभिन्न जिलों में होती है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के भी कई जिलों में यहां के मूर्तियां की काफी मांग है । गणेश लक्ष्मी की मूर्ति के अलावा दीए को भी स्थानीय मूर्तिकारों द्वारा तैयार किया जा रहा है। वंता निवासी मुर्तिकार गुड्डु प्रजापति ने बताया कि कोरोना महामारी की घटना के बाद बदली परिस्थिति में यहां के मूर्ति विक्रेता चीन की मूर्तियों की बिक्री से परहेज कर रहे हैं। तथा अब लोग भी स्थानीय स्तर पर तैयार मूर्तियों को पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों ने भी ऐसी मूर्तियों की बिक्री को तरजीह दे रहे हैं। यहां के मुर्तिकार सालों भर मूर्ति निर्माण कार्य में लगे रहते हैं ।

## रोगाडीह पतरा टोली में 12 पड़हा जतरा का आयोजन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ के रोगाडीह पतरा टोली गांव बुधवार को 12 पड़हा जतरा के आयोजन किया गया। मौके पर न्यु स्टार रोगाडीह द्वारा हॉकी व फुटबॉल बालक तथा बालिका वर्ग का फाइनल मैच खेला गया। मैच का उद्घाटन पंचायत के मुखिया विरेन्द्र भगत द्वारा बॉल को किक मारकर किया। हॉकी फाइनल में मठ तुरियम्बा भरनो के टीम व फुटबॉल बालक वर्ग में मोहन ब्रदर्स बंडामुडा वही बालिका वर्ग में सरसा लापुंग की टीम विजयी बनी। विजेता टीम को बड़ा खस्सी व पांच हजार नगद तथा उप विजेता को खस्सी तथा तीन हजार नगद तृतीय विजेता को खस्सी व दो हजार नगद देकर सम्मानित किया। जतरा में विभिन्न गांवों से आये खोड़हा दलों ने परम्परागत भेष भुषा में ढोल, मांदर थाप में नित्य किया। मौके पर मुखिया वीरेन्द्र भगत ने कहा कि जतरा हमारे संस्कृतिक धरोहर है। इसे हम सभी को हर हाल में बचाये के रखना। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य (पूर्वी) आशा रानी पन्ना, (पश्चिमी) विदेश मुण्डा,उप मुखिया सह अध्यक्ष जितिया उरांव,सचिव भीखराम उरांव, महासचिव सुशिल कच्छप, वार्ड सदस्य सनिष उरांव व पुर्व वार्ड सदस्य पारसनाथ तिर्की ने संबोधित किया।

## तनाव हमें मंजिल से दूर धकेलती है, सकारात्मकता पहुंचाती है लक्ष्य तक : मुकेश चौहान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** बुधवार को डीएवी खलारी और एसीसी हाई स्कूल खलारी सहित महावीर नगर चौक में खुशी क्लास व खुशी चौपाल का आयोजन हुआ.लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें.अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं. जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं. बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं. इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें. सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें.यह खुशी के साथ ही संभव है. चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है. खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं. इसका कोई विकल्प है ही नहीं. तनाव क्रोध के रूप में बाहर



निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है. तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते. इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए.चौहान ने सकारात्मकता से सजी कहानी भी सुनाई- एक हथौड़ा छोटी सी चाबी से पूछा- आखिर तुम्हारे अन्दर ऐसी कौन सी शक्ति है जो तुम जिद्दी तालों को भी बड़ी आसानी से खोल देती हो, जबकि मैं इतना बलशाली होते हुए भी ऐसा नहीं कर पाता. चाबी बोली- तुम तालों को खोलने के लिए उसपर प्रहार करते हो। ऐसा करने से ताला खुलता नहीं टूट जाता है. जबकि मैं ताले को बिलकुल भी चोट नहीं पहुंचाती.उसके मन में उतर कर उसके हृदय को स्पर्श करती हूँ और फिर निवेदन करती हूँ, वह फ़ौरन खुल जाता है. लब्बोलुआब यह, यदि हम किसी को सचमुच जीतना चाहते हैं तो हमें उस व्यक्ति के हृदय में उतरना होगा. जोर-जबरदस्ती से कोई काम कराना संभव तो है पर इस तरह से हम ताले को खोलते नहीं बल्कि उसे तोड़ देते हैं. यानि उस व्यक्ति की उपयोगिता को नष्ट कर देते हैं. जबकि प्रेम पूर्वक किसी का दिल जीतते ही हम उसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा देते हैं. कार्यक्रम के अंत में चौहान डीएवी स्कूल के कंचन सिंह,अभिषेक दुबे,मुकेश पांडेय तथा एसीसी उच्च विद्यालय के प्रचार्य एसएन तिवारी,प्रशासक जामवंत सिंह,अजय सिंह,समर सेन सहित महावीरनगर स्तिथ उत्क्रमित मध्य विद्यायल के प्रचार्य रंथु साहू से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करे.निःशुल्क हर संभव मदद दी जाएगी.


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING & INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, JHARKHAND**

**Invitation of Proposal (e-procurement Short Tender Notice)**

2nd Call — Date:-30-10-2023

Road Construction Department, Government of Jharkhand (GOJ) invites proposal for the works mentioned in table through e-procurement. The bid shall be submitted online on the Website http://jharkhantenders.gov.in.The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:-

| Sl No. | e-Tender Ref No. | Name of Work | EMD ( inRs.) | Cost of Tender Document (inRs.) | Period of assignment |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RCD/PI Div./Ranchi/44/2023-24 | Comprehensive Annual Maintenance and operation of one 125 KVA (Sterling) D.G. Set including cost of diesel (for 45 hours per month) & one D.G. operator at "NIRUPAN BHAWAN" Doranda, Ranchi | 2 % of the Quoted Amount | 5000.00 | 01 year |
| 2 | RCD/PI Div./Ranchi/45/2023-24 | Comprehensive Annual Maintenance of fire fighting system at "NIRUPAN BHAWAN" Doranda, Ranchi | 2 % of the Quoted Amount | 5000.00 | 01 year |
| 3 | RCD/PI Div./Ranchi/46/2023-24 | Comprehensive Annual Maintenance and operation of 02 nos (six passenger lift)at "NIRUPAN BHAWAN" Doranda, Ranchi | 2 % of the Quoted Amount | 5000.00 | 01 year |

2.. Period of availability of tenders online/date and time of bidding on-line /last date of opening of tender papers are given below:-

| Sl. No. | Procurement officer | Place of Opening of Tender Papers | Availability of tender on-line for bidding (Date and Time) | | Bid Submission (Date and Time) | | Date and Time of opening of financial bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | From | To | Start | Close | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Executive Engineer, Planning& Investigation Division,RCD , Ranchi | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 | 03.11.2023 At 10.30 AM | 16.11.2023 upto 12.00 Noon | 03.11.2023 At 10.30 AM | 16.11.2023 upto 12.00 Noon | 17.11.2023 at 12.30 PM |
| Advertisement No | PR 306858 (Road)23-24*D | | | | | | |

3. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit as indicated above will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.
4. .No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
5. The submitted Tender document shall be properly paginated, failing which the bid summarily be rejected.
6. The Undersigned have reserves the right to accept/reject any or the entire firm's proposals without assigning any reason thereof.
7. Other details can be seen in Tender documents.

Sd-
**Executive Engineer**
**Planning& Investigation Division**
**Road Construction Department,Ranchi**

PR 310370 Road(23-24).D



झारखण्ड सरकार

**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।**

**मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना 2023–24 अंतर्गत निर्गत विभागीय राज्यादेश सं0– 16 रा0 (वि0) दिनांक 24.07.2023 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में निम्नांकित तालिका में दिये गये विवरणों के अनुरूप कार्यकम कियान्वयन किया जाना है–

| क0 | कार्यक्रम | लघु शीर्ष | इकाई | भौतिक लक्ष्य | इकाई अनुमान्य लागत | लाभुक का अंषदान | चयन हेतु अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जलाषयों में केज मत्स्य पालकों हेतु Approved, 16.5 kilos floatability तथा 80x37x10 Cms Size के Soft neopolene foam & airex filling का लाईफ जैकैट | 796 | सं0 | 50 | 1600/– रू0 प्रति इकाई | 25 प्रतिषत् या 400/– रू0 प्रति इकाई जो अधिक हो। | आवेदक केज में मछली पालन कर रहे हो एवं वे अपना अंषदान लगाने हेतु सहमत हों। |
| 2 | पुरस्कार/सम्मान | 796 | संख्या | 03 | 30,000/– रू0 प्रति कृषक | 12 Paddle Wheel Aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित अथवा मत्स्य पैकैजिंग हेतु ऑक्सजन सिलिंडर (Accessories सहित) के क्रय के विरूद्ध प्रोत्साहन राषि के रूप में 30,000/– रू0 डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। शेष राषि लाभुक का अंषदान होगा। | राँची जिला के उत्कृष्ट मत्स्य कृषक, मत्स्य बीज उत्पादक, हैचरी संचालक इस हेतु आवेदन कर सकते है। |
| | | 789 | संख्या | 01 | | | |

एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिये गये विवरणों के आलोक में राँची जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अर्हता रखते है एवं आवेदित कार्यक्रम के कियान्वयन में अंशदान हेतु सक्षम है, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 09.11.2023

आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।**

PR 310310 Fish(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सिमडेगा, झारखण्ड, पिन–835223**

**अतिअल्पकालीन दर उद्धरण आमंत्रण सूचना संख्या, दि0 31.10.2023**

पथ प्रमण्डल, सिमडेगा के अंतर्गत कार्यालय भवन हेतु सामग्रियों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन के लिए दर निर्धारण किया जाना है। इसके लिए ख्यातिप्राप्त आपूर्तिकर्त्ताओं से दर उद्धरण (Quotation) आमंत्रित किया जाता है। दर उद्धरण (Quotation) दिनांक 06.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी, जो दिनांक 06.11.2023 को ही अपराह्न 3.30 बजे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति मे खोली जायेगी। सभी सामग्री उच्च गुणवता का होना अनिवार्य होगा। समुचित गुणवत्ता के सामाग्रियों की ही आपूर्ति ली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है :–

| Sl. no | Item | Qty. | Quoted Rate (in Rs.) (without GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | All in one PC latest model of HP or Equivalent having mininum specification of core i5/12th Gen/ 8GB RAM/ 512 GB SSD/ Windows 11 /MS Office/ 31.5 inch screen. | 02 nos. | |
| 2 | HP Laserjet Black & White/Wifi Printer with print speed of min 30 ppm (A4 size) | 01 no. | |
| 3 | HP Laserjet colour Wi-fi printer with Print, scan & copy. | 01 no. | |
| 4 | Multifunction Printer of sharp BP 20m1T/ 20M28T or similar. | 01 no. | |
| 5 | Luminous/Microteck Invertor with Battery (220MAH) | 01 no. | |
| 6 | Exide/Luminous Battery (180MAH) | 03 nos. | |
| 7 | Godrej Interio 2 Door steel Almirah 6ft. height. | 05 nos. | |
| 8 | Godrej Classic Office Chair with Pad. | 10 nos. | |
| 9 | Bajaj Cooler 50 ltr. | 4 nos. | |
| 10 | Steel Trunk Box (Large size) 20 gage | 1 no. | |
| 11 | Bottled water Dispenser (Hot, Cold & Normal dispensor) | 1 no. | |
| 12 | Milton Thermos 2 ltr. | 2 nos. | |
| 13 | Havells Induction Cooktops | 1 no. | |
| 14 | Tea Cup set | 3 dozen | |
| 15 | Water Glass | 3 dozen | |
| 16 | Havells Extension Board with Minimum 4 socket. | 3 nos. | |
| 17 | Revolving Chair | 6 nos. | |
| 18 | Induction Tea pane | 2 nos. | |
| 19 | Electric LED bulb 15 watt (Havells) | 12 nos. | |
| 20 | Serving Trays with Handel (33L x 25W x 6H CM) | 2 nos. | |
| 21 | Havells Extension Board Heavy Duty box 15A 16A 20A with Thermal protection 1 way socket (2500w) | 3 nos. | |

नोट :–
1. कोटेशनदाता दर उद्धृत करने के पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य कर लेंगे बाद में किसी प्रकार का दर परिवर्त्तन मान्य नहीं होगा।
2. उद्धरणकर्त्ता को दर उद्धरण में PAN एवं GST अंकित करना अनिवार्य होगा।
3. किसी भी उद्धरण को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. उद्धत दर में ढुलाई एवं अधिष्ठापन की राशि शामिल रहेगी।
5. यह दर उद्धरण आमंत्रण सूचना मात्र दर निर्धारण हेतु होगा।
6. समग्रियों का आपूर्ति हेतु अलग से निविदा आमंत्रित की जायेगी ।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 310374 Road(23-24)#D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## साकची बाजार शिव मंदिर में प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची बाजार स्थित श्री श्री साकची शिव मंदिर में जन सेवा कार्य के तहत बुधवार को स्व. विनोद कुमार अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। इसका आयोजन शिव मंदिर कमिटी के लालचंद अग्रवाल एंव बबलु अग्रवाल द्वारा अपने पिता की याद में किया गया। इसे सफल बनाने में प्रमुख रूप से रजनी बंसल, सुनीता केडिया, केसर छावछरिया, राखी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, यश अग्रवाल आदि का योगदान रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के गणमान्य क्रमशः ओम प्रकाश रिंगसिया सुभाष चन्द्र शाह, अशोक मोदी, मुकेश मित्तल, महावीर मोदी, विजय आनंद मूनका, सुरेश कांवटिया, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, शंकर लाल सिंघल, पंकज छावछरिया, गिरिधारी लाल खेमका, मोहित मूनका, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), सन्नी सांघी, लिप्पु शर्मा, उमेश खिरवाल, संतोष अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अंकुर जवानपुरिया, सत्यनारायण अग्रवाल, कैलाश छावछरिया, राजीव अग्रवाल, निर्मल पटवारी, ऋषभ चेतानी, नरेश सिंघानिया, मनोज अग्रवाल (पप्पू), विवेक चौधरी आदि शामिल होकर अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया।

## टाटा मोटर्स के कर्मचारियों का वेतन महीने की पहली तारीख को खाते में आना हुआ शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा मोटर्स के कर्मचारियों का वेतन अब अधिकारियों की तरह ही हर महीने की पहली तारीख को उनके खाते में आना शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि टाटा मोटर्स के कर्मचारियों का मासिक वेतन हर महीने के 5 तारीख को उनके बैंक खाते में आया करती थी। कई कर्मचारी के बच्चे बाहर पढ़ाई करते हैं वहां के हिसाब से उन्हें पैसा भेजने में असुविधा होती थी। कई फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट द्वारा 4 तारीख के मध्य रात्रि को बैलेंस हिट करने के कारण कई बार बाउंस की स्थिति बन जाती थी। इन सभी कारणो को देखते हुए कर्मचारियों द्वारा लगातार यूनियन के अध्यक्ष एवं महामंत्री से सैलरी की तारीख 1 तारीख को करने के लिए मांग की जा रही थी । जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए अध्यक्ष एवं महामंत्री ने प्रबंधन से बात किया और आज से यह लागू भी हो गया। टाटा मोटर्स के कर्मचारियों का वेतन आज उनके बैंक खाते में आ गया इससे कर्मचारियों में बहुत खुशी है।

## रिलायंस एसबीआई कार्ड लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने भारत के सबसे बड़े रिटेलर, रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर को-ब्रांडेड रिलायंस एसबीआई कार्ड को लॉन्च किया है। यह लाइफस्टाइल पर केंद्रित अपनी तरह का अनोखा क्रेडिट कार्ड है, जो सामान्य से लेकर प्रीमियम तक, अलग-अलग तरह के खर्च की जरूरत वाले सभी श्रेणी के ग्राहकों को कुल मिलाकर खरीदारी का शानदार और बेहद फायदेमंद अनुभव प्रदान करता है। कार्डधारक रिलायंस रिटेल के बड़े और विविधता पूर्ण इकोसिस्टम में इस कार्ड से ट्रांजैक्शन करके रिवॉर्ड्स के साथ-साथ कई तरह के फायदे प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें फैशन और लाइफस्टाइल से लेकर किराना, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर फार्मा, फर्नीचर से लेकर आभूषण के साथ-साथ अन्य कई तरह की चीजें शामिल हैं। इसके अलावा, रिलायंस एसबीआई कार्ड के उपयोगकर्ता निरंतर आधार पर एसबीआई कार्ड द्वारा बेहद समझदारी से दिए जाने वाले ऑफर का भी आनंद ले सकते हैं।




## सीआरपीएफ ने कुचाई के 20 युवक-युवतियां को भ्रमण को भेजा विशाखापट्टनम



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 157 सीआरपीएफ कंपनी के कमांडेंट भोपाल सिंह के निर्देशानुसार 157 डी सीआरपीएफ कंपनी के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह के द्वारा कुचाई प्रखंड क्षेत्र से 20 युवक-युवतियों को सरायकेला नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से भ्रमण कार्यक्रम के तहत विशाखापट्टनम भेजा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेहरू युवा केंद्र के मिस्टर एम राव तथा मिस्टर ललन सिंह भी उपस्थित थे। दुगनी कप में उप कमांडेंट मनोज कुमार यादव के द्वारा सभी बच्चों को बुट, बैग, गंजी एवं भ्रमण किट वितरण किया गया। मौके पर इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार पहाड़ी व सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले पढ़े लिखे युवक-यूवतियों का मनोवल को बढ़ाने के लिए योजना चल रही है। ताकि देश के विभिन्न स्थान का भ्रमण कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ सके।

## राखडीह प्रावि के अभिभावकों को गूंज संस्था ने किया सम्मानित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड अंतर्गत राखडीह प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को गूंज संस्था की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित कर अभिभावकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बीईईओ प्रभाकर कुमार व विशिष्ट अतिथि बिड़रा पंचायत की मुखिया काजल सिंह ने 36 लोगों के बीच किट का वितरण किया। इस संबंध में गूंज संस्था के कॉर्डिनेटर चंद्रमोहन महतो ने कहा कि संस्था की पहल पर पिछले दिनों विद्यालय परिसर में अभिभावकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के स्टेट कॉर्डिनेटर रथू महतो, पंचानन महतो, पंसस प्रतिनिधि प्रबोध महतो, खांदू सिंह, विद्यालय के प्रधान शिक्षक प्रबोध कुमार महतो आदि मौजूद थे।

# सरकार की योजनाओं के सुपरविजन व मॉनिटरिंग को प्रतिनियुक्त किए वरीय प्रभारी पदाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का सशक्त पर्यवेक्षण एवं नियमित अनुश्रवण के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी- सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी प्रखंडों में वरीय प्रभारी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है । उप विकास आयुक्त मनीष कुमार- गोलमुरी सह जुगसलाइ (जमशेदपुर), अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा- पटमदा, अपर जिला दण्डाधिकारी( विधि व्यवस्था)- बोड़ाम, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह- बहरागोड़ा, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार- धालभूमगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सत्यवीर रजक- घाटशिला, जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय- मुसाबनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी- पोटका, भूमि सुधार उपसमाहर्ता घाटशिला नीत निखिल सुरीन- डुमरिया एवं गुड़ाबांदा तथा कार्यपालक दण्डाधिकारी घाटशिला अमन कुमार को चाकुलिया का वरीय प्रभारी पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जारी आदेश में सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारी को प्रत्येक बुधवार को संबंधित प्रखण्ड में उपस्थित रहकर प्रखण्डों में संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का निदेश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान दिव्यांजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत कराना, विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराना एवं कुल परीक्षा परिणाम की समीक्षा करना, मनरेगा अन्तर्गत कियान्वित योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास एवं अम्बेडकर आवास योजनाओं का निरीक्षण का निदेश दिया गया है। वरीय प्रभारी पदाधिकारी को दिए गए अन्य दिशा-निर्देशों में जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकानों का निरीक्षण, राज्य खाद्य निगम के गोदामों का निरीक्षण, ऑन-लाईन पेंशन योजना की समीक्षा, स्वास्थ्य केन्द्र / स्वास्थ्य उप केन्द्र की जांच, राजस्व कैम्प /स्वास्थ्य शिविर में भाग लेना, आई0सी0डी0एस0 योजनान्तर्गत संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण, सीपीजीआरएएमएस से जुड़े मामलों की समीक्षा एवं निष्पादन कराना, 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत जुड़ी योजनाओं का निरीक्षण, गोद लिये गये विद्यालयों का निरीक्षण करना, वीएचएसएनडी दिवस का निरीक्षण / समीक्षा करना, आकांक्षी जिला के तहत नीति आयोग के प्रखण्ड के प्रगति की समीक्षा, आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन, सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करना।

## खेत में मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** बंदगांव प्रखंड के कराइकेला थाना क्षेत्र के नकटी गांव स्थित धान की खेत में एक युवक का शव मिला बुधवार को मिला।बताया जाता है की नकटी छऊ नृत्य मैदान के समीप खेत में ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। इसके बाद इसकी सूचना पंचायत के मुखिया मिथुन गागराई को दी। सूचना मिलने पर मुखिया व स्थानीय संख्या में ग्रामीण शव देखने पहुंचे।जहां शव की पहचान नकटी गांव निवासी 20 वर्षीय नित्यानंद गागराई के रूप में की गई। वहीं मौके पर शव को पुलिस ने शव उठाकर चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

## स्वरूप दत्ता बने कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के स्वरूप दत्ता को कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बनने के बाद टीकर गांव में श्री दत्ता को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार साहू ने स्वरूप दत्ता को ईचागढ़ प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया। श्री साहू ने बताया कि स्वरूप दत्ता काफी दिनों से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रूप से पार्टी हित में काम करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ प्रखंड में श्री दत्ता संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। वहीं स्वरूप दत्ता ने पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी जिस विश्वास के साथ प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है, उसमें खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा को मजबुती कर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर ओबीसी मोर्चा का प्रखंड कमेटी का विस्तार किया जाएगा और युवा वर्ग को पार्टी में जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, राजु यादव,बंधुराम महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आजाद पार्टी व भीम आर्मी ने हेट स्पीच देने वालों के खिलाफ डीसी कार्यालय समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

## सीएम के नाम डीसी को सौंपा 9 सूत्री मांगपत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन के ने आज विरोध मार्च सह धरना प्रदर्शन दिया। साकची अम्बेडकर चौक से बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विरोध मार्च निकाला गया एवं पूर्वी सिंहभूम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। उसके बाद उपायुक्त के माध्यम से झारखंड के मुख्यमंत्री को 9 सूत्री मांगों को सौंपा गया। मांगपत्र में कहा गया कि पांकी विधायक शशिभुषण मेहता का मुस्लिम समुदाय के प्रति असंवैधानिक एवम दंगा फसाद ( हेट स्पीच )कराने वाली बयानबाजी से राज्य में आपसी सौहार्द और सद्भावना बिगड़ने का खतरा है इसलिए भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किया जाए। वहीं भाजपा नेता अभय सिंह का मुस्लिम समुदाय के प्रति हेट स्पीच दिया गया। जिसका विडियो वायरल हुआ है। पिछले दिनों जमशेदपुर के रानीकुदर में हुए दंगे में इनकी संलिप्तता पाई गई थी और वह जेल भी गए थे, जेल से निकलने के बाद उन्होंने फिर से साम्प्रदायिकता फैलाने का काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा हजारीबाग जिला के बार एसोसिएशन में दलित अधिवक्ता विवेक वाल्मीकि के साथ स्वर्णों द्वारा जाति सूचक गलियां देते हुवे मारपीट का मामला में गिरफ्तारी नहीं हुआ, धनबाद जिला के तोपचांची थाना में एक दलित छात्रा के साथ किए गए छेड़खानी और अभद्रता मामला में प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया जाना, गढ़वा में दलित व्यक्ति मनोज राम की अपराधियों ने हत्या कर दी जिसमे अभियुक्त की गिरफ़्तारी नही हुई। हजारीबाग के हेदलाग ग्राम में दलित महिलाओं के साथ बदसलूकी व बुरी तरह से मार-पीट मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं, हजारीबाग पसई ग्राम के एक दलित युवक को जान मारने के नियत से पेट में छुरा मारा गया, घटना के सात महीने बाद भी अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। वहीं झारखंड सरकार द्वारा झारखंड प्रदेश में एससी एसटी केस में पिछले कई महीनों से रोक गए मुवावजा राशि का जल्द भुगतान हो साथ ही सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान अविलंब की जाए आदि शामिल है। उपरोक्त मामलों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो जल्द ही भीम आर्मी - आजाद सामाज पार्टी राजभवन का घेराव करेगी। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से आज़ाद समाज पार्टी के झारखंड अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा, ज़िला अध्यक्ष दुर्योधन महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष तारिणी सेन मांझी, प्रदेश संगठन सचिव नवीन मुर्मु, नईम खान, ज़िला प्रवक्ता सुरजीत सिंह, भीम आर्मी प्रदेश प्रदेश सचिव उतपल बिस्वास, प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश मुखी, आज़ाद समाज पार्टी नगर अध्यक्ष नासिक अंसार, युवा अध्यक्ष मज़हर खान, ज़िला संगठन सचिव शुएब खान, कोषाध्यक्ष मुहम्मद दिलशाद, पश्चिम सिंहभूम अध्यक्ष बिपलब तांती, विकास हेम्ब्रम, रोहित दीप सिंह, बहन सोनी कौर, शमीम अकरम, शाहिद रज़ा, वसीम, पुष्पा देवी, सावित्री मुर्मी, आफताब पठान, वाहिद अली, कैलाश मुखी, अंजू देवी, इम्तेयाजुद्दीन, कफील अहमद और कई लोग उपस्थित थे।

## अवैध शराब कारोबारियों पर उत्पाद विभाग सख्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध तरीके से किए जा रहे शराब निर्माण, बिक्री एवं उपयोग के खिलाफ उत्पाद विभाग द्वारा सख्ती जारी है। उत्पाद अधीक्षक के निर्देशानुसार विभागीय टीम द्वारा गुप्त सूचनाओं के आधार पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम राजनगर थाना अंतर्गत पुलिस एवं उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त छापामारी कर ग्राम पाटाकोचा तथा बड़ा कादेल में संचालित अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त किया। लगभग 1000 किलो जावा महुआ, 40 लीटर अवैध चुलाई शराब सहित शराब बनाने के उपकरण जब्त किया गया। बड़ा कादेल में 30 कार्टून (270 लीटर) अवैध विदेशी शराब भी बरामद कर जब्त किया गया, इस मामले में एक की गिरफ्तारी की गई एवं अन्य एक अवैध शराब कारोबारी फरार हो गया।

### झारखंड-बिहार के सिखों को मिले एसजीपीसी में भागीदारी

## पंद्रह राज्यों से हो सदस्यों का मनोनयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिख संसद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर में झारखंड एवं बिहार के सिखों को भागीदारी देने की मांग जमशेदपुर के अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने उठाई है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल के रांची दौरे के क्रम में पूरे देश भर के राज्यों के सिखों को प्रतिनिधित्व देने को अधिवक्ता ने न्याय एवं तर्कसंगत बताया। कुलविंदर सिंह ने तर्क दिया कि भागीदारी देते समय अकाली दल का सदस्य है अथवा नहीं इसकी बाध्यता भी खत्म की जानी चाहिए। पंथ के प्रति उसका समर्पण देखा जाना चाहिए। कुलविंदर सिंह के अनुसार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और अमृतसर की संस्था चीफ खालसा दीवान का प्रतिनिधित्व गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरि मंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी में है तो क्या उन संस्थाओं को नहीं चाहिए कि वे बिहार झारखंड को भागीदारी दें? कुलविंदर सिंह के अनुसार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में 15 सदस्य नॉमिनेट किए जाते हैं जो पंजाब राज्य सीमा के बाहर से होने चाहिए। क्यों नहीं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी यह संशोधन करती कि देश के अलग-अलग 15 राज्यों से जहां सिखों की आबादी है वहां से उनका एक प्रतिनिधित्व रखा जाए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी देश के एक दो राज्यों के ही प्रमुख सिखों को मनोनीत कर लेती है। इस पर महासचिव गुरु चरण सिंह ग्रेवाल ने आश्वस्त किया कि अगली बार ऐसा करने की कोशिश होगी। जिससे पूरे देश की सिखों की तस्वीर एकरूप में नजर आए। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह सेठी, बोकारो के सुरेंद्र पाल सिंह कालरा ने भी मेकैनिज्म विकसित करने पर जोर दिया। रांची मेन रोड गुरुद्वारा में हुई बैठक में तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, कोलकाता के सरदार जगमोहन सिंह के साथ झारखंड के विभिन्न गुरुद्वारों की प्रधान भी उपस्थित थे।

## सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स मीट में विद्या ज्योति स्कूल का बेहतर प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विकास विद्यालय रांची में विगत 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-तीन एथलेटिक्स मीट-2023 प्रतियोगिता में गम्हरिया के टीजीएस कॉलोनी परिसर स्थित विद्या ज्योति स्कूल की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ साथ जिले का नाम भी रौशन किया है। उक्त प्रतियोगिता में इस स्कूल दो छात्राएं राधा कुमारी और रानी कुमारी ने भाग लिया था। इसमे राधा कुमारी ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया जबकि रानी कुमारी ने 200 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त किया। पदक लेकर वापस पहुंचने पर विद्यालय परिसर में समारोह आयोजित कर दोनों छात्राओं का स्वागत किया। इस मौके पर उप प्राचार्य आनंद कुमार सिंह, कोच करमू मंडल, खेल प्रशिक्षिका आशा दास समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## कांग्रेस ने किया साप्ताहिक हेल्प डेस्क का आयोजन

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सुत्री सदस्य विजय सिंह सामाड ने अपने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन कार्यालय में हेल्फ डेस्क का आयोजन किया। जिसमें जनता के द्वारा विभिन्न जन समस्या जैसे राशन, पेंशन एवं जमीन सीमांकन से संबंधित समस्या से अवगत होते हुए सभी जनता को समय सीमा पर समस्या का निष्पादन कराने का आश्वासन दिया गया। मौके पर प्रखंड महसचिव सह भरनिया पंचायत प्रभारी भोलेनाथ बोदरा, सचिव सह हाथिया पंचायत प्रभारी मुचराय महाली, हतानातोडांग पंचायत अध्यक्ष सुसेन महाली, आदि थे।

# एक्सएलआरआइ ऑनसेंबल-वल्हल्ला में प्ले बैक सिंगर अमित त्रिवेदी मचाएंगे धमाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में ऑनसेंबल- वलहल्ला का 24वां संस्करण 2 से 5 नवंबर तक होने जा रहा है, जिसमें बालीवुड के सुप्रसिद्ध प्ले बैक सिंगर अमित त्रिवेदी को धमाल मचायेंगे. एक्सएलआरआइ की ओर से होने वाले इस एनुअल कल्चरल, स्पोर्ट्स व मैनेजमेंट फेस्ट की तैयारियां पूरी कर ली गयी है. इस दौरान करीब 40 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित की जायेगी. इसमें देश भर के 45 से अधिक बिजनेस स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही है. इस वर्ष ऑनसेंबल वलहल्ला की थीम अनंत काल की गूंज तय की गयी है. दो नवंबर (गुरुवार) को टाटा ऑडिटोरियम में उक्त लांचिंग के साथ ही ऑनसेंबल वलहल्ला का विधिवत उद्घाटन होगा. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ एवं संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष विनीत नायर शामिल होंगे. श्री नायर टाटा आडिटोरियम में बी स्कूल के छात्रों-शिक्षकों को संबोधित भी करेंगे. इस दौरान द नेक्स्ट जेन लीडर, स्ट्राइक या यील्ड, वार ऑफ विट और कई अन्य जैसे 30 से ज्यादा प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल व मैनेजमेंट से जुड़े कई इवेंट होंगे.

### आइडिया समिट में इंडस्ट्री के दिग्गज देंगे लेक्चर, आज से हो रही है शुरुआत

**आइडिया समिट में आएंगे नए विचार:** इस कार्यक्रम में आइडिया समिट का भी आयोजन किया जायेगा. जिसमें अलग-अलग सभी क्षेत्रों के दिग्गज शामिल होने के साथ ही अपनी बातों को प्रस्तुत करेंगे. इस साल, एसएचओ, सीएचआरओ और बिजनेस जैसे कई पैनल के साथ क्रिएटिविटी के क्षेत्र में विख्यात विश्वपति सरकार खा तौर पर शामिल हो रहे हैं. फाइनांस से संबंधित पैनल में स्टॉक्लोपेडिया से मोहित व मायुना जैन, हर्ष व हेत्वी कामदार, इंटरप्रेन्योर पैनल में सौम्या टंडन व श्रेया मेहता जबकि सीएचआरओ पैनल में महिंद्रा के एचआर हेड विनय अग्रवाल व अरविंद ग्रुप के असीम जगदाले खास तौर पर शामिल हो रहे हैं. ये सभी प्रतिस्पर्धियों को विशेष रूप से आइडिया समिट में विद्यार्थियों से रूबरू करवाया जायेगा.






**स्टैंडअप कामेडियन निशांत सूरी शहर के लोगों को गुदगुदायेंगे:** फेस्ट का सबसे मनोरंजक सेगमेंट द प्रो-शो इस साल खास होगा. 3 नवंबर को प्रसिद्ध इंडियन ओसियन बैंड की प्रस्तुति होगी. जबकि 4 नवंबर को स्टैंडअप कॉमेडियन निशांत सूरी कामेडी नाइट में परफार्म करेंगे. जबकि 5 नवंबर की शाम बॉलीवुड के प्ले बैक सिंगर अमित त्रिवेदी अपनी आवाज से सभी को मदहोश करेंगे.

**पास से मिलेगी इंट्री:** इस शो में शामिल होने के लिए इंट्री पास के जरिये मिलेगी. पास ऑन्सेंबल वलहल्ला की वेबसाइट https://www.ensembleval-halla&lri.com/ से बुक किए जा सकते हैं.

# जमुना ऑटो को आवंटित जमीन की घेराबंदी का ग्रामीणों ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र से सटे हथियाडीह बस्ती में उद्योग स्थापना को लेकर जियाडा द्वारा खेल का मैदान आवंटित किए जाने का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। बुधवार को जियाडा एवं जिला प्रशासन द्वारा उक्त जमीन की घेराबंदी और निर्माण कार्य शुरू किए जाने का वहां के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध करते हुए निर्माण कार्य में लगे जेसीबी को रोक कर निर्माण कार्य बन्द करा दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही होने पर सरायकेला के एसडीओ पारुल सिंह, डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और मामले की जानकारी ली। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से वे लोग उस जमीन को फुटबॉल मैदान के रूप में उपयोग में ला रहे हैं। वहां उद्योग लगने से बच्चों के भविष्य पर इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन पर उद्योग लगने से बच्चों के खेलने के लिए जमीन तक नहीं बचेगी। गौरतलब है कि जियाडा द्वारा उक्त जमीन को जमुना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया है। इस दौरान मौजूद कंपनी के अधिकारियों ने बताया गया कि यह जमीन उन्हें जियाडा द्वारा आबंटित की गई है जहां उद्योग लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि ग्रामीणों को पास में ही इसी जमीन के एक हिस्से को विकसित खेल का मैदान बनाकर दिया जाएगा। लेकिन ग्रामीण इस बात पर तैयार नहीं हो रहे है। बहरहाल, ग्रामीणों के विरोध के कारण तत्काल उक्त निर्माण को बंद कर दिया गया है।



## संपादकीय

# कितनी मीठी मिल्क फैडरेशन

मिठाई के सीजन में मिल्कफेड की मिठास और एक कवायद साल के जश्न में कुछ दिखाने की। मिठाई को हाथों में थामे मिल्कफेड इस बार गिफ्ट पैक में बाजार की मोहब्बत दिखा रहा है, जहां खरीददार के लिए एक ब्रांड है हिमाचल। इसमें दो राय नहीं कि दिवाली की मिठाई और लोहड़ी की गज़क के बहाने मिल्क फेडरेशन अपनी उपस्थिति के साथ स्वाद लेकर आती है। यह भी सही है कि गुणवत्ता के आधार पर ये उत्पाद अपनी खासियत का एहसास कराते हैं, लेकिन यह अल्पावधि का प्रयास है जो बाजार में निरंतरता के साथ संदेश नहीं दे पा रहा। कहना न होगा कि दावों के बावजूद हिमाचल के दुग्ध उत्पाद पड़ोसी राज्यों की कतार में खड़ा नहीं हो पा रहे, नतीजतन सुबह की बाहरी राज्यों की डेयरी पर निर्भरता कम नहीं हुई। यह भी अजीब सा चक्र है कि हिमाचल अपना ब्रेकफास्ट बाहर से मंगवाता है। दूध, ब्रेड और पॉल्ट्री प्रॉडक्टस सुबह सवेरे ही घर-घर दस्तक देते हैं, लेकिन वहां कोई विरला ही हिमाचल का ब्रांड है, वरना हमारी गाय और भैंस तो सडक़ों पर घूम रही हैं। आश्चर्य तो यह कि हम अनुमान लगाने की जुर्रत भी नहीं करते कि आखिर कितने डेयरी, कितने पॉल्ट्री व कितने बेकरी प्रॉडक्ट्स दूर दूसरे राज्यों से सुबह तक हमारे पास पहुंच रहे हैं। बेशक मिल्क फेडरेशन के कई अभिशीतन केंद्र या मिल्क प्लांट इस जद्दोजहद में हैं कि वे हमारे लिए उपयोगी साबित हों, लेकिन न मंडी, न शिमला और न ही कांगड़ा के मिल्क प्लांट जरूरत का एक चौथाई हिस्सा भी पूरा कर पाए। अब कांगड़ा के ढग्वार में 226 करोड़ की लागत से 'स्टेट ऑफ द आर्ट' दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का प्रस्ताव आशा जगा रहा है। इससे पहले भी राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत हिमाचल ने इक्का दुक्का प्रयास जारी रखे, लेकिन उपभोक्ता की मांग का समाधान मिल्क फेडरेशन पूरी तरह नहीं निकाल पाई। मजबूरन सुबह की चाय और नाश्ते में ब्रेड, बटर और अंडे के लिए बाहर से आ रहे ट्रकों का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में सुक्खू सरकार कांगड़ा के मिल्क प्लांट के माध्यम से एक बड़ा सपना पाल रही है और यह कांग्रेस की गारंटी के तहत उत्पादक से उचित मूल्य पर दूध की खरीद का आश्वासन भी है। इस बहाने हिमाचल की योग्यता का पता चलेगा कि क्या राज्य अपने ब्रेकफास्ट की प्लेट सजा पाएगा। ब्रेकफॉस्ट के बहाने कांगड़ा टी को अपना रंग दिखाने, मिल्क फेडरेशन को दूध, मक्खन, पनीर व ब्रेड उत्पाद तक जौहर दिखाने और एचपीएमसी को तरह-तरह के जूस पिलाने का अवसर मिल रहा है। मिल्क फेडरेशन अपने विभिन्न उत्पाद इकाइयों के मार्फत बेकरी उत्पादन भी जोड़ ले तो दूध की ढुलाई में ही बिना अतिरिक्त व्यय के ये उत्पाद भी घर-घर पहुंच जाएंगे। इसी के साथ अगर दिवाली की मिठाई बाजार में उतार कर मिल्क फेडरेशन अपने ब्रांड को चमका रहा है, तो इसे साल भर के नेटवर्क में क्यों न देखा जाए और इसके लिए बाकायदा एक उत्पादन इकाई समर्पित की जाए। हिमाचल के कई विभाग, विश्वविद्यालय, निगम व फेडरेशन अपने-अपने तरीके से राज्य के उत्पादों में ब्रांड बनना चाहते हैं, लेकिन कोई समन्वित कार्य नहीं हो रहा। सत्तर के दशक में ही हिमाचल के जूस ने पूरे देश में अपनी धाक जमा ली थी, लेकिन अब एचपीएमसी ऐसे उद्देश्यों में फिसड्डी है। प्रदेश की पर्यटन मार्केट की आपूर्ति में एक चेन ऑफ प्रॉडक्ट्स संभव है और इस लिहाज से सारे राज्य में हिमाचली उत्पादों के मॉल स्थापित किए जाएं। हम अगर कायदे से शहद और कांगड़ा चाय को ही ब्रांड बनाएं, तो हर आने वाले के लिए शाल, स्कार्फ या टोपी के साथ-साथ इन्हें खरीदना भी जरूरी होगा। ढग्वार मिल्क प्लांट के साथ अगर ज्वालामुखी के पेड़ों तथा दियोटसिद्ध के रोट की दक्षता भी जोड़ दी जाए, तो न केवल ये प्रसाद की जगह उपलब्ध होंगे, बल्कि हिमाचल की पहचान में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय बाजार में महक बिखेर देंगे। ऐसे ही उत्पादों में शुद्ध धूप, ब्रांस फूल के उत्पाद, बागबानी से जुड़े उत्पाद, मछली के आचार व हिमाचली धाम की डिब्बाबंदी जब अपनी खासियत के साथ पेश होंगे तो पर्यटक के लिए इन्हें खरीदना मजबूरी बन जाएगा। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम के समीप एक ऐसे मॉल व प्रदर्शनी केंद्र का निर्माण किया जा सकता है, जहां हिमाचल के सारे उत्पाद तथा सांस्कृतिक रोमांच उपलब्ध करवा कर पर्यटन में पूरे प्रदेश में घूमने की आवश्यकता पैदा की जा सकती है।

मिठाई को हाथों में थामे मिल्कफेड इस बार गिफ्ट पैक में बाजार की मोहब्बत दिखा रहा है, जहां खरीददार के लिए एक ब्रांड है हिमाचल। इसमें दो राय नहीं कि दिवाली की मिठाई और लोहड़ी की गज़क के बहाने मिल्क फेडरेशन अपनी उपस्थिति के साथ स्वाद लेकर आती है। यह भी सही है कि गुणवत्ता के आधार पर ये उत्पाद अपनी खासियत का एहसास कराते हैं, लेकिन यह अल्पावधि का प्रयास है जो बाजार में निरंतरता के साथ संदेश नहीं दे पा रहा। कहना न होगा कि दावों के बावजूद हिमाचल के दुग्ध उत्पाद पड़ोसी राज्यों की कतार में खड़ा नहीं हो पा रहे, नतीजतन सुबह की बाहरी राज्यों की डेयरी पर निर्भरता कम नहीं हुई। यह भी अजीब सा चक्र है कि हिमाचल अपना ब्रेकफास्ट बाहर से मंगवाता है। दूध, ब्रेड और पॉल्ट्री प्रॉडक्टस सुबह सवेरे ही घर-घर दस्तक देते हैं, लेकिन वहां कोई विरला ही हिमाचल का ब्रांड है, वरना हमारी गाय और भैंस तो सडक़ों पर घूम रही हैं। आश्चर्य तो यह कि हम अनुमान लगाने की जुर्रत भी नहीं करते कि आखिर कितने डेयरी, कितने पॉल्ट्री व कितने बेकरी प्रॉडक्ट्स दूर दूसरे राज्यों से सुबह तक हमारे पास पहुंच रहे हैं। बेशक मिल्क फेडरेशन के कई अभिशीतन केंद्र या मिल्क प्लांट इस जद्दोजहद में हैं कि वे हमारे लिए उपयोगी साबित हों, लेकिन न मंडी, न शिमला और न ही कांगड़ा के मिल्क प्लांट जरूरत का एक चौथाई हिस्सा भी पूरा कर पाए।

## कुछ अलग

# 'अपराजेय' बनेगा विश्व चैंपियन

20 सालों की लगातार पराजयों के अभिशाप, अंततः, धुल गए। आईसीसी विश्व कप में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को आखिरी बार 2003 में पराजित किया था। उसके बाद पराजय के सिलसिले ऐसे बंधे कि हम न्यूजीलैंड को हराने में असमर्थ होते रहे। 2019 के विश्व कप के सेमीफाइनल की वह कसक आज भी पीड़ा देती है। टीम इंडिया जीत के मुहाने पर थी, लेकिन कप्तान धोनी के अचानक रन आउट होते ही मुकाबले का परिदृश्य ही बदल गया। टीम इंडिया पराजित होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई और न्यूजीलैंड फाइनल में पहुंच कर 'उपविजेता' बनी। मौजूदा एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप में हमने न केवल पराजयों के प्रतिशोध लिए हैं, बल्कि टीम इंडिया को अभी तक 'अपराजेय' रखने में भी सफल रहे हैं। न्यूजीलैंड ने 274 रनों का जो लक्ष्य दिया था, वह आसान नहीं था। हालांकि कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने 71 रन जोडक़र टीम इंडिया के इरादे स्पष्ट कर दिए थे। यह मैच पूरे देश ने मनोयोग से देखा होगा, लेकिन टीम के दो किरदार-विराट कोहली और मुहम्मद शमी-बार बार मैच का रुख बदलते रहे। विराट तो 'अतुलनीय' हैं। उम्र 34-35 साल...एकदिनी क्रिकेट में 48 शतक और 69 अद्र्धशतक...रन 13,000 से अधिक...अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 26,000 से अधिक रन और अब भी बल्लेबाजी, क्षेत्ररक्षण और रणनीति की वही निरंतरता है, जो अंडर-19 विश्व कप में टीम इंडिया की कप्तानी करते वक्त थी। भारत ने वह विश्व कप भी जीता था। अब विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 95 बहुमूल्य रनों की पारी खेली। यदि बाउंड्री पर वह कैच नहीं होते, तो 'क्रिकेट के भगवान' सचिन तेंदुलकर के कुल 49 एकदिनी शतकों का कीर्तिमान साझा कर रहे होते! गौरतलब यह है कि विराट के सामने खिलाड़ी अपना-अपना योगदान देकर आउट हो रहे थे, तो उस समय विराट भारत की जीत को दहलीज तक पहुंचा चुके थे। अंततः जडेजा ने उस जीत को हमारे आंगन तक पहुंचाया और 20 साल की पीड़ा कुछ कम हुई। अब इस जीत के बाद 'अपराजेय' भारत के विश्व कप जीतने के विश्लेषण किए जा रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारे आजमाए हुए पेसर गेंदबाज मुहम्मद शमी ने एक बार फिर 5 विकेट लेकर साबित कर दिया कि उनकी सटीक गेंदबाजी का कोई सानी नहीं है। शमी ने न्यूजीलैंड के तीन शीर्ष बल्लेबाजों को आउट ही नहीं किया, बल्कि प्रतिद्वंद्वी टीम की रन-गति पर अंकुश भी लगाए रखा। वह बुमराह और सिराज जैसे गेंदबाजों से कमतर नहीं हैं, लेकिन बीते चार मुकाबलों के दौरान उन्हें 'प्रतीक्षारत' ही बिठाए रखा गया।

## भारत के वेद एवं पुराणों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को हल करने के उपाय बताए गए हैं

# भारतीय सनातन संस्कृति का विस्तार भारतीय समाज ही कर सकता है

प्रह्लाद सबनानी

समाज में किसी भी प्रकार के कर्म को धर्म से जोड़कर ही किया जाता था एवं अर्थ को भी धर्म से जोड़ दिया गया था। कर्म, अर्थ एवं धर्म मिलकर मानव को मोक्ष प्राप्त करने की ओर प्रेरित करते थे। सामान्यत: राष्ट्र के नागरिकों में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं के बराबर ही रहती थी और समस्त नागरिक आपस में मिलकर हंसी खुशी अपना जीवन यापन करते थे। भारत के वेद एवं पुराणों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को हल करने के उपाय बताए गए हैं।

प्राचीनकाल में भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस खंडकाल में समस्त प्रकार की गतिविधियां चाहे वह सामाजिक क्षेत्र में हों, सांस्कृतिक क्षेत्र में हों, आर्थिक क्षेत्र में हों अथवा किसी भी अन्य क्षेत्र में हों वह भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए ही सम्पन्न की जाती थीं। समाज में किसी भी प्रकार के कर्म को धर्म से जोड़कर ही किया जाता था एवं अर्थ को भी धर्म से जोड़ दिया गया था। कर्म, अर्थ एवं धर्म मिलकर मानव को मोक्ष प्राप्त करने की ओर प्रेरित करते थे। सामान्यतः राष्ट्र के नागरिकों में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं के बराबर ही रहती थी और समस्त नागरिक आपस में मिलकर हंसी खुशी अपना जीवन यापन करते थे। भारत के वेद एवं पुराणों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को हल करने के उपाय बताए गए हैं। विभिन्न युगों में अलग अलग शक्तियों को प्रधानता दी गई है, इन शक्तियों के माध्यम से ही विभिन्न समस्याओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

"त्रेतायां मंत्र-शक्तिश्च, ज्ञान शक्तिः कृत्ते-युगे। द्वापरे युद्ध शक्तिश्च, संघेशक्ति कलौयुगे।।

सतयुग में ज्ञान शक्ति, त्रेता युग में मंत्र शक्ति, द्वापर युग में युद्ध शक्ति एवं कलयुग में संगठन शक्ति को प्रधानता दी गई है। परंतु, त्रेता युग में भी भगवान राम ने वानर सेना सहित समाज को संगठित करते हुए असुरी शक्तियों पर विजय प्राप्त करने में सफलता हासिल की थी एवं रावण का संहार किया था। द्वापर युग में भी महाभारत का युद्ध पांडवों ने संगठन भाव के कारण एक उद्देश्य को सामने रखकर जीता था। जबकि, कौरवों की सेना के महारथी अपने व्यक्तिगत संकल्पों, प्रतिज्ञा एवं प्रतिशोधों के लिए लड़े और युद्ध हारे थे। इसी प्रकार कलयुग में कालांतर में जब छोटे छोटे राज्य स्थापित होने लगे तब इन राज्यों के बीच आपस में संगठन का स्पष्ट तौर पर अभाव दृष्टिगोचर होने लगा और वे आपस में ही लड़ने लगे थे। संगठन का अभाव एवं सनातन संस्कृति के छूटने के कारण ही आक्रांता के रूप में मुगलों एवं अंग्रेजों को भारत के छोटे छोटे राज्यों पर अपना आधिपत्य स्थापित करने में कोई बहुत अधिक कठिनाई नहीं हुई थी। कलियुग में हिंदू समाज में संगठन शक्ति के जागरण के उद्देश्य से वर्ष 1925 में विजय दशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार ने की थी। जो आज अपने 98 वर्ष पूर्ण कर एक विशाल वट वृक्ष के रूप में हमारे सामने खड़ा है और राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ आज पूरे विश्व में सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन माना जाता है। संघ का मुख्य कार्य स्वयंसेवकों में राष्ट्र भाव जागृत करना एवं समाज में सामाजिक समरसता स्थापित करना है। संघ द्वारा शाखाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों का शारीरिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास किया जाता है। इन शाखाओं में स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं जो समाज में जाकर सामाजिक समरसता का भाव विकसित करने का प्रयास करते हैं एवं देश के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करते हैं। इस प्रकार भारतीय समाज को संगठित करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शाखाओं एवं स्वयंसेवकों के माध्यम से किया जा रहा है। भारतीय समाज की एकजुटता के कारण ही आज भारत में रामसेतु का विध्वंस रुक सका है, जम्मू एवं कश्मीर में लागू धारा 370 एवं धारा 35ए हटाई जा सकी है, 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में निर्मित हो रहा है, जिसका उद्घाटन जनवरी 2024 में पूज्य संत महात्माओं के साथ भारत के प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेंद मोदी जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होना प्रस्तावित है। जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता आज भारत के पास है और भारत इस समूह के समस्त देशों को एकजुट बनाए रखने में सफल रहा है। भारत ने चन्द्रयान को चन्द्रमा के दक्षिणी भाग पर सफलता पूर्वक उतारने में सफलता हासिल की है एवं चन्द्रमा की सतह पर "शिवशक्ति" को अंकित करने में भी सफलता पाई है। भारत आज अपनी सीमाओं की मजबूती के साथ सुरक्षा करने में सफल हो रहा है। खेलों के क्षेत्र में भी नित नए झंडे गाड़े जा रहे हैं, हाल ही में चीन में सम्पन्न हुई एशियाई खेल प्रतियोगिताओं में भारत ने 106 पदकों को हासिल कर एक रिकार्ड बनाया है। इस प्रकार वर्तमान में वैश्विक स्तर पर भारत एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। विभिन्न क्षेत्रों में भारत आज पूरे विश्व को राह दिखा रहा है। एक ओर तो रूस-यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल-हमास युद्ध अपने चरम पर है एवं विश्व के विकसित देश कई प्रकार की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं एवं इन देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो चुका है वहीं दूसरी ओर भारत आर्थिक क्षेत्र में चंहुमुखी प्रगति कर रहा है एवं आज भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। भारत की यह प्रगति कई देशों को नहीं सुहा रही हैं एवं कुछ देश भारत के नागरिकों में आपसी फूट पैदा करने एवं भारत की कुटुंब व्यवस्था को छिन्न भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि न केवल भारत की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित हो सके बल्कि भारत का सामाजिक ताना बाना भी छिन्न भिन्न किया जा सके। यह देश भारतीय सनातन संस्कृति, हिंदुत्व, भारत एवं संघ पर प्रहार कर रहे हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच भारतीय नागरिकों पर आज महत्ती जिम्मेदारी आ जाती है कि कुछ देशों के भारतीय समाज को बांटने के कुत्सित प्रयासों को विफल करें। भारतीय समाज आपस में सामाजिक समरसता का भाव विकसित करें एवं कोई भी कार्य करने के पहिले राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखें। आज की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारतीय समाज को आपस में एकता बनाए रखना भी अति आवश्यक है। सामाजिक बराईयों को दूर करने के प्रयास भी आज हम सभी को मिलकर करने चाहिए। भारतीय समाज को आज की विपरीत परिस्थितियों के बीच जागृत होना ही होगा। लगभग 10 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक ने कहा था कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नए मतदाताओं का शत प्रतिशत पंजीयन होना चाहिए, शत प्रतिशत मतदान होना चाहिए एवं समाज द्वारा राष्ट्रहित के मुद्दों पर मतदान करना चाहिए। आज इन समस्त बातों का ध्यान भारतीय समाज को रखना होगा। श्री यदुनाथ सरकार ने अपनी पुस्तक "शिवाजी एंड हिज टाइम" में उल्लेख किया है कि प्रयाग में मुगलों ने एक अक्षय वट वृक्ष को काट कर उस पर एक बड़ा तवा इस उद्देश्य से रख दिया था कि अब वृक्ष चूंकि कट चुका है अतः स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। किंतु, कुछ समय पश्चात उस अक्षय वट वृक्ष में फिर से कपोलें फूट आईं, उसी प्रकार से भारतीय समाज की सनातन शक्ति को रोकने का सामर्थ्य दुनिया में किसी का नहीं है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## महाप्रबंधक कार्यालय में 49वा कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को 49वा कोल इंडिया का स्थापना दिवस मनाया गया। वहीं इस मौके पर सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 91 कर्मचारियों को पदोन्नति दिया गया। वहीं बरका सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने कोल इंडिया के ध्वज का रोहन किया और साथ ही कोल इंडिया की कॉरपोरेट गीत बजाया गया।इस दौरान सीसीएल के अधिकारी एवं ट्रेड यूनियन,जेसीसी कमिटी,एससी? कमिटी, वेलफेयर बोर्ड, सेफ्टी कमिटी के सदस्य मौजूद थे।वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि आज बरका सयाल क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य कर रहा है कोल कर्मियों के बदौलत कोल इंडिया आज शिखर को छू रहा है।बरका सयाल क्षेत्र पिछले वर्ष 76 मिलियन टन कोयला का उत्पादन किया तो वहीं इस बार 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन मुझे पुर्ण विश्वास है कि हमारे कोयला कर्मी इस 90 मिलीयन टन कोयला उत्पादन करेंगे।वहीं सीसीएल में सतकर्ता जागरूकता अभियान के तहत कोल इंडिया स्थापना दिवस पर डीएवी स्कूल उरीमारी के बच्चों द्वारा भ्रष्टाचार पर नाटक प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सीसीएल बरकासयाल के महाप्रबंधक संचालन



बिनोद कुमार,एस ओ पी अजय कुमार,एस ओ सीवील केपी रंजन,बरका सयाल परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार,बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास ,मैनेजर बिरसा रामेश्वर मुंडा, उरीमारी मैनेजर पीके सेन गुप्ता,सेल आफिसर आजाद कुमार,एस ओ इएंडएम अमरेन्द्र कुमार, एन के सिंह,युनियन की ओर से विन्ध्याचल बेदिया,सतीश सिन्हा, बासदेव साव,खंजाची? राम, देवेन्द्र सिंह,अशोक गुप्ता, संजय मिश्रा, संजय यादव,बच्चन पांडेय, दशरथ कुर्मी,रवि गिरी, गणेश राम,संजय वर्मा, इन्द्रदेव राम,चमन मुंडा, महेन्द्र सिंह,डा जीआर भगत, सुदेश प्रसाद, डीएवी स्कूल के प्रार्चाय युके राय,ललन सिंह,अशोक गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, अमित सिन्हा, हरिनाथ महतो, रित्विक दास गुप्ता, शशी भूषण सिंह, शम्भू सिंह, शशी पासवान, गुरमीत सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक दर्जन घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुज्जू :** रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत नयामोड़ -आरा हीरक मार्ग पर मुरपा तालाब के समीप बुधवार सुबह यात्रियों से भरी मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में एक दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। कुजू ओपी पुलिस क्षतिग्रस्त मेटाडोर को अपने कब्जे में लेकर ओपी लाई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मेटाडोर संख्या जेएच 02 ए टी/7285 उक्त मार्ग से यात्रियों को लेकर नयामोड़, रामगढ़ की ओर आ रहा था। ज्योंहि उक्त मेटाडोर श्रीराम पावर प्लांट से आगे मुरपा तालाब के समीप पहुंचा , अनियंत्रित होकर पलट गया। मेटाडोर के पलटते हीं चीख पुकार मच गई । खबर पाकर पहुंची कुजू ओपी पुलिस व राहगीरों



की मदद से सभी घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। घायलों में ग्राम तुसको थाना चतरो चट्टी निवासी दिनेश करमाली ( 27 वर्ष),वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत बुटबेड़ा निवासी विमला देवी (65 वर्ष), पूनम देवी (30),अंकुल कुमार (5),सिमराबेड़ा निवासी संजू सोरेन (19),महेश सोरेन (28), झूमरा कतवारी निवासी राहुल महतो(18) सहित नमिता देवी, अंजलि कुमारी, रंजीत सोरेन, सोनाली देवी, राजेश सोरेन जिनके बारे में डिटेल जानकारी नहीं मिल सकी, शामिल हैं। सभी घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां गंभीर रूप से घायल दिनेश करमाली ने कुछ देर बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।कुजू ओपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है।

## सांसद प्रतिनिधि ने सांसद के निर्देश पर गोला सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार सांसद प्रतिनिधि सह उप प्रमुख गोला विजय ओझा के द्वारा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिसका विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सांसद को समर्पित किया जाएगा।उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधा प्रखंड के ग्रामीणों को उपलब्ध कराने का सराहनीय प्रयास सांसद के द्वारा किया जा रहा है इस अस्पताल में जो भी कमियां हैं उसे दूर कर हर तरह के स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सांसद प्रयासरत है उसी कड़ी में औचक निरीक्षण किया गया।मौके पर मनोज महतो ,रामकुमार नायक, पिंकी कुमारी, उज्जवल कुमार,एवं स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मी एएनएम फार्मासिस्ट चाइल्ड केयर जांच कर्मी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोल इंडिया स्थापना दिवस पर अरगड्डा क्षेत्र के 64 कर्मियों को मिला प्रमोशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में बुधवार को कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर 64 कामगारों के बीच प्रमोशन लेटर का वितरण हुआ। कार्यक्रम का आरंभ जीएम माईनिंग सुजीत कुमार सिन्हा के द्वारा कोल इंडिया ध्वजारोहण कर हुआ। कोल गाण पर ऊर्जा उत्पादन की शपथ ली गई। साथ ही देश हित के लिए कार्य करने की बाते कही गई। अवसर पर सिरका पीओ के द्वारा ओवरमैन पदोन्नति लेटर शांता कुमार मिला। जबकि महाप्रबंधक संचालन, गिद्दी, रेलीगढ़ा पीओ के द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मियों के बीच प्रमोशन पत्र कामगारों में वितरण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक कार्मिक के द्वारा हुआ। सभी में मिठाई भी बांटे गए। मौके पर पर्सनल, माईनिंग, सिविल विभागों के पदाधिकारी, धनेश्वर तूरी, गौतम बनर्जी, प्रशांत बेल्थरिया, देवनाथ महली समेत कई कामगार उपस्थित थे।

## गोला बीडीओ से जेबीकेएसएस के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति(जेबीकेएसएस) का एक प्रतिनिधिमंडल पांडव कुमार महतो के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला संजय कुमार शांडिल्य से मिला तथा उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लिखित करते हुए लिखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मकानों पर स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मकानों पर आवास संख्या के प्लेट लगाने के एवज में जो 50/- लिए जा रहे हैं उसे निःशुल्क किया जाय ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परेशानी ना हो। मौके पर देवेन्द्र कुमार, अशोक कुमार महतो, अर्जुन महतो, कृष्णा कुमार, शैल देवी, मनोहर महथा सहित कई लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ थाना चौक में ट्रैक्टर और बाइक में हुआ दुर्घटना बाइक सवार की हुई मृत्यु

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना चौक गांधी प्रतिमा के समीप ट्रैक्टर और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई जिसमें बाइक सवार की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार नईसराय की ओर से आ रही खाली ट्रैक्टर थाना चौक गांधी पुतला के पास चट्टी बाजार की ओर से जा रही बाइक छ्वा24 ष्ठ 8668 के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार सौदागर मोहल्ला निवासी रियाज खान पिता ताजुद्दीन खान उम्र 45 वर्ष है उसकी दो बेटे और एक बेटी है साथ ही यह रियाज खान सुबह अपने घर सौदागर मोहल्ला मजार के सामने से कुज्जू जा रहा था। कुज्जू में नेहा एक्स-रे मशीन का दुकान का संचालन करता था जानकारी के अनुसार बाइक सवार हेलमेट लगाया हुआ था ट्रैक्टर काफी स्पीड से आ रही थी जिसे बाइक सवार के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया है जिसे उसकी मृत्यु हो गई पुलिस ने ट्रैक्टर और ट्रैक्टर चालक एवं बाइक को जप्त कर थाना ले गया है एवं दुर्घटना मृत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेज दिया। लगातार शहर में हो रही दुर्घटना से लोगों में काफी आक्रोश है।

## बेरोजगारों को रोजगार दो अन्यथा कार्य होगा ठप : सतीश सिन्हा



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा ने बरका सयाल महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौपा जिसमे सिन्हा ने बड़का सयाल क्षेत्र में चल रहे आउटसोर्सिंग आर0 ए0 माइनिंग के द्वारा शिक्षित बेरोजगारों युवाओ को काम पर नहीं रखने का आरोप लगाया है जबकि राज्य सरकार भी कहती है की 75त्न स्थानीय लोगो को रोजगार दे कंपनी, पर आर0 ए0 माइनिंग अभी तक एक भी स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों युवाओ को नौकरी पर नहीं रखी है और बाहर के लोगो को बुला कर काम करवा रही है जिसका अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ विरोध करती है और मांग करती है की पंद्रह दिनों के अंदर बेरोजगारों के रोजगार पर पहल नहीं हुआ तो आर0 ए0 माइनिंग का कार्य ठप करा दिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## वृद्ध व्यक्ति का मिला शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** थाना क्षेत्र के गनसा ग्राम में जंगल के समीप खेतों में लगभग 60 वर्षीय वृद्ध का शव ग्रामीणों के द्वारा देखा गया। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय थाना को दिया गया। सूचना मिलते ही एस आई संजय रतन एवं एस आई रतन टुडू पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां आसपास के कई गांव के ग्रामीणों के द्वारा मृतक का पहचान कराया गया। हालांकि ग्रामीणों के द्वारा मृतक का शिनाख्त नहीं हो पाया जिसके पश्चात पुलिस प्रशासन के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया है। एस आई संजय रतन के द्वारा बताया गया की शव का शिनाख्त अभी नहीं हो पाया है, यदि किन्हीं के परिवार से 60 से 65 वर्ष के वृद्ध लापता है तो वे महुआडांड़ थाना में संपर्क कर सकते हैं।

# विधायक ने मनिका में नए हॉस्पिटल निर्माण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने दिन बुधवार को मनिका स्थित देवतवा टोंगरी के समीप करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे हॉस्पिटल का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शिलापट अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि मनिका प्रखंड क्षेत्र में इस तरह की अस्पताल कि बहुत ही जरूरी थी ताकि मरीजों को सहूलियत मिल सके आपको बताते चलें की इस अस्पताल का 2019 में ही पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह शिलान्यास किए थे परंतु गलत संवेदक के हाथ में काम चला गया जिसके कारण हॉस्पिटल बनने का कार्य बीच में ही रुक गई वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से दूसरे संवेदक को अस्पताल बनाने का कार्य दी गई है। इस मौके पर राय एंड कुमार कंस्ट्रक्शन के संवेदक राजू राय दिलीप चौधरी कार्तिक तिवारी ने कहा कि बहुत जल्द अधूरे कार्य को पूरा करने का प्रयास हम लोगों के द्वारा की जाएगी मौके पर मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान सुरेंद्र भारती प्रखंड विश्व सूती अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान कामेश्वर प्रसाद यादव विरीद्र बिहारी बिहारी प्रसाद यादव मनिका स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर दिव्य दीक्षित कुजु संजय सिंह रामनंदन उरांव तस्लीम अंसारी नरेश राम विश्वनाथ राय प्रमोद भारती सुमित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अवैध हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अपराध की योजना बना रहे चार शातिर अपराधियों को चतरा पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। एसपी राकेश रंजन के गुप्त सूचना मिली थी कि छोटकी देवरिया स्थित बब्लु यादव के घर में कुछ लड़के पिस्टल के साथ अपराधिक घटना को अंजाम देने का प्लानिंग बना रहे है। इसी सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के निर्देश में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा छोटकी देवरीया स्थित बब्लु यादव के पर छापामारी कर तीन अभियुक्तों को एक देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है। साथ ही कांड सं0 298/23 के अप्राथमिकी अभियुक्त प्रदिप यादव को भी छापामारी कर उसके घर से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों से एक देशी पिस्टल भी बरामद किया है। पुलिस ने आदित्य यादव, बब्लु यादव, श्रवण प्रजापति उर्फ कारू प्रजापति, प्रदीप यादव को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में पु0नि0 सह थाना प्रभारी शिवप्रकाश कुमार, पु0अ0नि0 श्रीराम कुमार पंडित, थाना सशस्त्र बल के जवान हुए।

## सड़क निर्माण कार्य में किया जा रहा है घटिया सामग्री का उपयोग



**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के दुंदु पंचायत स्थित लाली से दुंदु तक हो रहे पीसीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में तीन से चार इंच जे एस बी डाला गया हैं। जबकि रोलिंग करके 6 इंच जेएसबी लगाने का प्रावधान है। लेकिन विभागीय कनीये अभियंता और संवेदक के मिली भगत से जैसे तैसे पीसीसी कार्य किया जा रहा है। उक्त सड़क में कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि 5-1 के मसाला से पीसीसी ढलाई किया जा रहा है उक्त सड़क निर्माण कार्य एनआरइपी विभाग के द्वारा तीन भाग में कराया जा रहा है जिसमें भाग 3 का कार्य का संवेदक बिट्टू जायसवाल के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। पीसीसी निर्माण कार्य में मिट्टी युक्त बालू, 20 एम एम के जगह 40 एम एम चिप्स, निम्न क्वालिटी का जंगरोधक सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है।विभाग द्वारा बालू उठाव का चालान किसी घाट पर अभी तक नहीं दिया गया है लेकिन संवेदको को द्वारा धड़ल्ले से बालू का भी उठाओ कराया जा रहा है। जिस सरकार का काफी राजस्व का नुकसान हो रहा है। वही कनीय अभियंता निरंजन कुमार से मोबाइल से संपर्क करने का कोशिश किया गया लेकिन कई एक बार फोन लगाने के बावजूद मोबाइल रिसीव नहीं किये।

## नेहरू युवा केन्द्र एवं 11 वीं बटा. केरिपुबल आदिवासी युवक व युवतियों को भ्रमण के लिए भेजा विशाखपटनम



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेहरू युवा केन्द्र लातेहार एवं 11 वीं बटालियन सीआरपीएफ के सौजन्य से जिला-लातेहार के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 20 आदिवासी युवक एंव युवतियों का चयन कर किनामार कैम्प में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें 15 वीं आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 01नवम्बर को रात्रि 4:00 बजे धनबाद एल.ए.पी एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा रॉची रेलवे स्टेशन से विशाखपटनम, आन्ध्र प्रदेश के लिए भेजा गया।इस मौके पर वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमाण्डेंट 11 वीं बटालियन, सीआरपीएफ ने कहा की यह कार्यक्रम खेल / गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य जनजातीय युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ना है तथा उन्हें देश के विभिन्न स्थानों की सांस्कृतिक, सामाजिक व जीवन शैली को समझने का अवसर प्रदान करना तथा उनकी सांस्कृतिक धरोहर का आदान-प्रदान करना है। नेहरू युवा केन्द्र लातेहार व 11वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा पूर्व में भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है। इस अवसर पर जुगल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, मनिष कुमार, नेहरू युवा केन्द्र लातेहार, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय, निरीक्षक कृष्णा साहु, उपनिरी0 रामाकान्त सिंह तथा युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से 09 दिसंबर 2023 तक चलने वाले मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रति आमजनों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मतदाता जागरुकता रथ से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत किये जाने वाले कार्यों यथा नये वोटरों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मतदाता सूची में सुधार, मृत मतदाता का नाम विलोपन इत्यादि के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। जिला अंतर्गत मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, मतदान में भाग लेने, युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र ने मनाया कोल इंडिया का 49 वां स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना में एक नवंबर को 49वां कोल इंडिया स्थापना दिवस बडे ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत सर्वप्रथम परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा झंडा फहराते हुए कोल इंडिया के कॉरपोरेट गीत के साथ हुई। आगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि,आज भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को काफी हद तक केवल कोयले से ही पूरा किया जा सकता है क्योंकि यह किफायती लागत पर सुनिश्चित ऊर्जा प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि उत्पादन लक्ष्य पूरा किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों और हितधारकों से कंपनी के विकास और ऊर्जा सुरक्षित कर राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने और भाग लेने का आह्वान किया। श्री सिंह ने लोगो को संबोधित करते हुए बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड अपनी सहायक कंपनियों के साथ देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना वांछित उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य हासिल कर लेगी। इस अवसर पर परियोजना में कार्यरत 63 कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र भी दिया गया। महाप्रबंधक ने सभी योग्य कर्मचारियों को पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य का कामना किया। स्थापना दिवस समारोह में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में सीसीएल के द्वारा किए गए कुछ कार्यो को भी बताया। इस मौके पर कोयद पंचायत के मुखिया किशुन राम, कसियाडीह पंचायत के मुखिया पति गोपाल महतो एवं पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी, विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा, एटक के नेता विनोद बिहारी पासवान सहित बड़ी संख्या में परियोजना क्षेत्र के महिला व पुरुष कर्मी उपस्थित थे।

## पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री पहुंचे गिद्धौर कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने किया स्वागत



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के मैन चौक में पूर्व में रह चुके ग्रामीण विकास मंत्री के एन त्रिपाठी बुधवार को गिद्धौर पहुंचे। जहां कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया। साथ ही साथ ग्रामीणों के साथ कुछ पल के लिए आपसी बैठक कर बात विचार भी कीए। एवं लोगों के समस्याओं को भी मंत्री ने सुना। साथ ही साथ आपसी बात विचार भी की गई। मौके पर उपस्थित इंटक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा समाज सेवी परमदेव कुशवाहा प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर कुमार दुबे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी देवनारायण दांगी के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## नए अंचलाधिकारी का गुलदस्ता देकर किया स्वागत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ के नए अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर का बालूमाथ जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव एवम महागटबंधन के कार्यकर्ता द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मौके पर जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गझू, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, धर्मजीत भुइयां, रामलाल उरांव, त्रिवेणी साव, वीरेंद्र मुंडा, लालदेव उरांव, राजू गंझु, वीरू उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे। वही अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रखंड अध्यक्ष रवि रजक के नेतृत्व में संगठन के लोगों ने नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजूर से औपचारिक मुलाकात किया और दोनों पदाधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष ने दोनों पदाधिकारीयो से शोषित और वंचितों के हित में काम करने की बात कही। मौके पर वीरेंद्र गुप्ता, अर्जुन साव, कृष्णा प्रसाद साव, संतोष कुमार, तुलसी रामराजेंद्र चावल, ज्ञानी पांडे, लाल देव गंझु, राजेश साव, वीरू उराँव, गेंदा राम, पप्पू कुरैशी, संजय यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

जबड़ा स्थित लाइफ केयर नर्सिंग होम को किया गया सील

## महिला की मौत के बाद मामला पकड़ा तूल प्रभारी अशोक कुमार ने किया सील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के जबड़ा स्थित स्कूल के बगल में संचालित लाइफ केयर नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। बीते दिन एक महिला की मौत लाइफ केयर द्वारा ऑपरेशन करने का बाद मौत हो गयी थी। जिससे परिजनों ने मौत का जिम्मेवार उक्त संचालक लाइफ केयर नर्सिंग होम को लगाया था। जिसे देखते हुए रेफरल अस्पताल सिमरिया के चिकित्सा प्रभारी अशोक कुमार करमाली ने उक्त नर्सिंग होम को सील कर दिया है। बता दें कि बीते एक सप्ताह पूर्व एक महिला को ऑपरेशन उक्त नर्सिंग होम में किया गया था। जहां उसकी मौत हो गयी थी। जिसे लेकर सभी अखबारों ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। जिसके आलोक में स्वास्थ विभाग में सनसनी फैल गयी थी। और बन्द करने की कार्रवाई करनी पड़ी। मौके पर स्वास्थ कर्मी के अलावे पुलिस कर्मी शामिल थे।

## कोल इंडिया का 49 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** मगध परियोजना के खान प्रबंधक मो0अकरम की अध्यछता में परियोजना कार्यालय में बुधवार को 49वां कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम के तहत खान प्रबंधक मो0 अकरम द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।मौके पर खान प्रबंधक ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को काफी हद तक केवल कोयले से ही पूरा किया जा सकता है। क्योंकि यह किफायती लागत पर सुनिश्चित ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि उत्पादन लक्ष्य पूरा किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों और हितधारकों से कंपनी के विकास और ऊर्जा सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने और भाग लेने का आह्वान किया। आगे उन्होंने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड अपनी सहायक कंपनियों के साथ देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि मगध परियोजना वांछित उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य हासिल कर लेगी। इस अवसर विशेष पर परियोजना के कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र भी दिया गया। खान प्रबंधक ने सभी योग्य कर्मचारियों को पदोन्नति पर बधाई दी। कल्याण अधिकारी आकाश वरुण कुल्लू ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## विद्यालय में बच्चों के बीच मडुवा लड्डू का किया गया वितरण बच्चों में देखी गई खुशी



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सरकार के निर्देशानुसार लगभग सभी सरकारी विद्यालय मे बुधवार से बच्चों को मडुआ का हलवा व लड्डू का वितरण किया गया है। इसे लेकर विभाग के जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी चतरा ने पत्र जारी किया है। इसे लेकर विद्यालयों में शिक्षकों के साथ साथ रसोइया, संजोजिक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगों मे मडुआ हलवा व लड्डू को लेकर उत्साहित दिखे। विद्यालय में दिए निर्देश के मुताबिक लड्डू बनवाये गए। बच्चों ने भी इसे बड़ी चाव से खाया।

# चतरा जिला को बाल विवाह एवं महिला, बाल शोषण मुक्त बनाने के लिए डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बाल विवाह एवं महिला बाल शोषण मुक्त जिला बनाने के लिए सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन जागरूकता अभियान आयोजित करने के लिए आवश्यक बैठक की गयी। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम एवं महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ होने वाले हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के दौरान चलाए जाने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियों पर चर्चा की गयी।बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग, झारखंड सरकार एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, एक्स आई एस एस एवं जेएसएलपीएस के सहयोग से राज्य में चतरा जिला में बाल विवाह, महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने हेतु दिनांक 31 अक्टूबर से 14 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। उप विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह,महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को पूर्णतः समाप्त करने के लिए प्रमुख गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है। जिला और प्रखंड स्तर पर एसएचजी आदि का उन्मुखीकरण कार्यक्रम चलेगा। वैसी बालिकाओं और माता पिता को सम्मानित करना, जिन्होंने बाल विवाह को हतोत्साहित किया है और लड़कियों को उनकी विषम परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा जारी रखने में मदद की है। वंचित समुदायों की बालिकाओं कि पहचान, जिन्हें सावित्री बाई फुले योजना से जोड़ा जा सकता है। अभियान के सफल बनाने के लिए उप विकास आयुक्त के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, डी पी एम जेएसएलपीएस को प्रखंडवार किए जाने वाले गतिविधियों की सूची बनाने का निर्देश दिया गया तथा पंद्रह दिनों के अंदर वैसी बालिकाओं को चिन्हित करके पुरस्कृत करने का निर्देश दिया गया जिन्होंने अति विषम परिस्थितियों में भी रह कर अपनी पढ़ाई जारी रखी है और बाल विवाह का विरोध किया है। साथ ही उनके माता पिता को भी सम्मानित करने का निर्देश गया।साथ ही उप विकास आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वयं सेवी संस्था से आए प्रतिनिधियों को जेएसएलपीएस तथा पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों के साथ मिल कर जिला में जागरूकता लाने का निदेश दिया।साथ ही बाल यौन हिंसा के उन्मूलन के लिए भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, डी पी एम जेएसएलपीएस, डीएवी स्कूल के प्रधानाध्यापक, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्य, रेड क्रॉस के सचिव के साथ साथ एन जी ओ से समाधान संस्था, पीरामल संस्था, लोक प्रेरणा केंद्र, राइज संस्था आदि के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# पंसस की बैठक में संचालित योजनाओं का लिया गया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की संयुक्त अध्यक्षता में पंसस की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कई विभाग के अधिकारी व कर्मियों के साथ सभी पंचायतों के पंसस की उपस्थिति रही। वहीं बैठक में अनुपस्थित जनसेवक सह पंचायत सचिव सर्वेश कुमार सिंह पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा नाराज़गी जताई गई और उन्हें स्पष्टीकरण करने की बात कही गई। वहीं प्रमुख सुशीला देवी ने कनीय अभियंता की लापरवाही के शिकायत पर बीडीओ ने जेईई शिव मोहन को जमकर झाड़ पिलाया। पिछले बैठक का सदन के द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर अनुपालन की प्रति सदन को उपलब्ध कराई गई।इस मौके पर सदन के द्वारा बारी बारी से संबंधित विभाग के द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी ली गई। जहां मनरेगा योजना से मिट्टी मुरूम सडक निर्माण के लिए ग्राम सभा कराने की बात बीपीओ के द्वारा बताया गया। वहीं खुरा पंचायत के रोजगार सेवक को अबतक प्रभार नहीं दिलाना बीपीओ और रोजगार सेवक की बड़ी लापरवाही है इस संबंध में उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल ने कड़ी फटकार लगाई है। जहां पशुपालन विभाग के डॉक्टर प्रमोद कुमार के द्वारा बताया गया कि बेतला और छिपादोहर में मवेशी अस्पताल नहीं होने से गौ पालकों को काफी परेशानी हो रही है इसपर सदन के द्वारा उपायुक्त को आवेदन करने को कहा गया। बैठक में सदन के द्वारा पंचायत के सभी पंचायत सचिवों से चापाकल मरम्मती से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट की मांग की गई है। वहीं बालू घाटों से आय व्यय, लेखा जोखा के सवाल पर बताया गया कि केचकी पंचायत का वित्तीय वर्ष में आठ लाख रुपए का आय है। वहीं बेतला व छेंचा पंचायत के घाटों का कोई अता-पता नहीं है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, बीसीओ अनुज शरण, मंजीत कुमार सिंह पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसमस्याओं के समाधान के लिए राज्य सभा सांसद ने उपायुक्त से की मुलाकात

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न जन समस्याओं के समाधान को लेकर पूर्व माण्डु विधायक वर्तमान राज्य सभा सांसद खीरू महतो ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर अवगत कराया। ज्ञात हो कि जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने विष्णुगढ़ प्रखंड के कई जन समस्याओं को लेकर दो सप्ताह पहले सांसद खीरू महतो को आग्रह किया था,कि कुछ जन कल्याणकारी योजनाओं के अभाव में प्रखंड वासियो को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका निदान अब तक नही हो पाया है, जिस बात को ले सांसद ने उपायुक्त के समक्ष प्रमुखता से रखा। साथ ही जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने आश्वत कराया था,कि विष्णुगढ़ के हर छोटी बड़ी समस्याओं के लिए हम गंभीर है। प्रखंड की समस्या सदन तक पहुंचाने के लिए आग्रह करूंगा ताकि समस्या का समाधान जल्द हो सके ।

### अमृत योजना अंतर्गत पेयजल आपूर्ति योजना की बैठक सम्पन्न हुई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ि नगर निगम के प्रशासक सह नगर आयुक्त शैलेन्द्र कुमार लाल की अध्यक्षता में जुडको,एल एंड टी के साथ बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार, अनिल कुमार पांडे, कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट अरुण बाउरी ,प्रधान सहायक निरंजन सिंह, जुडको के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय कुमार, जुडको के ऐ पी एम प्रणव पाण्डे , पी एम सी से स्वपन सेन तथा एल एंड टी के प्रोजेक्ट मैनेजर दिनाकरण उपस्थित थे। इस योजना के अंतर्गत 1 एम एल डी डब्ल्यू टी पी झील एवं 8 एम एल डी डब्लू टी पी छढवा डैम से दो माह के अंदर जलापूर्ति प्रारम्भ हो जाएगी।डब्ल्यू टी पी झील से 1039 घरों तक जलापूर्ति की जानी है इसमें 1039 घरों में कनेक्शन किया जा चुका है तथा वहां मीटरिंग भी की जा चुकी है एवं ट्रायल रन अक्टूबर से किया जा रहा है। डब्ल्यू टी पी छढवा डैम से 8173 घरों को कनेक्शन किया जाना है जिसमे से 3500 घरों में कनेक्शन किया जा चुका है शेष बचे कनेक्शन को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश नगर आयुक्त द्वारा एल एंड टी को दिया गया ।इसके अतिरिक्त 52 एम एल डी डब्ल्यू टी पी रोला जलापूर्ति करने हेतु कोनार डैम में इन्टेक वेल का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है इससे लगभग 46788 घरो में जलापूर्ति की जाएगी।

### मलकोको मुखिया ने 120 कृषकों के बीच गेहूं सरसों, मसूर, व चना बीज का किया वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रिखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के अनुसूचित जातियों के 120 लाभुक कृषकों के बीच गेहूं, चना, मसूर सरसों बीज आदि का वितरण किया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत के मुखिया विजय कुमार यादव ने बताया कि हर एक लाभुक कृषकों के बीच 10 किलो गेहूं, सरसों 1 किलो, मसूर 1केजी, चना का वितरण किया गया। मौके पर उन्होंने बताया की उत्तम किस्म की बीज मिल जाने किसानों को खेती करने में काफी सहूलियत होंगी। वहीं कहा कि समय पर खेती करें और उत्तम किस्म की बीज लगाने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। मौके पर मलकोको पंचायत के कृषक मित्र सुरेन्द्र पासवान सहित लाभुक एव ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेटियों ने 102 वर्षीय पिता को दिया कंधा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेरु निवासी 102 वर्षीय कृष्ण लाल चौबे उर्फ गुठैरी चौबे का देहांत 1 नवंबर सुबह 4-30 बजे हो गया। ये सर्वे आफ इंडिया से सेवानिवृत थे। इनका जीवन हमेशा निष्कलंक रहा, ये 6 बेटियों के पिता थे। आज के जमाने में एक शताब्दी तक जिंदा रहना ये बहुत बड़ी बात है इनकी पत्नी रुक्मिणी देवी का देहांत पूर्व में ही हो चुका है।आज इनकी बेटियां सीता देवी, द्रौपदी देवी, गिरजा देवी, रीता देवी, माधुरी देवी और सुनीता देवी ने नम आंखों से पिता की अर्थी को कंधा देकर समाज को आइना दिखाने का कार्य किया है और ये संदेश दिया की हम बेटियां बेटों से कम नहीं हैं।ये अपने पीछे 130 लोगों का भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। अंतिम संस्कार वाराणसी में किया गया।सबसे बड़े नाती संजय पांडे ने मुखाग्नि दी। श्रद्धांजलि देने वाले में दामाद दिनेश पांडेय, सुदामा पांडेय, कामेश्वर पांडेय और शत्रुघ्न पांडेय के साथ साथ रवि पांडेय ,अजीत पांडेय ,अमित पांडेय, विजय तिवारी, मिथिलेश पांडे, अरविंद ओझा, नीरज पांडेय, श्रीकांत और ऋषिकांत इत्यादि शामिल थे।

### आशुभाषण प्रतियोगिता में बहन सृष्टि कुमारी ने एवं मूर्ति कला में भैया आशीष कुमार ने प्रथम पुरस्कार जीता

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्या भारती द्वारा आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2023 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली की बहन सृष्टि कुमारी ने तरुण वर्ग के आशुभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही मूर्ति कला प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में भैया आशीष कुमार ने भी प्रथम पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित कियाद्य बहन सृष्टि कुमारी एवं भैया आशीष कुमार के क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने सृष्टि कुमारी एवं आशीष कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की हैद्य गौरतलब है कि बहन सृष्टि कुमारी एवं भैया आशीष कुमार आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे द्य क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बहन सृष्टि कुमारी एवं भैया आशीष कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से विद्यालय के आचार्य बंधु -भगिनी भगिनी ने भी सृष्टि एवं आशीष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है द्य क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2023 में बहन सृष्टि कुमारी एवं भैया आशीष कुमार विद्यालय में कार्यरत दीदी निशा शर्मा एवं आचार्य राजेंद्र कुमार के दिशा निर्देश में भाग लिए द्य

### गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ अध्यक्ष ने नगर आयुक्त से की भेंट

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ ने हजारीबाग नगर आयुक्त कौशल कुमार लाल को बुके देकर उन्हें बधाई दी , और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। नगर आयुक्त ने कहा फुटपाथ दुकानदारों को थोड़ा सफाई पर ध्यान देने कहा। उन्होने कहा कि जैसे की देवघर में वेंडर मार्केट का काम शुरू हुआ था, उसी तरह हजारीबाग में भी वेंडर मार्केट काम जल्द से जल्द शुरू करवाएंगे ।

### अदाणी फॉउंडेशन के नेत्र शिविर में हो रहा ग्रामीणों का इलाज

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से नेत्र चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य शिविर में कुल 41 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। इसके तहत महुगाई कला स्थित शिव मंदिर के पास मंगलवार को निन्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित कर 21 ग्रामीणों का इलाज किया गया। इस दौरान हजारीबाग के नेत्र रोग विशेषज्ञ सौरभ बोस ने सभी 12 महिलाओं और 9 पुरुषों के आंखों की जांच की। जांच के क्रम में सभी के आंखों की रौशनी कमजोर पायी गयी, जिसके बाद इन्हें डॉक्टर ने उचित नंबर का चश्मा लगाने की आवश्यकता बताई। अगले कुछ दिनों में इन सभी को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जाएगा। इससे पहले अदाणी फॉउंडेशन विभिन्न स्थानों पर चार नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर चुका है। इन शिविरों में कमजोर आंख वालों को चश्मे भी वितरित किये जा चुके हैं। इधर, नेत्र जांच शिविर के अलावा प्रखंड के शिवाडीह गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने मंगलवार को कुल 20 मरीजों का इलाज किया।

## बरही बीडीओ ने प्राचीन छठ घाट का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुवे प्रशासनिक पदाधिकारी चौकस नजर आ रहा है। बुधवार को बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने प्राचीन छठ घाट बरही का निरीक्षण किया। इस दौरान नदी के पास जाकर छठ घाटों की स्थिति की जानकारी ली। वही छठ घाट स्थल पर साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व छठ व्रतियों के सुविधा का जांच किया। बीडीओ ने बताया कि आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व पर व्रतियों को छठ घाटों किसी तरह की परेशानी न हो इस पर जोर दिया जा रहा है। मौके पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, मुखिया मो. शमशेर आलम, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य, ग्राम अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद केसरी, पैक्स अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, वरिष्ट समाजसेवी अशोक सिंह, राजू राणा, राजकुमार केसरी, छठ पूजा समिति सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, समाजसेवियों में संजय साव, दामोदर प्रजापति, विजय सिंह, प्रवीण सिंह, शिबू साहू, नंदन केसरी, गोविंद ठाकुर आदि मौजूद थे।

## विधायक से मिलकर जनसमस्याओं से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधायक से प्रमुख, विधायक प्रतिनिधियों समेत कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बुधवार को उनके आवास पर मुलाकात किया। मौके पर सीओ रामनारायण खलखो भी मौजूद थे। मौके पर सभी ने बरही विधानसभा की जनता की मूलभूत समस्याओं के निदान एवं विकास की गति को बेहतर तरीके करने के लिए विधायक को साधुवाद दिया। साथ ही रिजवान अली ने बरही अनुमंडलिय अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को जल्द दुर करने, अनुमंडलीय अस्पताल की लचर व्यवस्था को सुधार करने, जियाडा औधोगिक प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न लोह इस्पात फैक्टरियों द्वारा प्रदुषण फैलाने आदि समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर बरही प्रमुख मनोज रजक, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, कांग्रेस बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मो. वारीस, समाजसेविका हशबुन निशा, शीला देवी, मीना देवी, अशगरी खातुन, सुमन देवी आदि उपस्थित रहें।

## बरही के विभिन्न जगहों पर किया गया फॉगिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुधवार को बरही के विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग किया गया।फॉकिंग कार्यक्रम सीएस डॉ.सरजू प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में किया गया, जो बरही अनुमंडलीय अस्पताल से शुरू हुआ और बरही चौक होते हुए बरही पश्चिमी पंचायत क्षेत्र के बड़ा शिवालय परिसर, अफीम कोठी, रामनगर, बारहीडीह आदि स्थानों में किया गया। मौके पर डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि फॉगिंग करने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जैपनीज आदि गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि लोगों को जागरुक भी करना है। उन्होंने बताया कि यदि आपके अगल-बगल में यदि पानी जमा है, तो उस पर जला हुआ डीजल, मोबिल या कीरासन तेल डालकर लार्वा को नष्ट करें ताकि मच्छर को पनपने से रुके। वहीं उन्होंने कहा कि अन्य जगहों पर भी बहुत जल्द फागिंग किया जाएगा।

## अखिल भारतीय खो-खो प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार व ताइक्कांडो में कांस्य पदक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली के बच्चों ने जीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 34वी अखिल भारतीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के देवास में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हार टोली के भैया शौर्य सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त कियाद्य गौरतलब है कि 34वीं अखिल भारतीय खो खो प्रतियोगिता के किशोर वर्ग के बहन खंड में बहनों ने द्वितीय पुरस्कार जीत कर विद्यालय का नाम रोशन कियाद्य



उपर्युक्त दोनों शानदार जीत से विद्यालय के सचिव ,संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य ,दिनेश कुमार मिश्र ने सभी विजेता भैया -बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के बच्चों ने अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जीत का परचम लहराया विद्यालय के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि हैद्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भैया-बहनों के शानदार जीत से विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी ने भी विजेता बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । विद्यालय की बहनों ने खो-खो प्रतियोगिता की तैयारी विद्यालय के आचार्य राकेश कुमार सिंह एवं रणजीत सिंह यादव के दिशा निर्देश में की थी ।

## कटिया में पीसीसी पथ का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** कटिया काली मंदिर पीटीपीएस मेन रोड से सुरेश महतो बरतुआ रोड तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता,मुखिया किशोर कुमार महतो तथा पीवीयुएनएल सिविल के अमिताभ दत्ता संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किये। तथा मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा कहा गया कि यह पथ लगभग एक करोड़ के लागत से बनेगा।इसके अलावा स्वामी विवेकानंद स्थल कटिया पीटीपीएस का सुंदरीकरण एवं संगमरमर पत्थर का स्टैचू लगाने हेतु मुखिया किशोर कुमार महतो एवं पीवीयूएन के अमिताभ दत्ता सीएसआर के राजेश डुगडुग संयुक्त रूप से नारियल फोड़ शिलान्यास किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति अनीता जैन,उप मुखिया नंदकिशोर महतो किरण देवी,रीता देवी,गीता देवी,सुमित्रा देवी,गोपाल महतो,रणधीर कपूर पीवीयूएन से निशांत सैनी,सुजीत कुमार,रितेश कुमार,भास्कर सिंह,विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद, कुमेल उरांव,कयूम अंसारी, भुवनेश्वर, महतो,कौलेश्वर महतो, ग्रामीण से वकील महतो, अशोक महतो,गणेश ठाकुर, बालकिशुन महतो, रमेश महतो, नरेश महतोरूपलाल महतो, सुनील कुमार, रविंद्र कुमार,मनीष कुमार, विपिन कुमार, आर्यन कुमार, जयप्रकाश निराला के अलावा सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## आत्मा ने किसानों के बीच तिलहन बीज का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में आत्मा के द्वारा 110 कृषकों के बीच तिलहन राई का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत किया गया था। इस वितरण समारोह में मोटे अनाज की खेती करने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मोटे अनाज बीमारियों से बचाता है। लोग कृषि पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसलिए प्रवासियों की संख्या बढ़ गई है। गोंदली मकई, मड़वा, कोदो, आज दवा के रूप में उपयोग हो रहे हैं। इसलिए हमें मोटे अनाजों की खेती करनी चाहिए। सरकार किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। सरकार द्वारा प्रदत्त उन्नत किस्म के बीच का सदुपयोग करना चाहिए। वहीं कृषि से जुड़े पदाधिकारी के द्वारा किसानों को राई लगाने की विधि की जानकारी दी गई। वितरण समारोह में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जेबुन निशा, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, विधायख प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, पंचायत समिति सदस्य महताब आलम, अजय मंडल, मुन्नी देवी, 20 सूत्री सदस्य कपिल देव चौधरी, बेलाल अंसारी समेत कृषक मित्र एवं किसान उपस्थित थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के सहयोग और एनएसएस इकाई के बैनर तले आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को ÷भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें÷ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनुष्का कुमारी, प्रियांशु सिन्हा, गुलशन सिंह, महेंद्र, ललीता कुमारी, रिया, पिंकी, हवन्ति, प्रियंका, खुश्बू, सुषमा, प्रिया, लक्ष्मी समेत अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। इससे पूर्व बीते सोमवार को भ्रष्टाचार मिटाने और राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखने के लिए लिए गए शपथ के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई। बता दें कि बीते 30 अक्टूबर से आगामी 05 नवंबर तक चलने वाले इस जागरूकता सप्ताह के तहत निबंध, वाद-विवाद सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भ्रष्टाचार मिटाने और देश की एकता की अहमियत के मद्देनजर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे, जिसके जरिए विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि भ्रष्टाचार समाज में दीमक की तरह है, जिसका समाप्त होना बेहद जरूरी है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम से भ्रष्टाचार के खात्मे में बड़ी मदद मिलेगी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मूल उद्देश्य समाज में फैल रहे भ्रष्टाचार को लेकर जागरूक करने के साथ साथ राष्ट्र एकता की अहमियत से भी लोगों को रूबरू कराना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्येक वर्ष विभिन्न सामाजिक मुद्दों को आधार बनाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव भी लोगों पर पड़ता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह को सफल बनाने में सांस्कृत समन्वयिका डॉ रोजीकांत, एनएसएस अधिकारी डॉ रूद्र नारायण एवं डॉ प्रीति व्यास सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के साथ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बैठक कर जानकारी दिया। अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने मतदाताओं का नाम जोड़ने तथा नाम हटाने एवं सुधार करने हेतु प्रपत्र 6, 7 एवं 8 की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं का निबंध की प्रक्रिया को पूरी तरह से सरल बना दिया है। बीएलओ के माध्यम से आसानी से नाम जोड़ने तथा नाम हटाने और सुधार करने का काम किया जा रहा है। विशेष मतदाताओं के लिए विशेष कैंप का आयोजन कर मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ा जा रहा है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अपने बूथ पर जाकर फोटो खिचवाऐं और उसे ग्रुप में डालकर मतदाताओं को प्रोत्साहित करें। कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे इसलिए उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। आदिम जनजाति तथा रैन बसेरा में रहने वाले लोगों का भी नाम मतदाता सूची में चढ़ावाना है। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रामचंद्र दांगी ,भारतीय जनता पार्टी से मधुसूदन प्रसाद, गुरु प्रसाद साव, झारखंड मुक्ति मोर्चा से कपिल देव चौधरी, संजय प्रजापति, आजसू से अध्यक्ष अजय मंडल, कांग्रेस से विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, रामजन्म राय भाकपा माले से घनश्याम पाठक शामिल हुए।

## एनटीपीसी द्वारा बड़कागांव मेगालिथ स्मारक के विकास हेतु पचास लाख की प्रथम किस्त उपायुक्त हजारीबाग को सौंपी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना द्वारा बड़कागांव प्रखंड स्थित अति प्राचीन ÷मेगालिथ÷ स्मारक के विकास हेतु समर्पित तीन करोड़ रुपए में से पचास लाख की प्रथम किस्त आज उपायुक्त हजारीबाग को सौंप दी गई है। एनटीपीसी द्वारा यह सहयोग इस स्मारक स्थल के विकास के साथ ही बड़कागांव को एक पर्यटक नगरी के रूप में विकसित करने की आशा के रूप में सौंपा गया है।

सुप्रसिद्ध मेगालिथ खगोलीय विज्ञान का भारत के सबसे प्राचीन मेगालिथ में से एक है। अनुमानतः यह कम से कम 3000 साल पुराना है। प्राचीन काल में इसका उपयोग विषुव का निरीक्षण करने के लिए किया जाता था। इस स्थान पर दो प्रमुख मेन्हीर यानी खड़े पत्थर हैं, जो अंग्रेजी वर्णमाला के वी(ङ्क) आकार बनाते हैं। विषुव के दिनों में, सूर्य इन दोनों पत्थरों के ठीक बीच में उगता है, जिससे एक शानदार दृश्य बनता है। उक्त जानकारी का आशय यह है कि यह ऐतिहासिक स्थल बड़कागाँव एनटीपीसी कोल परियोजना क्षेत्र के अंर्तगत आता है, जिसके संरक्षण तथा इस स्थल के विकास के लिए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने आने वाले खर्च की पहली किस्त उपायुक्त नैंसी सहाय को सौंपी। इससे पहले भी कंपनी के द्वारा आसपास के कई गांव में पक्की सड़कों का निर्माण, जल की व्यवस्था के लिए डीप बोरवेल, हैंड पंप इत्यादि दी गई है। इसके साथ ही परियोजना प्रभावित गांवों में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं मुफ्त दवाइयां के अलावा बच्चों के प्रशिक्षण के लिए औद्योगिक एवं प्रशिक्षण केंद्र भी चलाया जा रहा है जहां पर सैकड़ो बच्चे प्रशिक्षित हो रहे हैं।

## सरना धर्म कोड की मांग को लेकर जनसभा में शामिल होने के लिए मडमो में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के मडमो पंचायत के टोला डुमरिया टांड मे सेंगेल अभियान जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा के नेतृत्व मे बैठक का आयोजन किया गया द्य बैठक में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासी भाई बहनों से जनसभा मे शामिल होने की अपील की गई। सेंगेल अभियान जोनल हेड आनंद टुडू ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा 8 नवंबर 2023 रांची मोराबादी मैदान मे सरना जनसभा भारत के लगभग 15 करोड़ प्रकृति पूजक आदिवासियों के सामाजिक,धार्मिक और राजनीतिक आजादी का महाजुटान है। आदिवासियों के अस्तित्व,पहचान,हिस्सेदारी के साथ प्रकृति पर्यावरण को बचाने का भी जनांदोलन है। संवैधानिक मौलिक अधिकार का अहम सवाल है। भारत के आदिवासियों को अबतक धार्मिक आजादी से वंचित रखने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों दोषी हैं। सरना धर्म कोड को अब चुनावी वर्ष में बृहद आदिवासी एकता और निर्णायक जनआंदोलन से चुनावी मुद्दा बनाकर हासिल किया जा सकता है। रांची मोरहाबादी मैदान में आहूत सरना धर्म कोड जनसभा वृहद एकता और जन दबाव बनाने का अच्छा मौका है। मान्यता घोषणा की अनुपस्थिति में 8 दिसंबर 2023 को भारत बंद सरना धर्म कोड के लिए अनिवार्य और कटिबद्धता का प्रतीक है।आदिवासियों के हकोहुकूक के लिए सभी से विनम्र अपील है इस आंदोलन को धार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें।रांची से इस बार सरना धर्म के पवित्र धर्मस्थलों यथा मरांग बुरु, लुगु बुरु, अयोध्या बुरु आदि को बचाने का संकल्प लिया जाएगा। आदिवासियों के आरक्षण और जमीन आदि को लूटने वाले पार्टी, नेता और जातियों का भी विरोध किया जाएगा।

# पेड़ के निचे पढ़ने को मजबूर है बच्चे

## भवन निर्माण के लिये शिलान्यास होने के बाद भी नहीं शुरू हुआ निर्माण कार्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया गर्ल्स हाई स्कूल के छात्राओं को इन दिनों पेड़ के निचे बैठ कर पढ़ाई करने के लिये विवश हैं जिसे लेकर बुधवार को स्कूल प्रबंधक, शिक्षक और अभिभावको के बिच स्कूल परिसर मे बैठक का आयोजन की गई, जिसमे सभी छात्रों ने बाहर बैठ कर पढ़ाई करने मे असमर्थता जताई, बच्चों ने बताया की भवन का शिलान्यास हो चूका है लेकिन 6 माह के बाद भी भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ जो भी पुराना भवन था उसे भी तोड़ दिया गया है हम सब को बिना ब्लैक बोर्ड की पढ़ाई करनी पड़ रही है सडक भी नजदीक है शोरगुल होते रहता है अब कुछ ही दिनों मे परीक्षा भी होने वाली है ऐसे मे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया की इसी समस्या के निराकरण को लेकर मीटिंग बुलाये है ताकि कुछ हल हो सके बच्चे पड़ सके, स्कूल के पास 70 हजार है ये इतना काफ़ी नहीं की कोई विकल्प तलाश सके, हम चाहते है जल्द स्कूल बने और बच्चे पढ़ाई कर सके, वहीं कार्यक्रम मे उपस्थित अभिभावक सह युवा समाजसेवी धरमपाल महतो ने भी बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता जहिर की है और कहा की जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो ताकि बच्चे अपना पढ़ाई अच्छे से कर सके, मौके पर बिनोद ठाकुर, त्रिलोकी मण्डल, अर्जुन यादव, तुलसी स्वर्णकार, काशी महतो, नैना देवी, बालेश्वर कुशवाहा समेत सैकड़ो अभिभावक उपस्थित थे।

# व्यवसायी गोलीकांड के सात आरोपी गिरफ्तार एक अपराधी को पुलिस ने मारी गोली



**7 पिस्टल, 15 गोली, 2 मोबाइल और 1 बाइक बरामद**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** व्यवसायी दीपक अग्रवाल पर फायरिंग मामले में संलिप्त सात अपराधियों को गिरफ्तार कर धनबाद पुलिस ने कांड का उदभेदन कर लिया है। कांड के अनुसंधान के क्रम में कुल 7 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है, जिसमें 7 पिस्टल, 15 गोली, 2 मोबाइल और एक बाइक बरामद की गई है। एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांड के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। एसएसपी ने बताया रंगदारी को लेकर प्रिंस खान के गुर्गो ने दीपक अग्रवाल पर गोली चलाई थी जिसमें शामिल सभी सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के क्रम में घटना में प्रयुक्त की गई बाईक को भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया की इस कांड के अनुसंधान के लिए पुलिस की अलग अलग कुल 12 टीम बनायी गई थी, जिसमें सिटी व ग्रामीण एसपी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, डीएसपी मुख्यालय 1 तथा कई थाना के इंस्पेक्टर और जवान शामिल हैं। उन्होंने बताया अनुसंधान के क्रम में पहले तीन अपराधियों को धनबाद पुलिस द्वारा एटीएस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। जिसमें राहुल सिंह, पिंटू महतो और विकास सिंह शामिल है। इन तीनों में दो जमुई और एक धनबाद के चिरकुण्डा का रहने वाला है। इनकी योजना जिले में लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का था। ये तीनों आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में ही थे तभी इन्हे जीटी रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस का अनुसन्धान और आगे बढ़ा जिसमें व्यवसायी दीपक अग्रवाल पर गोली चलानेवाले मोहम्मद छोटू समेत चार अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। चारों अपराधियों में छोटू के अलावे रिहान राजा उर्फ राजा उर्फ आर्यन खान, आतिफ अली और साहिल अंसारी शामिल है। एसएसपी ने बताया घटना में गोली चलाने वाले से लेकर बाईक चलाने वाला, हथियार सप्लाई करनेवाला और कांड का साजिशकर्ता सभी पकड़े गये हैं। उन्होने बताया की गिरफ्तार छोटू की निशानदेही पर पुलिस जब हथियार बरामद करने गई तो छोटू भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस पर उसने हमला भी बोला जिसमें जवाबी कार्रवाई में छोटू पर गोली चलाई गई उसके पैर में गोली लगी और वह पकड़ा गया, जो अस्पताल मे इलाजरत हैं।

# नगर आयुक्त से मिले सद्दाम, सौंपा ज्ञापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने धनबाद नगर आयुक्त को वार्ड संख्या 18 में जल्द से जल्द बिजली के खंभो पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा और साथ ही नव नियुक्त नगर आयुक्त को फूलों का गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं दी। नगर आयुक्त ने कहा कि जल्द से जल्द पूरे वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगा दी जाएगी। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद महानगर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहबाज खान एवं वार्ड संख्या 18 के कोषाध्यक्ष कमाल हुसैन खान उपस्थित थे।

# छठ पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बागोदर सरिया सह कार्यपालक पदाधिकारी ने छठ घाट का किया निरिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** छठ पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बागोदर सरिया सह कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने नगर पंचायत के सभी छठ घाट का निरिक्षण किया है, बता दे की नगर पंचायत के अंतर्गत छठ महापर्व को लेकर खासे उत्साह व श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है जिसे देखते हुवे नगर पंचायत की पूरी टीम ने बड़की सरैया नगर पंचायत के क्षेत्र के वैसे तालाबों का भ्रमण किया गया जहां छठ पर्व मनाया जाता है। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा छठ तालाब में साफ़ सफ़ाई, तालाबों में श्रद्धालुओं के सुरक्षा हेतु बैरिकेडिंग ,मार्ग का समतलीकरण , गोताखोर की सुविधा तथा अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु सिटी मैनेजर को निर्देश दिया गया साथ ही साथ संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करके मेडिकल टीम को सभी छठ तालाबों में प्रतिनियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया ।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में श्री सुजीत कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के नेतृत्व में दिनांक 01.11.2023 को एक सतर्कता कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता एवं समस्त अधिकारी उपस्थित थे ।श्री सुजीत कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, पूर्व मध्य रेल ने रेलवे के कार्यो में सतर्कता कोण की उपस्थिति एवं उसके संदेहास्पद क्षेत्रों को स्पष्ट किया। मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता ने कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा तथा रेलवे के नियम एवं उचित कार्य प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे कार्यो में पारदर्शिता लाने का भी उल्लेख किया।



इसी प्रकार एक कार्यशाला का आयोजन प्लांट डीपो, बेला में श्री बी.के. ठाकुर, सतर्कता अधिकारी (इंजी.) के नेतृत्व में श्री एस. के. राय, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक द्वारा अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। समस्तीपुर एवं दरभंगा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों एवं आम जनों को भ्रष्टाचार तथा उसके निराकरण के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया।

# पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार बेंगाबाद थाना अंतर्गत पंचायत तेलोंनारी के ग्राम बेलडीह में उपेनदर गोस्वामी की जगहन हत्या हुई थी इस संदर्भ में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल शास्त्री के नेतृत्व में पीड़ित के घर पर पहुंचे वहां पर उपस्थित सैकड़ो ग्रामीणों के सामने पीडित परिवार को सहायता के रूप में खाद्य सामग्री दिए कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने पिडीत परिवार को आश्वासन दिया और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है इस प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल शास्त्री जिला के उपाध्यक्ष सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मोहम्मद शमीम कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के परदेश सचिव पूर्व अध्यक्ष नेसाब अहमद कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष सा पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद मिनसर पंचायत समिति सदस्य श्री भुनेश्वर महतो मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष क्या मूल हक के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरीडीह :** बगोदर थाना क्षेत्र के डोरियों मोड के पास रोड पार कर रहे साइन बाइक पर सरिया थाना क्षेत्र को के कोरीडीह निवासी अब्दुल हकीम को दुसरे अपाची में बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे साइन बाइक सवार अब्दुल हकीम उम्र लगभग 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया । गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को स्थानिए ग्रामीण व बगोदर प्रशासन के सहयोग से बगोदर सीएच सी ले जाया गया जहाँ इलाज के दौरान उक्त व्यक्ति ने दम तोड दिया । वहीं बगोदर प्रशासन ने दोनों बाइक को जब्त कर लिया है जबकी शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है । वहीं अपाची बाइक में सवार दोनों युवकों को भी चोट लगी है जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया ।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की अपाची बाइक सवार बाइक की गति बहुत तेज थी वहीं दुसरी बाइक रोड पार कार रहा था । इसी दौरान बगोदर की ओर से तेज गति से आ रहे बाइक सवार बीच में जोरदार टक्कर मार दी जिससे रोड पार कर बाइक सवार व्यक्ति की पैर और माथे में गंभीर चोट लगी थी । ग्रामीणों ने बताया की अब्दुल हकीम अपनी बेटी के घर जा रहा था । उनके बेटी और पत्नि रोड किनारे ही बैठे थे । एक ही बाइक पर सवार होकर डोरीयो बेटी के यहाँ जाते वह कोरीडीह से आ ही रहा था की डोरीयो मोड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।

# बुढ़वा तालाब निर्माण योजना में हो रहा है गड़बड़ झाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सरकार विकास को गति देने को लेकर कई योजनाएं संचालित कर रही है लेकिन संवेदक ही अगर गड़बड़ करने लगे तो उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है निर्माण कार्य में गड़बड़ी को देखकर स्थानीय लोगों ने आवाज भी बुलंद की इसके बावजूद भी इस दिशा में कोई सुधार नहीं दिख रहा है भले ही शिकायत के बाद विधानसभा कमेटी स्तर से जांच हो गई हो लेकिन संवेदक की मनमानी की वजह से योजना में भारी गड़बड़ी हो रही है नाम न छापने के शर्त पर स्थानीय लोगों ने कहा कि शिकायत करते-करते हम लोगों ने उच्च अधिकारियों तक भी मामले को पहुंचाने का काम किया लेकिन संवेदक स्थानीय होने के कारण एक नहीं सुनी जा रही है बता दें कि विधानसभा समिति के सदस्य जब तालाब निर्माण कार्य की जांच कर लौट गए तो संवेदक के कर्मियों के द्वारा स्थानीय लोगों को धमकी दिया गया कि जहां शिकायत करनी है करो निर्माण कार्य मेरी मर्जी से ही होगी इसके बाद से निर्माण कार्य में गुणवत्ता की सपना देखने वाले लोगों का मनोबल कमजोर हो गया स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब निर्माण कार्य में जो बालू का प्रयोग किया जा रहा है वह चोरी का है इसके साथ ही लोगों ने कहा कि सेफ्टी गार्ड जो लगाया जा रहा है वह भी काफी निम्न कोटि का है स्थानीय लोगों ने जो सबसे बड़ी बात कही है वह है तालाब गहरीकरण का लोगों का कहना है कि तालाब गहरीकरण करने के नाम पर तालाब से सिर्फ गाद का निकासी किया गया है और तालाब गहरीकरण का कार्य आधा अधूरा रह गया अगर इस निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो निश्चय ही एक बड़े घोटाले का उजागर हो सकता है लेकिन इस मामले में अब कोई भी लोग पडना पसंद नहीं कर रहा है ऐसे में सरकार की जो तालाब सौंदर्यीकरण की सपना थी वह अधूरा ही रह जाएगी।

# दिल की बात अभियान के तहत मानसिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को धनबाद के प्रमुख दवा संगठन जेडी कुमार एंड संस और साधन एनजीओ ने एक महत्वपूर्ण पहल की। इसमें दिल की बात अभियान के तहत धनबाद के पहले मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर खंडेश्वरी मंदिर के पास स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी में संपन्न हुआ। जेडी कुमार एंड संस के संचालक राघव आर्य ने बताया की जेडी कुमार एंड संस पिछले 5 दशकों से धनबाद में सेवा कर रहे हैं और उनका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि आज के तनाव भरे जीवन शैली में मानसिक स्वास्थ्य का विशेष महत्व है। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य के मामले में प्रमुख समाजसेवी और स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉक्टर मृणाल झा ने भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण बातें साझा की।

# धनबाद में बढ़ते अपराध को लेकर जिले में 55 चैंबरो ने दुकानें किया बंद

## दुकानें बंद कर सड़क पर उतरे व्यापारी, सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ दिखाया रोष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोयलांचल में बढ़ते अपराधिक मामलों से उग्र होकर बुधवार को तमाम व्यवसाई अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। बंदी अभूतपूर्व रही। बंदी का असर पुरे दिन देखा गया। जगह-जगह पुलिस प्रशाशन के खिलाफ रैली निकाली गई। वहीं खिलाफ में नारे भी लगे। बैंक मोड़ चैम्बर, पुराना बाजार चैम्बर, सरायढेला चैम्बर, हीरापुर पार्क मार्केट चैम्बर, एल सी रोड चैम्बर, बरटांड चैम्बर, बड़वाअड्डा चैम्बर, झरिया चैम्बर समेत सभी 55 चैम्बर की दुकानें बंद रखी गई। बाजार समिति ने भी समर्थन देते हुए दुकानें बंद रखी।

**पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं व्यापारी :-** एक तरफ व्यापारी संघ बुधवार को अनिश्चितकालीन बंदी की तैयारी में था तो वहीं पुलिस मंगलवार की रात से ही ताबरतोड़ छापेमारी कर अपराधियों की गिरफ्तारी कर रहा था। जिसका नतीजा रहा की 4 से अधिक अपराधियों की गिरफ्तारी भी हुई लेकिन व्यापारी संघ इससे संतुष्ट नहीं दिखा। जिला चैम्बर के महासचिव अजय नारायण लाल ने कहा की अब गिरफ्तारी से बात नहीं बनेगी। अब जब तक पुलिस प्रशाशन हर एक व्यापारियों को सुरक्षा की गारंटी नहीं देगी तब तक हड़ताल जारी रखा जाएगा। कहा की व्यापारियों को जब तक पुलिस आश्वस्त नहीं कर देगी की अब उन पर गोली नहीं चलेगी और धमकी नहीं मिलेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**100 करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित :-** चैम्बर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा की व्यापारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से ज़िले में 100 करोड़ से अधिक के कारोबार प्रभावित होने का अनुमान है। केवल पुराना बाजार के बंद होने से 12 से 15 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। वहीं जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने बंदी को सफल बताते हुए कहा की सराफा बाजार में करीब 15 करोड़ का व्यवसाय प्रभावित रहा।

**मेडिकल दुकानें भी रही बंद :-** व्यवसाय संगठन के अनिश्चितकालीन हड़ताल को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी समर्थन दिया था। जिसका नतीजा रहा की जिले के सभी दवा दुकानें बंद रही। इससे मरीजों को वक्त पर दवा मिलना मुश्किल हो गया। हालांकि अस्पताल के मेडिकल स्टोर खुले रहे। जिससे ना केवल इनडोर मरीजों बल्कि बाहर से दवा लेने आए लोगों को भी राहत मिली।

# राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का 5 नवंबर को धनबाद दौरा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला जनता दल यू के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि आगामी 5 नवंबर, दिन रविवार को जनता दल यू के राज्यसभा सांसद सह झारखंड जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो धनबाद जिला पटेल सेवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने कहा इससे पहले खीरू महतो के रामगढ़ से धनबाद आने के क्रम में धनबाद जनता दल यु के द्वारा कपूरिया मोड़, पुटकी चौक, केंदुआ, धनबाद इत्यादि स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

# महिला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों महिला कांग्रेस में शामिल

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य की जनता रघुवर सरकार के शासन को नहीं भूली है उनके शासन में राज्य की जनता और व्यापारी त्रस्त थे। हेमंत के शासन में अगर अपराधी घटनाएं घटती है तो प्रशासन अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है। व्यापारी भाई धौर्य रखें। विरोधियों को ज्यादा हाय तौबा मचाने की जरूरत नहीं है। उक्त बातें बुधवार को कांग्रेस नेता शेख गुड्डु ने कतरास मस्जिद पट्टी स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कही। शेख गुड्डु ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। व्यापारी प्रशासन के प्रति भरोसा रखे। राज्य सरकार व्यापारियों के सुरक्षा के प्रति कटिबद्द है। बाघमारा के एक जनप्रतिनिधि कोयला चोरी पर बहुत हाय तौबा मचा रहे हैं। सब लोग जानते हैं कि कोयला चोरी मे किनका आदमी शामिल है। इसके पूर्व मस्जिद पट्टी स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक सादे समारोह में आधा दर्जन से अधिक महिलाएं कांग्रेस में शामिल हुई। कांग्रेस महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सीता राणा ने सभी महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

# बिरनी में अनाज गबन मामले को लेकर गिरिडीह उपायुक्त से मिले बगोदर पूर्व विधायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह समहारणालय में गिरिडिह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से बिरनी में अनाज गबन मामले एवं डिग्री कॉलेज के जमीन पर हो रहे बाउंड्रीवॉल पे भू माफियों से अतिक्रमण मुक्त करने के संबद्ध में बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने मुलाक़ात किया इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा की पदाधिकारीयों के मिली भगत से 16 हजार क्विंटल 260 मिट्रिक टन अनाज का गबन हुआ। इस पर जल्द से जल्द कारवाई हेतु उपायुक्त से आग्रह किया। अनाज गबन मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दीये जाये, करोड़ो के लूट में साथ पीडीएस संचालक और अधिकारियों की भी है मिलीभगत। गरीबों का निवाला छीनने वाला पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित हो साथ ही बगोदर विधानसभा क्षेत्र बिरनी प्रखंड के बरहमसिया पंचायत के जलमीनार लगातार लीकेज होने की भी जानकारी दी है जिस पर उपायुक्तने उचित कार्यवाई का भरोसा दिया है इस दौरान मौजुद बिरनी भाजपा अध्यक्ष राजदेव साव, जिला कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण दास, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद कुशवाहा, विशेश्वर साव, अशोक वर्मा उपस्थित थे।

# सभी हत्यारों की गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार के लिए मुकम्मल सहारे की व्यवस्था करे प्रशासन : भाकपा माले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज भाकपा माले ने बेंगाबाद में एक प्रतिवाद मार्च निकालकर विगत 24 अक्टूबर को, अपनी बेटी के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर बेलडीह निवासी उपेंद्र गोस्वामी की स्थानीय कुछ अपराधियों द्वारा नृशंस तरीके से चाकू से मार कर हत्या कर दिए जाने की घटना का विरोध करते हुए तत्काल सभी हत्यारों को गिरफ्तार करने सहित पीड़ित परिवार के लिए पर्याप्त मुआवजा और उनके बच्चों का नामांकन सरकारी आवासीय विद्यालय में कराने की जोरदार तरीके से मांग की।




भाकपा माले के बैनर तले पार्टी कार्यालय से बेंगाबाद के मुख्य मार्ग होकर प्रतिवाद मार्च निकाला गया और थाना तथा प्रखंड कार्यालय के समक्ष जाकर अपनी मांगों से संबंधित आवेदन क्रमशः जिले के आरक्षी अधीक्षक और उपायुक्त के नाम सौंपा गया, जिसके जरिए सभी हत्यारोपियों की गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा, आवास, पेंशन व बच्चों के लिए सरकारी आवासीय विद्यालय में नामांकन करने आदि से संबंधित मांग की गई।

# हॉकी झारखंड की हुई 10 वीं वार्षिक आम सभा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित आम सभा में एशिया हॉकी महासंघ के निदेशक गुलाम घोष, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आर के श्रीवास्तव जी भी हुए शामिल। झारखंड की धरती पर पहला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कर इतिहास बनाने और झारखंड का सम्मान बढ़ाने के लिए भोलानाथ सिंह को सभी 24 जिला के अध्यक्ष, सचिवों ने दी बधाई। हॉकी सिमडेगा को लगातार तीसरा वर्ष मिला बेस्ट डिस्ट्रिक ऑफ द हॉकी झारखंड का अवार्ड, जब कि हॉकी झारखंड का इस वर्ष का बेस्ट कोच पुरुष मनीष कुमार और महिला में हिमांशु को दिया। 2023=24 में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता= सीनियर महिला पुरुष रांची में, जूनियर सब जूनियर पुरुष जमशेदपुर में, सबजुनियर महिला सिमडेगा में और जूनियर महिला खूंटी में किया जाएगा झारखंड के सभी 24 जिला में ट्रॉफी टूर का शानदार कार्यक्रम कराने के लिए सभी जिला कमिटी को बधाई दी गई। रांची के मोराबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के सभागार में आज हॉकी झारखंड की 10वी वार्षिक आम सभा अध्यक्ष श्री भोलानाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में हॉकी झारखंड के कार्यकारणी समिति के सदस्य, सभी 24 जिला के अध्यक्ष, सचिव और मुख्य रूप से एशिया हॉकी महासंघ के गुलाम घोष, कोचिंग मैनेजर और डेवलपमेंट एएचएफ़ एंड हेड ऑफ़ इंटरनेशनल रिलेशन एएचएफ हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर श्री आरके श्रीवास्तव जी भी उपस्थित थे। भारत देश के किसी भी खेल संघ के राज्य इकाई के वार्षिक आम सभा में संभवत इतिहास में पहली बार महादेश स्तर और राष्ट्रीय खेल महासंघ के पदाधिकारी सामिल हुए हो। हॉकी झारखंड के समस्त खेल प्रेमियों की ओर से हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह जी ने इन सभी पदाधिकारी को शॉल ओढाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। आज के वार्षिक आमसभा में विशेष रूप से पिछले वर्ष के बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि के साथ-साथ विगत एक वर्ष के आय व्यय का ब्योरा पेश किया गया तथा हॉकी के विकास के लिए किए गए कार्यों पर चर्चा और आगामी वर्षों होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं पर चर्चा करने के उपरांत सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष 2023 =24 में सीनियर राज्य स्तरीय महिला पुरुष हॉकी प्रतियोगिता रांची में, जूनियर और सब जूनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता जमशेदपुर में, सब जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता सिमडेगा में और जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता खूंटी में किया जाएगा। इस वर्ष 2022=23 का महिला सब जूनियर प्रतियोगिता सिमडेगा में और जूनियर महिलाओं की प्रतियोगिता खूंटी में किया जाएगा। वर्ष 2022=23 का हॉकी झारखंड का बेस्ट जिला हॉकी संघ का अवार्ड हॉकी सिमडेगा को दिया गया, जिसके लिए हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी और हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारियों को एशिया हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। इस वर्ष के लिए का बेस्ट कोच का अवार्ड हॉकी झारखंड पुरुष स्वर्ग में मनीष कुमार और महिला वर्ग में हिमांशु को दिया गया।

# सड़क किनारे मिली स्कूली छात्रा की शव, मची सनसनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** घटना जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के निरहू करंज मोड़ के पास की है जहां बुधवार की सुबह सड़क किनारे एक छात्रा का शव मिला है। शव की पहचान निरहू गांव निवासी मोकिम खान की बेटी रुफी खातून (12 वर्ष) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बुधवार सुबह सड़क के किनारे छात्रा का शव देखा,इसके बाद बगड़ू थाना की पुलिस को इसकी जानकारी दी गई, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। छात्रा की हत्या की गई है या फिर उसने आत्महत्या की है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रुफी खातून कक्षा 8 (सरकारी स्कूल) की छात्रा थी, वह मंगलवार को घर में स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी, दोपहर में उसकी छुट्टी हो जाती थी परिजन उसके लौटने का इंतजार करते रहे लेकिन रात तक वह घर नहीं आई



तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया वहीं आज बुधवार सुबह उसका शव सड़क किनारे से बरामद हुआ। बगड़ू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है जांच के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंच जाएगा, पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है। कहा जा रहा है कि घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का भी मामला हो सकता है, बहरहाल आत्महत्या या फिर हत्या के लिए घटना को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है परिजनों का बयान भी लिया जा रहा है। सड़क के किनारे ऐसी स्थिति में छात्रा का शव बरामद होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## रांची-लोहरदगा 05 आरएल ट्रेन की चपेट मे आने से युवक की मौत, आरपीएफ पहुंच शव को भेजा अस्पताल

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना क्षेत्र के गुडी गांव के समीप 31 अक्टूबर मंगलवार को रांची लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत मौके वारदात पर हो गई। जिसकी शिनाख्त शिव उरांव उम्र करीब 35 साल पिता स्वर्गीय अईचू उरांव ग्राम गुड़ी शिम्भू टोली थाना कैरो निवासी के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक शिव उरांव का रांची से लोहरदगा की ओर आ रहे है पैसेंजर ट्रेन नंबर 08691 पांच आरएल के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही लोहरदगा आरपीएफ थाना प्रभारी आरबी सिंह के द्वारा गुड़ी गांव पर स्थित घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज आगे की कार्रवाई में जुट गए। इस संदर्भ में आरपीएफ थाना प्रभारी आरबी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रांची से लोहरदगा आने के दौरान गुड़ी गांव के समीप गुड़ी निवासी स्वर्गीय अईचू उरांव का 35 वर्षीय पुत्र शिव उरांव आरएल 5 की चपेट में आ गया जिससे युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया है। उल्लेखनीय है कि रेलवे पुलिस की ओर से यात्रियों के बीच लगातार जागरूकता एवं जानकारी दिया जाता है फिर भी लोग निर्देशों का अनुपालन नहीं कर असामायिक मृत्यु का कारण बन जाते हैं।

## जन प्रतिनिधियों ने पंचायत भवन में चलाया स्वच्छता अभियान



**सेन्हा-लोहारदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालजमीरा पंचायत भवन प्रांगण में जन प्रतिनिधियों द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत भवन में जन प्रतिनिधियों ने उप मुखिया सुषमा उराँव के नेतृत्व में आगामी दीपावली एवं स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत भवन में सफाई अभियान चलाया गया। विदित हो कि झालजमीरा पंचायत भवन निर्माण के उपरांत साफ सफाई नही किया गया था। और भवन प्रांगण एवं दीवार पर गंदगी फैला हुआ था। जिसे पंचायत के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया वही जन प्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत पंचायत भवन में सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया है। मौके पर सुनीता उराँव, सुनील महली, किरण उराँव, रामदास गोस्वामी, गन्दूर उराँव, मालो देवी, गुलनाज खातुन, सुनीता उराँव सहित सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

# आदिवासी प्रकृति के उपासक होते है, अपने धर्म परम्परा और संस्कृति को बचाये रखना है : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के अतिसुदुर्वर्ती ग्रामीण क्षेत्र मन्हे में जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में आदिवासी गीत नृत्य और संगीत आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावे विभिन्न प्रकार की दुकान से जतरा स्थल भरा हुआ था। वही जतरा में नन्हे मुन्ने बच्चे मिठाई खिलौने खरीद कर काफी आनन्दित हो रहे थे। बताया जाता है. की मन्हे ग्राम में पत्येक वर्ष जतरा का आयोजन होता है। वही जतरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने आदिवासी परंपरा के अनुसार पाहन पुजार के साथ पूजा कर किया। और कहा कि आदिवासी प्रकृति के उपासक होते हैं। आदिवासियों को अपने धर्म, संस्कृति और परम्परा को बचाये रखने है। साथ ही कहा कि जतरा के माध्यम से धर्म और संस्कृति का निर्वहन के लिये युवा वर्ग के लोगों को जगरूक किया जाता है.तथा जतरा आयोजन से सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बढ़ता है। वही जतरा में प्रखंड क्षेत्र के लगभग 56 खोढ़हा दल पँहुच कर आदिवसी नृत्य व संगीत और कला का प्रदर्शन किया और लोगो को एकजुटता के साथ रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी खोढ़हा दल को पुरस्कार स्वरूप एक एक डेग देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जतरा में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की विशिष्ट अतिथि प्रखंड अध्यक्ष आदिवासी छात्र संघ के बालेश्वर उरांव, प्रमानंन्द भगत, लक्ष्‍ु उरांव, गोपाल उरांव, रामजीत उरांव, कुलेश्वर उरांव, कलेश्वर उरांव, राजेन्द्र उरांव, पाड़हा समिति के उप दीवान संजू भगत, उप बेल शिवशंकर टाना भगत, जिला पाड़हा संयोजक रामचन्द्र उरांव, अनिता उरांव सहित सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे।

# छठ-महापर्व सौहार्द के साथ संपन्न को लेकर समिति गठित, अध्यक्ष बने कृष्णा साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो जोड़ा तालाब छठ घाट के समीप 01 नवंबर बुधवार को प्रकाश साहू के अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें छठ पूजा 2023 विधिवत सौहार्द के साथ सपन्न कराने को लेकर समिति का गठन किया गया। विदित है कि वर्ष 2023 मे छठ महापर्व 19 नवंबर को अस्ताचल गामी सूर्य का अर्घ्य एवं 20 नवंबर उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ महापर्व का पारण होगा। इसमें सर्वसम्मति से लगातार पांचवी बार कृष्णा साहू को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में परमेश्वर भगत, प्रताप गुप्ता चुने गए। सचीव भोला साहू, सहसचिव राजाराम साहू बनाए गए। कोषाध्यक्ष रितेश ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू, मुकेश साहू चुने गए। इसके अलावा संरक्षक के रूप में गांव के गणमान्य सूरज मोहन साहू, गंगा प्रसाद, ईश्वर पांडेय, राजेन्द्र सोनी, बालेश्वर साहू, आनंद प्रसाद, विरेन्द्र महली, नरेश साहू, विरेन्द्र महली, राजू सोनी, प्रभु भगत, सुजीत प्रसाद को जिम्मेवारी दी गई। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रवीण पांडेय, राजेश साहू, गुड्डू यादव, रवि ठाकुर, रंथु उरांव, कृष्णा उरांव, मोती साहू, मनोज साहू, सचिन साहू, राजा साहू, प्रताप साहू, ओम सोनी, रितेश सोनी, गौतम साहू, आदित्य राम, राजेश यादव, जितवाहन महतो, राधे साहू चुने गए। इस वर्ष आस्था का महापर्व छठ शांति सौहार्द तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया।

## ज्ञान ज्योति संकुल के नए 11 सदस्यी कार्यसमिति का हुआ चयन




**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित ज्ञान ज्योति संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड कार्यालय के प्रांगण में ज्ञान ज्योति संकुल का 2022- 23 का आमसभा संपन्न हुआ। आमसभा में सुमित्रा उरांव द्वारा लेखा जोखा एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। तथा कार्य के प्रति सभी का योगदान का सफलता का विस्तार से बताया गया। आगे की कारवाई करते हुए पुराने कार्यकारणी समिति का बदलाव कर नए कार्यकारणी सदस्यो का चयन किया गया। वही नए कार्य समिति में 11 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें शांति उरांव, अमृता टोप्पो, जोगन देवी, सुमती उरांव, सुमित्रा उरांव, सुनिता देवी, रीता देवी, सीता देवी, इथर लकड़ा, मीना कुमारी, शकुंतला देवी को सदस्य बनाया गया। मौके पर सपना कुमारी, उमंग कुमार, जयंत महिमा कुंडलाना, उज्वल शुक्ला, सज्जाद अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत स्तरीय वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** बुधवार को कुडू प्रखंड सभागार में पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का दुसरा दिन का प्रशिक्षण बुधवार को दिया गया। जिसके अंतर्गत चार पंचायत सलगी, बड़की चांपी, सुंदरू और चिरी के वार्ड सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किये। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रखण्ड प्रमुख मुनि देवी उपस्थित हो कर सभी का उत्साहवर्धन की। प्रशिक्षक रामस्वारथ महतो के द्वारा प्रशिक्षण के दुसरे दिन जनप्रतिनिधियों के ग्राम पंचायत में भूमिका, सतत विकास का लक्ष्य, आदर्श ग्राम पंचायत की कल्पना, पंचायत में संचालित योजनाओं पर समझ, पंचायत के अंतर्गत वार्ड सदस्यों के कार्य, ग्राम पंचायत विकास योजना पर समझ, संसाधन लिफाफा, आदि विषयों पर वार्ड सदस्यों का समझ बढ़ाया गया। कार्यशाला में बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी, सलगी पंचायत की उप मुखिया किस्मती देवी, चिरी पंचायत की उप मुखिया मुनेजा खातून, संबंधित पंचायत के वार्ड सदस्य गीता भगत, अनिता लकड़ा, सुनीता देवी, सुनील मुण्डा, परमेश्वर उराँव, प्रण महतो, शिवशंकर भगत, सुरजमुनी कुमारी, स्वेता मुखर्जी, असलम खान, राजू उराँव, आलोमनी देवी, गुलशन खातून, सुषमा कुमारी, नूतन देवी, सतीश उराँव, बालो उराँव, नूतन देवी, नूरजहां खातून, विलास देवी, मंजू देवी, रंथी कुमारी, प्रदान संस्था से देवेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## किसान दुगिया उरांव को सूक्ष्म टपक सिंचाई से हुई आमदनी, सुधार घर की हालत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किसान दुगिया उराँव गरीब परिवार से सम्बन्ध रखती हैं। खेती बाड़ी ही इनका मुख्य व्यवसाय है। खेती बाड़ी से ही इनके परिवार का जीविकोपार्जन होता है। आरम्भ में ये परंपरागत तरीके से ही खेती करती थी। इनका सिंचाई का मुख्य स्रोत कुआं एवं तालाब है,जिसके माध्यम से वो अपने फसलों की सिंचाई करती है। उनका कहना है कि कुआं का पानी पीने के लिए प्रयोग में लाती हैं और जरुरत पड़ने पर कभी-कभी फसलो की सिंचाई करती हैं। दुगिया कहती हैं कि जिस वर्ष बारिश अच्छी होती है उस वर्ष तालाब में पानी रहता है तो 02 फसल ले पाते है,नहीं तो बड़ी मुश्किल से 1 फसल ले पाती है। दुगिया पिछले 03 वर्षो से सूक्ष्म टपक सिंचाई के माध्यम से खेती कर रही हैं जिससे उनको फसल से अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। अब वह खेती के साथ-साथ गाय पालन, बकरी पालन एवं मुर्गी पालन की ओर अपना ध्यान दे रही हैं। उनका कहना है की पशुओं से प्राप्त होने वाले गोबर से यह केंचुआ खाद तैयार करती है जिसका प्रयोग पौधा लगाते समय इस्तेमाल में लाती हैं। वर्तमान में दुगिया अपने गांव में अच्छी खेतिहर किसान के रूप में उभर रही हैं,जिससे आज उनका परिवार का अच्छे से भरण पोषण हो रहा है और वह खेती के नए नए आयाम को सीख रही हैं और उनका इस्तेमाल अपने खेती में भी प्रयोग कर रही है, दुगिया प्रत्येक सीजन में 20000 रूपये से लेकर 25000 रूपये आमदनी प्राप्त कर लेती है।

## विद्यालय में शुद्ध पेयजल हेतु एक्वागार्ड आरओ प्लांट का हुआ का उद्घघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज श्री निलेश कुमार सिंह एरिया बिजनेस मैनेजर एवं दीपू कुमार बिजनेस ऑफिसर प्रबंध करिणी समिति के सचिव श्रीमान अजय प्रसाद समिति के सदस्य जीतराम बड़ाईक बनवासी कल्याण आश्रम के श्री कृपा प्रसाद सिंह तथा नगर संघ चालक श्रीमान पुष्कर महतो ने संयुक्त रूप से मां भारती एवं सरस्वती तथा चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एक्वागार्ड आरओ का उद्घघाटन समारोह पूर्वक किया गया। सभी अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे द्वारा अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया।। इस अवसर पर विद्यालय की बहने तृषा एवं उनकी सहेलियों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के सबसे छोटे छोटे अरुण एवं उदय के भैया बहनों ने अभिनय नृत्य प्रस्तुत किया जिसके बोल थे सरस्वती के पावन आंगन की गुंजित हम किलकारी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारी संस्था के द्वारा सामाजिक संस्थाओं को सर के तहत शुद्ध पेयजल तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं इसी के तहत आज इस विद्यालय में इस आर ओ प्लांट का उद्घाटन किया जा रहा। यह स्वस्थ जीवन के लिए सफल कार्यक्रम है।

## प्रतिभा टीम 4-0 से विजय हांसिल कर फाइनल में किया प्रवेश



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में कार्तिक उरांव लोहरदगा जिला फुटबॉल लीग का पहला सेमीफाइनल मैच जियो मैक्स फुटबॉल क्लब और प्रतिभा केंद्र के बीच खेला गया दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया मध्यांतर के पहले तक प्रतिभा केंद्र की टीम एक जीरो से आगे चल रही थी पंकज उरांव ने पहल गोलकर प्रतिभा केंद्र को एक गोल की बड़त दिलाए दूसरे हाफ का खेल काफी संघर्ष पूर्ण रहा जिओ मैक्स की टीम लगातार बराबरी के लिए संघर्ष करती रही उनके खिलाड़ियों ने अकर्मक खेल का प्रदर्शन किया परन्तु खेल के 79 मिनट मे प्रतिभा केंद्र के कमलेश दूसरा गोलकर प्रतिभा केंद्र को दो गोल बढ़त दिलाई खेल के 89 मिनट में प्रतिभा केंद्र की ओर से तीसरा गोल पंकज उराव ने किया ।खेल के 91 मिनट मे पंकज ने चौथा गोल कर प्रतिभा टीम को 4-0 से विजय दिलाकर फाइनल में प्रवेश किया। कल दूसरा सेमीफाइनल सिठियो फुटबॉल क्लब बनाम हिरही फुटबॉल क्लब के बीच खेला जाएगा फाइनल मैच शुक्रवार 3-11-2023 को खेला जाएगा। आज के मैच के निर्णायक थे रोशन मुंडा अभिषेक साहू कृष्ण उरांव अनिल उरांव थे।

# अंडर 11 एवं 13 बालक बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप चयन प्रतियोगिता हुआ संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में योनेक्स सनराइज झारखंड स्तरीय मिनी एवं सब जूनियर अंडर-11 बालक बालिका एवं अंडर-13 बालक बालिका बैडमिंटन चैम्पियनशिप-सह-चयन प्रतियोगिता महिला कॉलेज इंडोर बैडमिंटन कोर्ट लोहरदगा में सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उपविकास आयुक्त जयज्योति सामंता एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार सिंह पूर्व विधानपार्षद बिहार उपस्थित होकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किये। मुख्य अतिथि जय ज्योति सामंता ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि खिलाड़ियों का खेल देखकर मैं काफी प्रभावित हूँ। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी कैरियर बनाया जा सकता है, आप अपने खेल को मनोयोग से खेलते रहें सफलता निश्चित मिलेगी। आयोजन को सफल बनाने में बैडमिंटन एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सचिव मलय दत्ता, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार, उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, प्रवीण पटेल, उत्तम कुमार, दुबराज यादव, विनोद उरांव, प्राचार्य स्नेह कुमार, शिक्षक राहुल कुमार,नीरज खत्री, राहुल साहू, एवं मीडिया प्रभारी अरुण राम, राज्यस्तरीय कोच भरत साह एवं रवि केशरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। बैडमिंटन खेल सम्पन्न कराने में रेफरी वसीम अकरम, एम्पायर अजित कुमार राणा, रंजीत कुमार साहू एवं वाहिद अंसारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंडर 11 बालक वर्ग सिंगल प्रिंस कुमार गोड्डा ने डी राजवीर गिरीडीह, बालिका वर्ग सिंगल आशिता रांची ने राजश्री यादव गुमला, अंडर 13 बालक वर्ग सिंगल संविथ रमेश रांची ने श्रीराम रतन रांची, बालिका वर्ग अक्शा फिरदौस बोकारो ने काव्या किरण धनबाद, अंडर 13 बालक वर्ग डबल मो मोजाहिद राजा एवं श्रीराम रतन रांची ने कृष कुमार लातेहार एवं प्रिंस कुमार गोड्डा को हराकर विजेता बना। सभी खिलाड़ियों को एसोसिएशन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटम प्रदान कर सम्मानित किया गया आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी एवं कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

**प्रदेश के विद्यार्थियों की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है हेमंत सरकार : अजय सिंह**

# झारखंड प्रदेश के भोली भाली जनता को ठगने का काम कर रही है सरकार : नीरज बड़ाईक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा की महावीर चौक पर जे.एस.एस.सी. परीक्षा में धांधली व पेपर लीक को लेकर भाजयुमो सिमडेगा द्वारा हेमंत सरकार का पुतला दहन किया गया पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है सरकार जिस तरह से सरकार घोटाले पर घोटाले किए जा रहे हैं इससे साबित होता है कि इस सरकार को राज्य की जनता की चिंता नहीं करके सिर्फ अपने और अपने परिवार का चिंता है यहां तक की यह सरकार राज्य केविद्यार्थियों को भी नहीं छोड़ा । जे .एस.एस.सी. परीक्षा में हुई धांधली व पेपर लीक से यही पता चलता है कि यह सरकार हमारे नई पीढ़ी को क्या सौगात देगी। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी हो गया है। भाजयुमो के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज बड़ाईक ने कहा कि ये सरकार निकम्मी सरकार है यह सिर्फ और सिर्फ प्रदेश की भोली भाली जनता को ठगने का काम कर रही है। भाजयुमो के जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है लोगों को अपने बच्चों की भविष्य के चिंता सता रही है अगर ऐसी सरकार रही तो बच्चों की भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री विद्या बड़ाईक, अनिरुद्ध सिंह, नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद, संजय शर्मा, सुभाष महतो, करण सिंह, उत्तम केरकेट्टा, सागर महतो, अमरजीत सिंह, विक्की राम, वंशराज सूरज, रामप्रसाद राम, राकेश रविकांत, मनीष कुजूर, कंचन रानी एक्का, अजीत कुमार गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, सोमालाल बेसरा तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुड़मा जतरा आदिवासियों का महाकुंभ है : सुखदेव भगत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड का ऐतिहासिक मुड़मा जतरा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत जतरा में अतिथि के रूप में शामिल हुए। सबसे पहले सुखदेव भगत जतरा शक्ति खुंटा स्थल पर विधिवत्त पूजा अर्चना कर राज्य की सुख समृद्धि और उन्नति के लिए प्रार्थना किये। श्री भगत ने कहा कि झारखंड का यह सबसे बड़ा ऐतिहासिक जतरा है। इस जतरा का गौरवशाली इतिहास है इसे यादगार के रूप में मनाते हैं। यह उरांव एवं मुंडाओं का मिलन स्थल है। पहड़ा स्वशासन व्यवस्था के बेल, दीवान, अध्यक्ष पाहन पुजार के साथ-साथ 40 पड़हा के देवी देवताओं का भी या मिलन स्थल है। यह आदिवासियों का महाकुंभ है। यह जतरा अनेकता में एकता का प्रतीक है। हम सबों को अपनी संस्कृति, सभ्यता को और मजबूत करने की आवश्यकता है। मौके पर आयोजन समिति के संयोजक धर्म गुरु बंधन तिग्गा के साथ-साथ हजारों संख्या में लोग उपस्थित थे।




## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बधाई दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया है।हरियाणा के 58वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा था कि हरियाणा के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। इस प्रदेश ने हमेशा ही कृषि और रक्षा जैसे बड़े क्षेत्रों में देश को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां के युवा इनोवेशन की दुनिया में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। मेरी कामना है कि विकास के हर मानदंड पर यह राज्य नए-नए कीर्तिमान गढ़ता रहे।प्रधानमंत्री के इस पोस्ट पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लिखा कि आपको भी सभी हरियाणा वासियों की ओर से हरियाणा दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं आदरणीय नरेन्द्र मोदी। आपका प्यार, सानिध्य और मार्गदर्शन हरियाणा के विकास और उन्नति में सदैव प्रेरणा बना रहेगा। एक भारत-श्रेष्ठ भारत के आपके संकल्प को पूरा करने के लिए हरियाणा का हर एक नागरिक आपके साथ समर्पित भाव से लगकर आपके विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अपना योगदान देता रहेगा।

### कलिंगा विश्वविद्यालय ने नितेश कुमार सुमन को दिया पीएचडी की उपाधि



**रांची :** कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) के द्वारा शिक्षा शास्त्र में नितेश कुमार सुमन को पीएचडी की उपाधि प्रदान किया। इन्होंने झारखंड राज्य के दक्षिणी छोटानागपुर जिले के आदिवासी महिलाओं के बीच शिक्षा और जनसंख्या जागरूकता पर एक अध्ययन शोध प्रस्तुत किया।इस शोध का लाभ झारखण्ड राज्य के महिलाओं के उत्थान में एक महत्पूर्ण भूमिका अदा करेगी। गौरतलब है कि नितेश कुमार सुमन रांची विश्वविद्यालय से संबद्ध शाइन अब्दुर रज्जाक अंसारी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर पिछले छः वर्षो से सेवा दे रहे हैं। इनके मार्गदर्शन में हजारों प्रशिक्षु प्रशिक्षण लेकर आज सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। आपको बताते चलें कि ये अपने बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इनकी उपलब्धि के कारण इन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया है।

### बाबूलाल मरांडी का छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश प्रवास दो नवंबर से

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो नवंबर से 10 नवंबर तक छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। मरांडी दो से सात नवंबर तक छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होंगे जबकि आठ से 10 नवंबर तक मध्यप्रदेश में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी।

# आपकी योजना, आपकी सरकार और राज्य स्थापना दिवस की तैयारी जोरों पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 16 नवंबर से 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करने वाले हैं। पूरे राज्यभर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस बाबत निर्देश दिए हैं और अधिकारियों को जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने करें। इस दौरान अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जायेगा। इधर, राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर की तैयारी भी तेज कर दी गयी है। राज्य स्तर पर लगातार बैठकें की जा रही है। मोरहाबादी मैदान में मुख्य समारोह करने की तैयारी की जा रही है। पथ निर्माण विभाग व रांची नगर निगम अंतर्गत सड़कों को चकाचक किया जायेगा। भवनों में भी आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी भवनों में आकर्षक लाइटिंग की जायेगी। सभी स्ट्रीट लाइट को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। पर्यटन, कला संस्कृति विभाग भी झारखंड की कला को प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहा है। दीवाल लेखन भी किया जायेगा। स्थापना दिवस समारोह पूरे राज्यभर में मनाया जायेगा। इस दिन बड़े पैमाने



पर सड़क, पुल सहित अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया जायेगा।

**मुख्यमंत्री ने इस बाबत निर्देश दिए हैं और अधिकारियों को जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने करें। इस दौरान अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जायेगा।**

### राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए पीटीएम सात तक

**रांची :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में एक से सात नवंबर तक कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाना है। बैठक में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को प्रयास, प्रोजेक्ट रेल, एफएलएन, बाल विवाह, हर्ष जोहार, पीओसीएसओ आदि विषयों के बारे में जानकारी दी जायेगी। विद्यालयों द्वारा अभिभावक शिक्षक बैठक की शुरुआत भी एक नवंबर से किया जा चुका है। कक्षा छह से 12 के बच्चों के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन आठ नवंबर से 18 नवंबर तक किया जाएगा।

## सीसीएल का 49वां स्थापना दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) / सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) का 49वां स्थापना दिवस मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कोल इंडिया में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में सीसीएल को सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु कॉरपोरेट अवार्ड का प्रथम पुरस्कार तथा पर्यावरण प्रबंधन में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने प्राप्त किया। साथ ही साथ 'बेस्ट एरिया महाप्रबंधक अवार्ड एस.के. पाण्डेय, महाप्रबंधक अरगडा क्षेत्र; बेस्ट एचओडी अवार्ड, लाडी बालकृष्णा, महाप्रबंधक (एसडी एवं सीएसआर) जबकि व्यक्तिगत रूप से एक्सलेंस अवार्ड, एम कोटेश्वर राव, महाप्रबंधक (खनन) एवं निलय प्रकाश, महाप्रबंधक (विक्रय व विपणन) को दिया गया। सीसीएल मुख्यालय, रांची में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी. साई राम, निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं सी.सी.एल. कर्मियों द्वारा दरभंगा हाउस प्रागंण में स्थित ''शहीद स्मारक'' पर सीसीएल के कर्मवीर दिवंगत सपूतों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद ने कोल इंडिया का झंडा फहराया तथा अन्य निदेशकगण सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ने सीसीएल एवं विभिन्न क्षेत्रों के झडों को फहराया। अवसर विशेष पर सामूहिक रूप से सीसीएल में कार्यरत 1163 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गयी। निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद ने अपने संबोधन में सभी को स्थापना दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुये कहा कि देश जो हमसे अपेक्षा रखा है उसे पूरा करना हम सभी का दायित्व है। प्रसाद ने कहा कि सीसीएल परिवार एक टीम की तरह कार्य करते हुये 84 मिलियन टन के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/ परियोजना) बी. साई राम, निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार ने भी संबोधित किया और स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई देते हुये कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण है और हमारी कंपनी सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के साथ-साथ अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत अनेक लोक कल्याणकारी कार्य भी करती है।

## माध्यमिक शिक्षक संघ का संरक्षक बनाये जाने पर अविनाश देव ने जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित सभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा एकमत से झामुमो के वरीय नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव को निर्विरोध रूप से संरक्षक बनाया गया। सबों ने सामूहिक रूप से पुष्पगुच्छ देकर उनको सम्मानित किया। तत्पश्चात अविनाश देव ने सभी जवाबदेह पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ पुस्तक एवं अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया एवं संघ के संरक्षक बनाये जाने पर सभी का तहे-दिल से आभार जताया। अपने अल्प संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि सरकारी विद्यालय की जो वर्तमान



स्थिति है, उसमें सबसे ज्यादा शिक्षक पिसे जा रहे हैं। आजादी के पचहत्तर साल बीतने और हाल के अमृतकाल में भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में इजाफा 75 फीसदी से ज्यादा नहीं हुआ।

दुनिया के कुछ दूसरे मुल्कों में शिक्षा निःशुल्क है और शिक्षा ही किसी राष्ट्र की मजबूत रीढ़ होती है। नई शिक्षा नीति एवं अन्य पॉलिसी के बाद भी बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित व पलायन करते जा रहे हैं। अभी भी खास कर दलित बच्चे को पढ़ाई के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। हमारी प्राथमिकता बच्चों की गुणवतापूर्ण शिक्षा, शिक्षा के स्तर में वृद्धि, शिक्षकों का हित आदि सर्वोपरि होगी। मौके पर अविनाश देव ने संघ के अध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष अशरफ अली, बिगु राम, निर्भय सिंह, सचिव त्रिपुरारी सिंह गहलोत, कोषाध्यकक्ष जय शंकर प्रसाद सोनी, संगठन सचिव राहुल कुमार सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्राण-प्रतिष्ठा में आए रामभक्तों का कारसेवकों जैसा होगा स्वागत

एजेंसी

**लखनऊ :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख घोषित होने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयारियों को अंतिमरूप देने में जुट गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देशभर के लोग अयोध्या आयेंगे। इसलिए बाहर से आने वाले रामभक्तों के आवास व भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट की ओर से किया जायेगा।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से अयोध्या में 25 हजार अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए अयोध्या में तीन स्थानों पर टेंट सिटी बनाई जा रही है। वहीं अयोध्या के विभिन्न होटलों में वीवीआईपी को ठहराने के लिए तीन हजार कमरे बुक कर दिये गये हैं।राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान श्रीराम जन्मभूमि परिसर के अंदर 10 हजार लोग मौजूद रहेंगे। शेष लोग बाहर रहेंगे। इसके बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में रामभक्त रामलला का दर्शन करने अयोध्या आयेंगे। इस दौरान अयोध्या आने वाले रामभक्तों का स्वागत कारसेवा के दौरान मिलने वाले स्वागत व सहयोग जैसा होगा। अतिथियों की व्यवस्था में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक हजार से अधिक कार्यकर्ता लगेंगे।

**लखनऊ, प्रयागराज, काशी व गोण्डा में खुलेंगे सहायता केन्द्र:** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अगले तीन महीने तक देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में रामभक्त आयोध्या आयेंगे। इसलिए रामभक्तों को अयोध्या पहुंचने में कोई असुविधा न हो इसके लिए संघ परिवार लखनऊ, गोण्डा, प्रयागराज और काशी में सहायता केन्द्र खोलेगा। इन स्थानों पर पहुंचने के बाद वहां पर तैनात कार्यकर्ता रामभक्तों को अयोध्या पहुंचने व वापस जाने में सहयोग करेंगे।

**अयोध्या में 20 स्थानों पर चलेंगे भण्डारे:** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 से अगले दो महीने तक अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर बड़े भोजनालय

## भाजपा को पीएम मोदी का पुतला दहन करना चाहिए : सन्नी शुक्ला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू भाजपा के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पुतला दहन करने पर झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जब राज्य के मुख्यमंत्री हमारे शहर में न्युक्तियां बांट कर युवाओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रहे हों तब भाजपा जैसी विकास विरोधी पार्टी के लोग ही विरोध कर सकते हैं। इस राजनीतिक परिपाटी की शुरुवात कर उन्होंने एक बहुत ही गलत परम्परा की शुरुवात की है। कभी धार्मिक मंच से चुनावी भड़काऊ भाषण,तो कभी राज्य के मुख्यमंत्री जिस दिन आपके शहर में हो उसी दिन पुतला दहन, भारत मंडपम में अतिथि देवो भवः और वसुधैव कुटुंबकम्- सिर्फ लिखवा देने से चाल, चरित्र, चेहरा बदल नहीं जाता है। इन्हें पूर्व की रघुबर सरकार को याद करना चाहिए, जब वो पलामू आते थे तब छात्र और युवा उन्हें काला झंडा दिखाते थे, उन्होंने लाठी चार्ज भी किया गया था पलामू के युवाओं पर। पलामू में इनके 4 विधायक हैं, बताना चाहिए भाजपा को कि उन्होंने कभी युवाओं-छात्रों के लिए क्या किया है।इनके विधायक-सांसद कोरोना काल से ही जनता से सोशल डिस्टेंसिंग में रहते आ रहे हैं। इनको तो मोदी जी का पुतला दहन करना चाहिए, जिन्होंने 2 करोड़ नौकरियां हर वर्ष देने का वादा किया था, जरा पूछ लें अपने आका से कि 18 करोड़ नौकरियां का क्या हुआ। अगले वर्ष 20 करोड़ का डाटा मांगूंगा याद रहे। आज मुख्यमंत्री खुद पलामू आ कर नौकरियां बांट रहे हैं, पलामू के लिए ये बहुत बड़ी सौगात है। जनता का हित होता देख इन्हें घबराहट हो रही है कि इनका तंबू जल्द ही जनता, उखाड़ फेंकने वाली है। युवाओं और छात्रों में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी की बढ़ती लोकप्रियता देख, ये लोग बौखलाहट में आ गए हैं। गरीबों को नौकरी मिले ये भाजपा के लोगों को बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है, वरना इनकी अंधभक्तों की ट्रोल सेना का अस्तित्व खतरे में आ जायेगा। आज पलामू के 5132 परिवार को खुशियां देने का काम हेमंत सरकार ने किया है। भाजपाइयों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस घूम कर देखना चाहिए। इनके सरकार में सरकारी विद्यालयों का हाल कितना बुरा था और आज ये उत्कृष्ट विद्यालय प्राइवेट स्कूलों को भी टक्कर दे रहे हैं। छात्रों के भविष्य को संवारने के साथ-साथ हेमंत सरकार युवाओं को नियुक्तियां भी दे रही है। पांच साल तक बांटने और ठगने वाली रघुबर दास की सरकार नहीं है अब झारखंड में। जनता की आवाज इस सरकार में सुनी भी जाती है और उनकी समस्याओं का हल भी निकलता है।

## बंगाल के मनरेगा फंड विवाद का समाधान करेगी केंद्र सरकार

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का फंड भुगतान नहीं किए जाने को लेकर छिड़े विवाद के समाधान की संभावना दिख रही है। पता चला है कि केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले इस मुद्दे को हल कर देना चाहती है ताकि तृणमूल कांग्रेस इसे चुनावी मुद्दा ना बना सके।

राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया, राज्यपाल सीवी आनंद बोस के हस्तक्षेप के बाद केंद्र सरकार की ओर मामले के समाधान की गुंजाइश दिख रही है।पता चला है कि राज्यपाल ने अभिषेक बनर्जी सहित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं के साथ बैठक के बाद, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह से इस मुद्दे पर बात की थी।

सिंह ने इसके बाद बकाए के भुगतान पर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए कार्रवाई करने का वादा किया। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने संकेत दिया कि बकाया राशि के जल्द ही जारी होने की संभावना है लेकिन इसे लेकर कोई समय सीमा नहीं दी गई है।हालांकि बकाये का भुगतान कुछ शर्तो पर निर्भर करेगा जैसा कि ऑडिट रिपोर्ट की प्रस्तुति और फर्जी जॉब कार्ड धारकों को सूची से बाहर किए जाने की शर्त लगाई जा सकती है। केंद्र सरकार ने पहले कहा था कि दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण पश्चिम बंगाल में ग्रामीण रोजगार योजना के लिए धन जारी नहीं किया गया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा था,केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण मनरेगा, 2005 की धारा 27 के प्रावधान के अनुसार पश्चिम बंगाल राज्य की राशि 9 मार्च, 2022 से रोक दी गई है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस ने मनरेगा के भुगतान के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दिया था।

इसके बाद राज भवन के बाहर भी पांच दिनों तक अभिषेक बनर्जी धरने पर बैठे रहे थे।

